


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

WWW.jagranmorchadaily.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 84 | गुरुवार, 07 मई 2026 | ज्येष्ठ कृष्णा षष्ठी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया




## एक नजर

### लोन नहीं चुकाया तो जब्त हो जाएगी प्रॉपर्टी

**लखनऊ :** क्या आपने बैंक से लोन लिया है और उसे चुका नहीं पा रहे हैं? या फिर आप एक निवेशक हैं जो बैंकिंग सेक्टर पर नजर रखते हैं? तो यह खबर आपके लिए बेहद अहम है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी RBI ने बैंकों और NBFCs के लिए कर्ज वसूली यानी लोन रिकवरी से जुड़े नए नियमों का एक बड़ा मसौदा (Draft) पेश किया है।अब तक बैंक अक्सर कानूनी दांव-पेंच में फंसे रहते थे, लेकिन अब RBI के नए प्रस्ताव के मुताबिक, अगर कोई कर्ज NPA (डूब चुका कर्ज) हो जाता है, तो बैंक वसूली के लिए गिरवी रखी गई जमीन या मकान जैसी अचल संपत्तियों को सीधे अपने कब्जे में ले सकेंगे। इन्हें तकनीकी भाषा में SNFA (Specified Non-Financial Assets) कहा जाएगा। बैंक इन संपत्तियों के मालिक बनकर हमेशा के लिए नहीं बैठ सकते। उन्हें कब्जा लेने के 7 साल के भीतर हर हाल में उस प्रॉपर्टी को बेचना होगा।

### वियतनाम के राष्ट्रपति का दिल्ली में भव्य स्वागत

**दिल्ली।** वियतनाम के राष्ट्रपति टो लैम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर मंगलवार को नयी दिल्ली पहुंचे। वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव रहे लैम का आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने उनका अभिनंदन किया। उनकी तीन दिवसीय यह यात्रा एक महत्वपूर्ण अवसर पर हो रही है, क्योंकि दोनों देश अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे कर रहे हैं। उम्मीद है कि इससे द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी और रक्षा, व्यापार और क्षेत्रीय सुरक्षा सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार होगा। राष्ट्रपति श्री लैम ने राजधानी आने से पहले दिन में बाद में गया का दौरा किया था। उनके साथ मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और एक मजबूत व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल है। जो भारत और वियतनाम के बीच बढ़ते आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को दर्शाता है।

## नई सरकार के गठन से पहले ममता बनर्जी के दो मुख्य सलाहकारों ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यरत दो पूर्व मुख्य सचिव अलपन बंद्योपाध्याय और एच के द्विवेदी ने राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों ने मंगलवार को अपने इस्तीफे सौंप दिए।

राज्य सचिवालय के अधिकारी ने बताया कि प्रख्यात अर्थशास्त्री अभिरूप सरकार ने भी पश्चिम



बंगाल औद्योगिक विकास निगम (डब्ल्यूबीआईडीसी) और पश्चिम बंगाल लघु उद्योग विकास निगम (डब्ल्यूबीएसआईडीसी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बताया कि इन इस्तीफों के बाद आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं।

बंद्योपाध्याय के 2021 में तबादले को लेकर राज्य और केंद्र के बीच विवाद भी हुआ था। बाद में सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें मुख्यमंत्री का मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया था। इससे पहले राज्य के महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने भी राज्यपाल आर एन रवि को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। राज्य में 294 सदस्यीय विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी ने 207 सीटें जीतकर तृणमूल कांग्रेस के 15 वर्षों के निरंतर शासन का अंत कर दिया है।

## पश्चिम बंगाल : चुनाव आयोग ने राज्यपाल को सौंपी 293 विजयी सदस्यों की सूची

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने बुधवार को लोक भवन में राज्यपाल आरएन रवि से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात के दौरान हाल ही में संपन्न राज्य के विधानसभा चुनाव के बाद नवगठित विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों के नामों वाली राजपत्र अधिसूचना राज्यपाल को सौंपने की वैधानिक औपचारिकता पूरी की।

बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अग्रवाल ने कहा कि फाल्टा निर्वाचन क्षेत्र में लंबित मतदान प्रक्रिया को छोड़कर



विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग की भूमिका समाप्त हो गई है। सीईओ ने कहा, ''मैं राजपत्र अधिसूचना सौंपने की वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने आया था, जो किसी भी चुनाव के बाद की जाती है। निर्वाचित विधायकों की सूची सौंप दी गई है।''

उन्होंने कहा, ''अब विधानसभा का गठन लोक भवन का काम है। फाल्टा में चुनाव प्रक्रिया पूरी करने के अलावा निर्वाचन आयोग की भूमिका समाप्त हो गई है।'' परिणामों की घोषणा के बाद राजपत्र अधिसूचना सौंपना एक अनिवार्य संवैधानिक प्रक्रिया है, जो राज्यपाल के लिए नई विधानसभा के गठन और सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू करने का मार्ग प्रशस्त करती है। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 207 सीट पर जीत हासिल करके तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत कर दिया। तृणमूल कांग्रेस को केवल 80 सीट पर जीत मिली है। हालांकि, ममता बनर्जी ने अभी तक राज्यपाल को मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा नहीं सौंपा है।

# कांग्रेस ने टीवीके को दिया समर्थन, 7 मई को मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे एक्टर विजय

### कांग्रेस के समर्थन देने के ऐलान से टीवीके का संख्याबल 113 तक पहुंचा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी टीवीके को समर्थन देने का फैसला किया है। कांग्रेस के साथ आने से टीवीके का संख्याबल अब 113 (टीवीके 108+ कांग्रेस 5) पहुंच गया है। कांग्रेस के टीवीके के साथ जाने पर डीएमके ने इसे गद्दारी बताया है। कांग्रेस ने टीवीके को समर्थन देने का ऐलान किया है, हालांकि कांग्रेस सरकार में शामिल होगी या फिर नहीं यह आने वाले दिनों में साफ होगा। दरअसल टीवीके की बड़ी जीत पर एक्टर विजय के पिता ने कांग्रेस से समर्थन की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस को टीवीके के साथ आने चाहिए। 234 सदस्यों वाली तमिलनाडु विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 118 सीटों का है।

दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में एक बैठक में टीवीके को समर्थन देने का निर्णय लिया





गया। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एक्टर विजय ने खुद समर्थन मांगा था। कांग्रेस ने तमिलनाडु में टीवीके की अगुवाई वाली सरकार को समर्थन राज्य में धर्मनिरपेक्ष सरकार के गठन के लिए दिया है। कांग्रेस की उद्देश्य है कि राज्य में बीजेपी सत्ता से दूर रहे। टीवीके 108 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, लेकिन बहुमत (118) से 10 सीटें दूर है। कांग्रेस के 5 विधायकों के साथ आने से वह बहुमत के करीब पहुंच रही है। चर्चा है कि इस समर्थन के बदले कांग्रेस टीवीके कैबिनेट में 2 मंत्री पदों की मांग कर सकती है।

TVK और तमिलनाडु कांग्रेस के बीच यह गठबंधन, आने वाले वर्षों और दशकों में 'पेरियार' के सामाजिक न्याय के आदर्शों और डॉ. बी.आर. अंबेडकर के संवैधानिक आदर्शों के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता के साथ, तमिलनाडु में 'पेरुंथलाइवर कामराज' के गौरवशाली दिनों को वापस लाने का प्रयास करेगा। यह गठबंधन न केवल इस सरकार के गठन के लिए है, बल्कि स्थानीय निकायों, लोकसभा और राज्यसभा के भविष्य के चुनावों के लिए भी है। विजय और राहुल गांधी मिलकर तमिलनाडु की जनता के सपनों को पूरा करेंगे। तमिलनाडु में मौजूद विधानसभा का कार्यकाल 10 मई तक है। ऐसे में सरकार का गठन इससे पहले होना जरूरी है। कांग्रेस के समर्थन देने के ऐलान से टीवीके का संख्याबल 113 तक पहुंच गया है।

राज्य में गैर डीएमके और गैर एआईडीएमके दलों के पास 11 सीटें हैं। इनमें कांग्रेस के पांच विधायक है। टीवीके की नजर छोटी पार्टियों को साथ लेकर सरकार बनाने की है। कांग्रेस के अलावा पीएमके और एमएमके जैसी पार्टियां भी साथ जा सकती हैं। इसके अलावा सीपीआई और आईयूएमएल के पास दो-दो विधायक हैं।

एक्टर विजय का शपथ ग्रहण समारोह चेन्नई के नेहरू स्टेडियम में हो सकता है। इसमें राहुल गांधी भी मौजूद रह सकते हैं, हालांकि अभी इसकी सिर्फ संभावना जताई जा रही है।

## ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने को तैयार, अमेरिका-इजरायल की नो-एंट्री

**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि अब जब "आक्रामक धमकियां" निष्प्रभावी हो गई हैं तो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जहाजों की आवाजाही सुरक्षित और स्थिर बनी रहेगी। आईआरजीसी की नौसेना ने खाड़ी और ओमान की खाड़ी में जहाजों के कप्तानों और मालिकों का आभार जताया है, जिन्होंने नए ईरानी नियमों का पालन करते हुए इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरने में सहयोग किया।

एक्स पर जारी बयान के अनुसार, नए प्रोटोकॉल लागू होने के बाद "दोषमुक्त" जहाजों के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही कुछ शर्तों की ओर भी इशारा किया गया है। आईआरजीसी ने इस जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के लिए दिशानिर्देश जारी करते हुए चेतावनी दी कि अमेरिकी सैन्य बलों के लिए हथियार या गोला-बारूद ले जाने वाले जहाजों को रोका जा सकता है।

यह बयान ट्रंप की उस पोस्ट



के बाद जारी किया गया है जिसमें उन्होंने फिलहाल प्रोजेक्ट फ्रीडम पर रोक लगाने की बात कही थी। उन्होंने मंगलवार शाम सोशल पोस्ट में कहा कि यह फैसला पाकिस्तान और अन्य देशों के अनुरोध पर लिया गया है, साथ ही ईरान के साथ संभावित शांति समझौते की दिशा में हो रही प्रगति को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि "प्रोजेक्ट फ्रीडम" को "कुछ समय के लिए रोका जा रहा है, ताकि यह देखा जा सके कि क्या ईरान के साथ अंतिम समझौता पूरा किया जा सकता है।" हालांकि, अमेरिका द्वारा ईरानी बंदरगाहों पर लगाया गया दबाव और नाकाबंदी फिलहाल जारी रहेगी। बता दें कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार और समुद्री सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स नेवी ने खाड़ी और ओमान की खाड़ी में मौजूद जहाजों के कप्तानों और मालिकों को ईरान के नए नियमों का पालन करने में सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया है। उसने कहा है कि नए प्रोटोकॉल लागू होने के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और स्थिर आवागमन सुनिश्चित किया जाएगा।

## राहुल गांधी ने भाजपा पर साधा निशाना हरियाणा सरकार को बताया घुसपैठिया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (BJP) को मिली बंपर जीत विपक्ष के ज्यादातर नेताओं के गले नहीं उतर रही है। एक तरफ TMC चीफ और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हार के बाद भी इस्तीफा देने से इनकार कर चुकी हैं तो वहीं अब लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस लीडर राहुल गांधी ने बीजेपी पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने दावा किया है कि हर छठा सांसद (बीजेपी का) वोट चोरी से जीता है। उन्होंने कहा है कि अगर निष्पक्ष चुनाव होंगे तो बीजेपी 140 सीटें भी नहीं जीत पाएगी।

वोट चोरी से कभी सीटें चुराई



जाती हैं, कभी पूरी सरकार। लोकसभा के 240 BJP सांसदों में से, मोटे तौर पर हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता है। पहचानना मुश्किल नहीं- क्या उन्हें BJP की भाषा में 'घुसपैठिए' कहें? और हरियाणा? वहां तो पूरी सरकार ही 'घुसपैठिया' है। जो संस्थाएं अपनी जेब में रखते हैं, जो मतदाता सूचियों और चुनावी प्रक्रिया को तोड़-मरोड़ देते हैं- वो खुद 'remote controlled' हैं। उन्हें असली डर सच्चाई का है। क्योंकि निष्पक्ष चुनाव हो जाएं, तो आज ये 140 के पास भी नहीं जीत सकते।

राहुल गांधी ने इससे पहले पश्चिम बंगाल और असम के नतीजों के बाद भी बीजेपी पर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि असम और पश्चिम बंगाल में 'जनादेश की चोरी' देश के लोकतंत्र को नष्ट करने के भारतीय जनता पार्टी के 'मिशन' के तहत उठाया गया बड़ा कदम है।

## बंगाल चुनावों में ऐतिहासिक जीत पर ट्रंप ने पीएम मोदी को बधाई दी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विधानसभा चुनावों में उनकी 'ऐतिहासिक और निर्णायक' जीत पर बधाई दी है। व्हाइट हाउस के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कुश देशाई ने कहा, ''पिछले महीने ही फोन पर बातचीत में राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा की थी और कहा कि भारत कितना भाग्यशाली है कि उसे प्रधानमंत्री मोदी जैसा नेता मिला है।''

उन्होंने कहा, ''राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को (विधानसभा) चुनाव में ऐतिहासिक और निर्णायक जीत पर बधाई दी।''



भाजपा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल कर इतिहास रच दिया और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 15 साल के शासन का अंत कर दिया। पार्टी ने असम में लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखी।

## भाजपा ने चुनाव में बेईमानी की, इसके सैकड़ों वीडियो और शिकायतों के बंडल मेरे पास मौजूद : अखिलेश

**लखनऊ :** अखिलेश यादव ने भाजपा पर चुनाव में धांधली के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर अनियमितताएं हुईं और उनके पास इसके सबूत हैं। उपचुनाव को लेकर भी उन्होंने चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे लोकतंत्र के लिए चिंताजनक बताया।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि INDIA गठबंधन लोकसभा चुनाव में आखिरी वक्त तक मजबूती से खड़ा रहा और जीत हासिल की, लेकिन अल्पमत की



सरकार बनने के बाद भी विपक्षी दलों के साथ बेईमानी की गई। अखिलेश यादव ने चंडीगढ़ और कुंदरकी सहित विभिन्न स्थानों पर हुई कथित अनियमितताओं को लेकर भाजपा के '10 नम्बरी मॉडल' का जिक्र किया।

आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी प्रक्रिया में धांधली कर सत्ता बनाए रखने की कोशिश कर रही है। कुंदरकी और रामपुर उपचुनाव को लेकर अखिलेश यादव ने सबसे तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इन चुनावों में भारी धांधली हुई है। उन्होंने इसे 'मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया' का खेल बताया और आरोप लगाया कि वोटों की डकैती की गई। अखिलेश ने बंगाल हिंसा की निंदा की और सुप्रीम कोर्ट से अपील की कि बंगाल चुनाव परिणाम पर संज्ञान ले तथा मतगणना लाइव प्रसारित की जाए। उन्होंने कहा कि INDIA गठबंधन बना रहेगा और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई जारी रहेगी।

## बंगाल चुनाव के बाद भड़की हिंसा पर पुलिस का एक्शन, 200 लोगों पर रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। भाजपा की बड़ी जीत और तृणमूल कांग्रेस के 15 साल बाद सत्ता से बाहर होने के बाद राज्य के कई हिस्सों से हिंसा, तोड़फोड़ और झड़पों की खबरें सामने आईं। इन घटनाओं के बीच पुलिस प्रशासन ने अब स्थिति को नियंत्रण में होने का दावा किया है। प्रदेश के डीजीपी के मुताबिक, 200 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई है और 400 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सिद्ध नाथ गुप्ता ने कहा कि चुनाव के बाद भड़की हिंसा को लेकर सख्त कार्रवाई की गई है. उन्होंने बताया कि अब तक 200 से अधिक एफआईआर दर्ज



की जा चुकी हैं और 433 लोगों को विभिन्न मामलों में गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न धाराओं में 1100 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। डीजीपी के मुताबिक, इन कार्रवाइयों के बाद आज सुबह से किसी भी तरह की नई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है और हालात अब शांत हैं।

**समझौता** | हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ेगा सहयोग

## दुर्लभ खनिज और रक्षा क्षेत्र में भारत-वियतनाम की सुपर डील

**दिल्ली।** भारत और वियतनाम ने द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ बनाने के लिए दुर्लभ खनिज , रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी सहित 12 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने के साथ-साथ कई अहम घोषणाएं भी की हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत की यात्रा पर आये वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के बीच बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये।

दोनों देशों ने संबंधों को "एन्हांस्ड कॉम्प्रिहेन्सिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप" तक उन्नत करने का निर्णय लिया जो हिन्द -प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते सहयोग और रणनीतिक सामंजस्य को बताता है। इन समझौतों के तहत कई क्षेत्रों में



सहयोग बढाने पर सहमति बनी है, विशेष रूप से, दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ एलिमेंट्) के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक अहम समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये जो इलेक्ट्रॉनिकी, नवीकरणीय ऊर्जा और रक्षा जैसे क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है।

डिजिटल क्षेत्र में, सूचना प्रौद्योगिकी और उभरती तकनीकों में सहयोग को मजबूत करने पर भी सहमति बनी है। इसके साथ ही वित्तीय सहयोग को बढ़ाते हुए दोनों देशों के केंद्रीय बैंकों और भुगतान संस्थाओं के बीच समझौते हुए हैं, जिनसे सीमा-पार डिजिटल भुगतान और क्यू आर आधारित लेनदेन को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सहयोग मजबूत करने का निर्णय लिया गया है। इसमें दवाइयों, चिकित्सा उपकरणों और जैविक उत्पादों के नियमन से जुड़े समझौते किए गए हैं। शिक्षा और सांस्कृतिक क्षेत्र में कई पहलें शुरू की गई हैं, जिनमें वियतनाम के विश्वविद्यालयों में भारतीय अध्ययन केंद्र स्थापित करना और प्राचीन चाम पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण शामिल है, जो दोनों देशों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करेगा। शहरी विकास के क्षेत्र में मुंबई और हो ची मिन्ह सिटी के बीच सहयोग स्थापित किया गया है, जिससे शहरी प्रबंधन और आर्थिक विकास के अनुभवों का आदान-प्रदान होगा। इसके अलावा, सार्वजनिक क्षेत्र के ऑडिट में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भी दोनों देशों ने सहयोग को आगे बढ़ाया है। पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने के लिए 2026 से 2030 तक के लिए सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम और पर्यटन समझौते किए गए हैं, जो लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करेंगे।

## एलन मस्क ने भारतीय स्टार्टअप गैलेक्सआई को दी बधाई

**वाशिंगटन।** स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सआई को 'मिशन दृष्टि' उपग्रह के सफल प्रक्षेपण पर बधाई दी। मस्क ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर ''बधाई'' लिखकर यह प्रतिक्रिया दी, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस पोस्ट के जवाब में थी, जिसमें उन्होंने मिशन दृष्टि के प्रक्षेपण पर गैलेक्सआई को बधाई दी थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस प्रक्षेपण को भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि बताया और इसे देश के बढ़ते नवाचार तंत्र का प्रतीक कहा था। मोदी ने कहा,



''गैलेक्सआई का मिशन दृष्टि हमारी अंतरिक्ष यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है।

दुनिया के पहले ऑप्टोसार उपग्रह एवं भारत में निर्मित सबसे बड़े निजी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारे युवाओं के जुनून का प्रमाण है।'' यह उपग्रह स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए रविवार को कैलिफोर्निया से प्रक्षेपित किया गया।

**एक नजर**

### पैसे के लेन देन में हुई हत्या का तीसरा आरोपी चाकू के सिथ गिरफ्तार

**बदायूँ।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सोथा नई बस्ती में पैसे के लेन देन को लेकर हुई हत्या के मामले में पुलिस ने वांछित तीसरे आरोपी को आलाकत्ल चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भिजवाया। वादी इक्तेदार अहमद, निवासी नई सराय ने तहरीर देकर बताया था कि 3 मई को उसका साला शाहिद हुसैन पुत्र अरशद हुसैन निवासी चौधरी सराय काम करके घर जा रहा था। गुड्डू हलवाई के सामने वाली गली में नईम, फजल पुत्र अमीनउद्दीन और वासिफ पुत्र फरहत निवासी मोहल्ला चौधरी सराय नई बस्ती ने घेरकर रुपये के लेन देन के विवाद में घातक हथियारों से हमला कर हत्या कर दी थी। इस मामले में थाना कोतवाली पर मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना में तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने पहले ही नईम और वासिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने आज 6 मई को वांछित चल रहे फजल पुत्र अमीनउद्दीन को ऊंची ज्यारत के पास से गिरफ्तार कर लिया उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भिजवा दिया।

# बरेली के 4 अस्पताल समेत यूपी के 84 अस्पताल सस्पेंड

## मुफ्त इलाज पर लगी रोक, आयुष्मान कार्ड धारकों को बड़ा झटका

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** आयुष्मान भारत योजना में बड़ा झटका लगा है। नए पोर्टल एचईएम 2.0 पर जानकारी अपडेट न करने की लापरवाही बरेली के चार निजी अस्पतालों पर भारी पड़ गई। प्रदेश स्तर पर हुई कार्रवाई में इन अस्पतालों को योजना से सस्पेंड कर दिया गया है।

अब यहां आयुष्मान कार्ड धारकों का मुफ्त इलाज नहीं हो सकेगा। इस फैसले के बाद गरीब और जरूरतमंद मरीजों की मुश्किलें बढ़ना तय मानी जा रही हैं।कार्यदायी संस्था साचिज ने आयुष्मान योजना से जुड़े सभी अस्पतालों को हास्पिटल इंपैनलमेंट मॉड्यूल 2.0 यानी एचईएम 2.0 पर माइग्रेट होने का निर्देश दिया था। अस्पतालों को अपने डॉक्टरों, स्टाफ, बेड, मशीनों और इलाज की सुविधाओं का पूरा ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड करना था। इसके लिए समय सीमा भी तय की गई थी, लेकिन कई अस्पतालों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।कार्रवाई की जद में आए बरेली के अस्पतालों में मेजर नर्सिंग होम, मुकुंद हेल्थ केयर, न्यू अपेक्स अस्पताल और सनराइज मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल शामिल हैं। सस्पेंशन के बाद इन अस्पतालों में अब आयुष्मान योजना के तहत मरीज भर्ती नहीं किए जा सकेंगे। अगर कोई अस्पताल इलाज करता भी है तो उसका क्लेम पास नहीं होगा। इससे अस्पतालों के साथ-साथ मरीजों पर भी सीधा असर पड़ेगा। सिर्फ बरेली ही नहीं, पूरे उत्तर प्रदेश में 84 अस्पतालों पर यह कार्रवाई की गई है। सबसे ज्यादा 25 अस्पताल लखनऊ के हैं। इसके अलावा गाजियाबाद के 9, बिजनौर के 5, प्रयागराज और फर्रुखाबाद के 3-3 अस्पताल भी सस्पेंड किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद निजी अस्पतालों में हड़कंप मचा हुआ है।

### गरीब मरीजों की बढ़ी चिंता

आयुष्मान योजना गरीब परिवारों के लिए बड़ी राहत मानी जाती है। ऐसे में जिन अस्पतालों में मरीज इलाज कराते थे, वहां अचानक सेवाएं बंद होने से लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। खासकर गंभीर बीमारी वाले मरीजों को अब दूसरे अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ेंगे। कई मरीजों और तीमारदारों को अभी तक इस कार्रवाई की जानकारी भी नहीं है। आयुष्मान योजना के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि एचईएम 2.0 पोर्टल पर माइग्रेशन सभी अस्पतालों के लिए अनिवार्य किया गया था। जो अस्पताल निर्धारित समय में प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए, उन्हें फिलहाल योजना से सस्पेंड किया गया है। जब तक नियम पूरे नहीं होंगे, तब तक इन अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत इलाज की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# पति की मौत के बाद जमकर हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के सम्राट अशोक नगर में युवक की मौत के बाद अंतिम संस्कार के दौरान ऐसा बवाल हुआ कि गाली-गलौज से शुरू होकर विवाद देखते ही देखते मारपीट और पथराव में बदल गया। दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए, जबकि एक युवक के सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 17 नामजद समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सम्राट अशोक नगर निवासी दिलीप कुमार की 4 मई को विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से मौत हो गई थी। अगले दिन 5 मई को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। परिवार में अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी, तभी दिलीप की पत्नी मुस्कान के पक्ष और मृतक के परिजनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। कुछ ही देर में मामला इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने लगे।एक पक्ष की ओर से शैलेन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि मुस्कान के परिजन मनोज, नीरज, साहिल, बृंदा, अरुण कुमार और सौरभ समेत अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट में उसके बहनोई राकेश के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।


हंगामे के दौरान रोती-बिलखतीं महिलाएं। -जागरण मोर्चा

### महिला और मासूम की जान को खतरे का आरोप

वहीं दूसरे पक्ष की ओर से साहिल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि शैलेन्द्र, सीमा, सुलोचना, वेदपाल, रामपाल, तेजपाल, सचिन, कमल, बंटी, विनीत कौशल समेत अन्य लोगों ने हमला बोल दिया। आरोप है कि घर पर ईंट-पत्थर फेंके गए, जिससे कई लोग घायल हो गए। साहिल ने तहरीर में मुस्कान और उसके दो माह के बच्चे की जान को खतरा भी बताया है।

### दोनों पक्षों पर केस, जांच में जुटी पुलिस

थाना बारादरी पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर कुल 17 नामजद लोगों समेत कई अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और घटना के दौरान मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस निगरानी भी बढ़ा दी गई है।

# महिला डॉक्टर शोषण कांड के बाद बरेली में बवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर के एक जिम में महिला चिकित्सक के साथ हुए यौन शोषण के मामले ने अब राजनीतिक और सामाजिक तूल पकड़ लिया है। इस घटना के विरोध में बुधवार को अखिल भारत हिंदू महासभा ने मोर्चा खोलते हुए जिलाधिकारी अविनाश सिंह को ज्ञापन सौंपा।

मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने जिले के सभी जिमों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और संचालकों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य करने की मांग की है।महासभा के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि शहर के कुछ जिमों में महिलाओं को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। ज्ञापन में मिनी बाइपास स्थित एक जिम में दिल्ली से आई महिला और उसके परिजनों के साथ हुई मारपीट का भी हवाला दिया गया। संगठन का कहना है कि बदनामी के डर से कई महिलाएं सामने नहीं आ पा रही हैं, जो किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा करता है। हिंदू महासभा ने प्रशासन से मांग की है कि प्रत्येक जिम में महिला ट्रेनर की नियुक्ति अनिवार्य हो और जहां महिला ट्रेनर न हो, वहां महिलाओं के प्रवेश पर रोक लगाई जाए। साथ ही, जिमों की नियमित जांच के लिए महिला पुलिस अधिकारियों की एक विशेष टीम गठित करने का सुझाव दिया गया है। जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

# फर्जी दरोगा ने शिक्षिका से ठगे 22.50 लाख

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र में मैट्रिमोनियल साइट के जरिए हुई दोस्ती एक शिक्षिका के लिए भारी पड़ गई। उत्तराखंड के काशीपुर निवासी रितिक कंबोज ने खुद को सब-इंस्पेक्टर बताकर शिक्षिका को प्रेम जाल में फंसाया और गाजियाबाद के एक मंदिर में शादी रचाई।शादी के बाद आरोपी ने मकान खरीदने के नाम पर शिक्षिका से 20 लाख रुपये ऐंठ लिए और बाद में पानी के प्लांट के बहाने 2.50 लाख रुपये और ले लिए। कुल 22.50 लाख रुपये हड़पने के बाद जब आरोपी ने टालमटोल शुरू की, तो शिक्षिका को उसके फर्जीवाड़ा का पता चला। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सिरसौली में गरीब बेटी की शादी बनी जनसहयोग का उदाहरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उझानी क्षेत्र के गांव सिरसौली में एक गरीब बेटी की शादी जनसहयोग से भव्य आयोजन का रूप ले चुकी है। पिता के गंभीर बीमारी से जूझने के बीच समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों ने आगे आकर जिम्मेदारी संभाली, जिससे यह विवाह अब मिसाल बनता नजर आ रहा है।

विकासखंड उझानी के गांव सिरसौली में एक गरीब बेटी का विवाह समारोह सामाजिक एकजुटता और मानवता की अनूठी मिसाल बन गया है। सात मई को होने वाले इस विवाह को लेकर गांव में उत्सव जैसा माहौल है। पूरे गांव को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है और रात्रि में शहनाई की गूंज के साथ भव्य आयोजन किया जाएगा। इस विवाह समारोह की खास बात यह है कि लड़की के


गरीब बेटी का घर व बीमार पिता। -जागरण मोर्चा

पिता होरीलाल कैंसर से पीड़ित हैं और जीवन के अंतिम चरण में हैं। ऐसी विषम परिस्थितियों में किसान नेता राजेश कुमार सक्सेना ने आगे बढ़कर बेटी के विवाह की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले ली। उनके इस कदम से समाज के अन्य लोग भी प्रेरित हुए और बड़ी संख्या में लोगों ने सहयोग का हाथ बढ़ाया। मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि इस आयोजन की शुरुआत उन्होंने की थी, जिसके बाद यूनियन के सदर तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सलारपुर पप्पू सैफी, बृजपाल प्रजापति, आरिफ गाजी सहित कई लोगों ने तन-मन-धन से सहयोग किया। उन्होंने बताया कि भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी उन्होंने स्वयं ली है, जबकि टेंट की व्यवस्था पूर्व फौजी रमेश पाल सिंह द्वारा कराई गई है। गांव के अनेक भले लोगों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है।

इनमें पूर्व प्रधान चंद्रभान सिंह, प्रवेंद्र सिंह, सतीश यादव, पूरनलाल कुशवाहा, शिव सिंह प्रजापति, पूर्व फौजी जितेंद्र सिंह, राजेश शर्मा, हीरालाल राजपूत, नरेंद्र कुशवाह सहित कई अन्य सहयोगी शामिल हैं, जो इस शादी को सफल बनाने में जुटे हैं। इस विवाह समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर कई जनप्रतिनिधियों के पहुंचने की भी संभावना है। प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री व नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी क्षेत्र के विधायक हरीश शाक्य, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सक्सेना, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हीरालाल कश्यप, सांसद प्रतिनिधि अनिल सहित अन्य गणमान्य लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजकों के अनुसार, इस आयोजन को लेकर गांव में मेले जैसा माहौल रहेगा। दूर-दूर से लोग इस अनूठे विवाह के साक्षी बनने पहुंच रहे हैं। यह आयोजन न केवल एक बेटी के विवाह का अवसर है, बल्कि समाज में सहयोग, संवेदना और एकता का संदेश भी दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह का आयोजन पहले कभी नहीं देखा गया। एक जरूरतमंद परिवार की मदद के लिए जिस तरह पूरा समाज एकजुट हुआ है, वह आने वाले समय के लिए प्रेरणा बनेगा। कुल मिलाकर, सिरसौली गांव में होने वाला यह विवाह समारोह सामाजिक सरोकारों और मानवीय मूल्यों की मिसाल पेश करते हुए इतिहास रचने की ओर अग्रसर है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मई को होगा वादों के निस्तारण का मिलेगा अवसर

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बदायूं।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक संगल के मार्गदर्शन में नौ मई को प्रातः 10:00 बजे से जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में किसी भी प्रकार का न्याय शुल्क देय नहीं होता है तथा लंबित वादों के निस्तारण पर पूर्व में जमा न्याय शुल्क की वापसी का भी प्रावधान है। लोक अदालत के निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं की जाती है, जिससे पक्षकारों को त्वरित एवं अंतिम न्याय प्राप्त होता है। लोक अदालत की प्रक्रिया सरल, सुलभ एवं पारस्परिक सहमति पर आधारित होती है। इस लोक अदालत में सिविल प्रकृति के वाद, आपराधिक शमनीय वाद, राजस्व वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम से संबंधित प्रकरण, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत, जलकर एवं दूरसंचार बिल से संबंधित विवादों सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ऐसे विवाद जो अभी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुए हैं, उन्हें भी प्री-लिटीगेशन स्तर पर सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित कराया जा सकता है। जनपद के समस्त नागरिकों एवं वादकारीगण से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण कराएं तथा 09 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# नाजायज तमंचे के साथ वांछित गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त फैज उर्फ फैजल इस्लाम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 20 अप्रैल 2026 को ग्राम बहादुरगंज नीचा की एक महिला पर धारदार हथियार से हमला करने और गाली-गलौज का आरोप था।बुधवार को नईम फार्म के पास गश्त के दौरान उपनिरीक्षक मोहित मावी की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से एक 12 बोर का नाजायज तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया है।

# राहत : अब बरेली में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जिले में प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर मचे बवाल के बीच आखिरकार बिजली विभाग और सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा है। उपभोक्ताओं के लगातार विरोध और बढ़ती शिकायतों के बाद जिले में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का काम फिलहाल रोक दिया गया है।

अब चर्चा है कि जिन उपभोक्ताओं के मीटर प्रीपेड किए गए थे, उन्हें दोबारा पोस्टपेड सिस्टम में बदला जा सकता है। यानी मीटर स्मार्ट रहेंगे, लेकिन बिजली बिल पहले की तरह महीने में जमा करना होगा। करीब छह महीने पहले जिले में बड़े स्तर पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत की गई थी। शुरुआत से ही उपभोक्ताओं ने इस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए थे। लोगों का कहना था कि बैलेंस खत्म होते ही बिजली सप्लाई तुरंत बंद हो जाती है, जिससे परिवारों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। खासकर रात के समय बिजली कटने से लोगों में नाराजगी बढ़ती चली गई। उपभोक्ताओं के गुस्से को देखते हुए विभाग ने पहले सरकारी कार्यालयों और विभागीय परिसरों में स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान चलाया था। इस दौरान बिजली विभाग के कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन उस समय विभाग ने अभियान जारी रखा। धीरे-धीरे जिले में करीब एक लाख 30 हजार उपभोक्ताओं के कनेक्शन प्रीपेड स्मार्ट मीटर से जोड़ दिए गए।प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं की शिकायतें लगातार बढ़ने लगीं। लोगों ने आरोप लगाया कि मीटर तेज चल रहे हैं और पहले की तुलना में ज्यादा बिल आ रहा है। सबसे बड़ी परेशानी यह रही कि बैलेंस माइनस होते ही बिजली कनेक्शन तुरंत कट जा रहा था। हजारों उपभोक्ताओं को हर समय रिचार्ज खत्म होने की चिंता सताने लगी थी। सूत्रों के मुताबिक, उपभोक्ताओं के बढ़ते विरोध को देखते हुए मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री स्तर से प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का काम रोकने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि विभागीय अधिकारी अभी तक मुख्यालय से लिखित आदेश न मिलने की बात कह रहे हैं, लेकिन अंदरखाने यह चर्चा तेज है कि मुख्यालय स्तर से ही प्रीपेड मीटरों को फिर पोस्टपेड सिस्टम में बदला जाएगा।

### उपभोक्ताओं को मिली बड़ी राहत

प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर रोक लगने के बाद उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है। अब हर समय बैलेंस खत्म होने और बिजली कटने की टेंशन खत्म होती नजर आ रही है। लोगों को उम्मीद है कि पहले की तरह महीने में एक बार बिल जमा करने की व्यवस्था फिर लागू होगी। बिजली विभाग ने स्मार्ट मीटर और बिल संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए उपकेंद्रों पर मेगा कैंप लगाने का निर्णय लिया है। विभाग की ओर से 6, 8, 13, 20, 22 और 27 मई को विभिन्न उपकेंद्रों पर कैंप लगाए जाएंगे। मुख्य अभियंता नगरीय क्षेत्र ज्ञान प्रकाश ने बताया कि कैंप में उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनकर उनका समाधान कराया जाएगा और विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

**भक्ति रस** | जगतगुरु स्वामी रामचंद्राचार्य महाराज ने बताया धर्म और सत्य का मार्ग

# श्रीमद् भागवत कथा में परीक्षित जन्म प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अब्दुल्लागंज में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास पूज्य जगतगुरु स्वामी जी महाराज ने परीक्षित जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए भगवान की शरणागति का महत्व बताया।

अब्दुल्लागंज में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर बुधवार को धार्मिक वातावरण भक्ति रस में सराबोर नजर आया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया। कथा व्यास पूज्य श्री जगतगुरु स्वामी रामचंद्रा चार्य महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत परीक्षित जन्म प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने पांडवों के


जगतगुरु स्वामी जी महाराज।


अब्दुल्लागंज में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर उपस्थित श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

आदर्श चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके जीवन में धर्म, सत्य और भगवान के प्रति अटूट आस्था थी, जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक है। स्वामी जी महाराज ने कहा कि जब महाराज परीक्षित गर्भ में थे, उस समय भगवान ने स्वयं उनकी रक्षा की थी। यह प्रसंग इस बात का प्रतीक है कि जब कोई व्यक्ति पूर्ण रूप से भगवान की शरण में चला जाता है, तो भगवान उसकी हर पल रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे एक मां अपने बच्चों की हर परिस्थिति में रक्षा करती है, उसी प्रकार भगवान भी अपने भक्तों का सदैव ध्यान रखते हैं और उन्हें हर संकट से उबारते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा और भक्ति भाव रखें। कठिन परिस्थितियों में भी विश्वास न खोएं, क्योंकि भगवान हर समय अपने भक्तों के साथ रहते हैं। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण और भी भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भावविभोर होकर कथा का आनंद लेते रहे। इस अवसर पर कमला कांत जी महाराज, राजीव लोचन जी, ओमप्रकाश शर्मा, वीरेश शर्मा, गिरीश कुमार सिंह सिसौदिया, संतोष कुमार कश्यप, ब्रह्मानंद, अजब सिंह यादव, जसवीर यादव, सचिन सिंह, नितिन शर्मा, ममता शर्मा, असमी उपाध्याय, ओम साहू, प्रमोद कुमार शर्मा, वाचस्पति मिश्र, भगवान स्वरूप, राजवीर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के सफल आयोजन में स्थानीय समिति का विशेष योगदान रहा। आयोजकों ने बताया कि कथा का आयोजन आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, जिसमें विभिन्न प्रसंगों का श्रवण कराया जाएगा।

# सुरंग बनाकर तांबा पार करने वाले तीन बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली के सीबीगंज इलाके में पुलिस ने एक शातिर चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसने पद्मावती एसोसिएट फर्म की दीवार के नीचे सुरंग बनाकर करीब 20 लाख रुपये का तांबा (2 टन स्क्रैप) चोरी किया था।

बुधवार को झुमका तिराहा के पास पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जबकि उनके तीसरे साथी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

28 अप्रैल को हुई इस सनसनीखेज चोरी के बाद पुलिस लगातार गिरोह की तलाश में थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बिलवा पुल के पास ई-रिक्शा से आ रहे संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में 24 वर्षीय निजाम और 22 वर्षीय अब्दुल समी के पैर में गोली लगी, जबकि 55 वर्षीय मोहम्मद खालिद को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का 65 किलो तांबा, दो तमंचे, कारतूस, एक ई-रिक्शा और 13 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। घायल बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह संगठित तरीके से सुरंग बनाकर बड़ी चोरियों को अंजाम देता था। आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास और चोरी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### किशोरी के साथ छेड़छाड़ विरोध करने पर जान से मारने की धमकी

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव बिजारखाता में घर में घुसकर किशोरी के साथ बदतमीजी करने और जबरदस्ती करने पर शोर शराबा हो जाने पर युवक किशोरी को धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक को हिरासत में लिया है। बीते 3 मई की रात्रि को लगभग एक बजे गांव का ही नन्हे पुत्र अनवर मोहल्ले के ही एक ग्रामीण के घर में घुस गया। उसकी नाबालिग पुत्री के साथ बदतमीजी करने लगा।जबरदस्ती करने लगा किशोरी ने इस हरकत का विरोध करते हुए शोर शराबा कर दिया। जिससे परिजन जाग गए। युवक किशोरी को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर गांव के ही नन्हे पुत्र अनवर के खिलाफ घर में घुसकर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर लिया है पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है चौकी इंचार्ज सोहन पाल सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है।

### चार घंटे बंद रहेगी बिजली

**रामपुर।** 33/11 केवी अजीतपुर द्वितीय उपकेंद्र के रायपुर फीडर का अनुरक्षण, पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई किए जाने का कार्य कराया जाएगा। इसलिए आपूर्ति सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक पसियापुरा खेड़ा, नबी गंज, शादी की मंडैया, दीक्षित कालेज, रायपुर दामियां बंद रहेगी।

# मूक-बधिर बच्चों के लिए वरदान कॉक्लियर इम्प्लांट योजना



- 6 लाख की सर्जरी व 2 साल का इलाज बिल्कुल फ्री

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अगर आपके आस-पास कोई ऐसा बच्चा है जो जन्म से ही सुनने और बोलने की क्षमता से वंचित है, तो यह जानकारी आपके बेहद काम की है। आर्थिक तंगी या जानकारी के अभाव में अक्सर ऐसे बच्चों का इलाज नहीं हो पाता, लेकिन प्रदेश सरकार की 'कॉक्लियर इम्प्लांट योजना' इन नौनिहालों के जीवन से खामोशी मिटाने के लिए एक बड़ा वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत 0 से 5 वर्ष की आयु के जन्मजात मूक-बधिर बच्चों की 6 लाख रुपये तक की महंगी सर्जरी पूरी तरह निशुल्क कराई जा रही है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल के अनुसार, सरकार का उद्देश्य हर जरूरतमंद बच्चे तक इस योजना का लाभ पहुंचाकर उन्हें एक सामान्य जीवन देना है। कॉक्लियर इम्प्लांट एक बेहद खर्चीली प्रक्रिया है, जिसे आम आदमी के लिए वहन करना मुश्किल होता है। एक बच्चे की सर्जरी पर औसतन छह लाख रुपये का खर्च आता है। इस योजना के तहत मशीन से लेकर सर्जरी तक की पूरी राशि सरकार द्वारा वहन की जा रही है। सर्जरी के बाद बच्चे को भाषा और आवाज की पहचान कराने के लिए रामपुर स्थित सेंटर समेत अन्य केंद्रों पर दो साल तक विशेष स्पीच थेरेपी निशुल्क दी जाती है। इसके अलावा मशीन के रखरखाव, बैटरी आदि का पूरा खर्च भी सरकारी मद से ही दिया जाता है।

### बिना किसी इंतजार के तुरंत मिल रहा लाभ

योजना का सबसे बड़ा पहलू यह है कि इसमें कोई 'वेटिंग लिस्ट' या लंबा इंतजार नहीं है। ब्लॉक और तहसील स्तर पर नियमित रूप से चिन्हांकन शिविर लगाए जाते हैं। इन शिविरों में जो भी पात्र बच्चे मिलते हैं, उनके आवेदन पर तुरंत कार्रवाई की जाती है। चयनित बच्चों की सर्जरी सरकार द्वारा नामित 18 से 20 प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों में कराई जाती है।

### सख्त निगरानी और हेल्पलाइन की सुविधा

योजना में अपात्रों को रोकने और केवल वास्तविक पात्रों तक लाभ पहुंचाने के लिए सख्त जांच होती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र और मेडिकल बोर्ड की गहन जांच के बाद ही बच्चों को इस योजना के लिए चुना जाता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि बच्चा पूरी तरह से मूक-बधिर है। किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक इस नंबर पर संपर्क करके कॉक्लियर इम्प्लान्ट समेत अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी ली जा सकती है।

### योजना का सफल उदाहरण: इन 4 नौनिहालों की लौटी सुनने की क्षमता

यह योजना धरातल पर कितनी कारगर है, इसके आंकड़े भी उत्साहजनक हैं। कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिन चार बच्चों की सफल सर्जरी कराई गई है, उनमें स्वार तहसील के नानकार सेड़ू निवासी रियाज अहमद 17 अक्टूबर 2025, स्वार के ही रायपुर चुन्नावाल की अमायरा उवैश खान (11 मार्च 2026), शाहाबाद के नरेन्द्रपुर के निशांत 12 मार्च और मोहल्ला खास स्वार की अजवानूर शामिल हैं। इन बच्चों के जीवन की खामोशी अब टूट चुकी है। वहीं, मौजूदा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भी दो नए आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिन पर प्रक्रिया चल रही है।

# पुलिस ने 4 अंतर्जनपदीय चोरों को किया गिरफ्तार

## शाहबाद थाना क्षेत्र में हुई चोरी की तीन घटनाओं का किया खुलासा, दो बाइकों समेत अन्य सामान बरामद

- गिरोह बनाकर कई जनपदों में चोरी की घटनाओं को देते थे अंजाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र में अप्रैल माह में तीन जगहों पर हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए शाहबाद पुलिस ने बुधवार को 4 अंतर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से पुलिस ने दो मोटरसाइकिलों समेत अवैध हथियार और कीमती सामान बरामद किया है।

बताते चले कि 11 अप्रैल को शाहबाद के हिम्मतपुर ग्राम सचिवालय में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किए जाने के मामले में अभियोग पंजीकृत किया गया, वही 26 अप्रैल को बमनपुरी गांव ने घर में घुसकर चोरी की घटना और 28 अप्रैल को धुरयाई गांव में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद थाने पर अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसके बाद एसपी ने तीनों चोरियों का जल्द से जल्द खुलासे के निर्देश दिए। शाहबाद पुलिस ने एसपी के निर्देश पर चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए शाहबाद चंदौसी रोड स्थित किला गेट के पास से सम्भल जनपद के गुमथल गांव निवासी जितेंद्र, मनीष, राजेश कुमार और अनिल कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शातिर अपराधियों के पास से दो मोटरसाइकिल, एक तमंचा, तीन चाकू, 30 बेट्री, 10 इन्वर्टर, 10 सोलर पैनल, 2 प्रिंटर, 2 एलईडी टीवी, 2 डेस्कटॉप, डीवीआर, सीसीटीवी, तांबे का तार, सोने चांदी के आभूषण, एक ई रिक्शा, समेत बड़ी मात्रा में सामना बरामद किया है। पुलिस लाइन में एएसपी अनुराग सिंह ने प्रेसवार्ता करके खुलासा किया।



3 जगहों पर हुई चोरी का खुलासा करते एएसपी अनुराग सिंह। -जागरण मोर्चा



शातिर चोरों के पास से बरामद सामान। -जागरण मोर्चा

### अन्य जिलों में भी गैंग बनाकर चोरी की घटनाओं को देते थे अंजाम

शाहबाद। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि यह चारों शातिर चोर गैंग बनाकर आसपास के जिलों सम्भल, बदायूं आदि में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने चोरों की निशानदेही पर अन्य जिलों से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया है।

### शातिर चोरों का आपराधिक इतिहास

पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म के चोर है। अपराधिक इतिहास रहा है। इनके नाम शाहबाद, गंज, संभल के बनियाठेर और बदायूं के फैजगंज थाने में केस दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल प्रदीप कुमार, एसएसआई रामचंद्र सिंह, सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक टीकाराम, एसओजी प्रभारी दीपक मलिक, एसआई सुनील कुमार, एसआई रामबाबू, एसआई दिलीप कुमार आदि रहे।

## चालक के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

**मिलक।** शाहबाद-पटवाई मार्ग पर उदयपुर गांव के पास मंगलवार को तेज रफ्तार डंपर ने सामने से टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में टेंपों में बैठी तीनों सवारियों को गंभीर चोटें आईं। आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पंजाब नगर, थाना सिविल लाइंस निवासी टेम्पो चालक विशेष पुत्र अमर सिंह ने कोतवाली मिलक में तहरीर दी है। उसने बताया कि 1 मई को दोपहर वह अपनी टेंपो से पटवाई जा रहा था। टेंपों में बरसेर, थाना सिरौली, जिला बरेली निवासी प्रतीक पुत्र अजय व शाहबाद क्षेत्र के पैम्पुरा निवासी सुरेश व मोहन स्वरूप पुत्र तेजराम सवार थे। उदयपुर के पास पहुंचते ही शाहबाद की ओर से आ रहे डंपर के चालक ने लापरवाही से गलत दिशा में आकर टेम्पो में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में तीनों यात्रियों को गंभीर चोट आई। सभी को पहले सीएचसी शाहबाद ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## हाईवे पर रोडवेज बस की टक्कर से पिता-पुत्री की मौत

- भोट थाना क्षेत्र में हुआ हादसा,मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**भोट।** बुधवार दोपहर बाद करीब साढ़े चार बजे थाना क्षेत्र के मुंडिया निकट मनकरा गांव निवासी हनीफ अपनी पुत्री स्वालेहा व सानिया के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी से बिलासपुर से अपने घर की ओर लौट रहे थे। रामपुर काठगोदाम नेशनल हाईवे पर मोंगा दाना पानी ढाबे के समीप बने कट के पास पहुंचते ही पीछे की ओर से आ रही नोएडा डिपो की बस ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।हादसे में स्कूटी बस के नीचे फंस गयी और स्कूटी सवार तीनों लोग बस के नीचे दब गए।

सूचना पर थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बस के नीचे दबे घायलों को बाहर निकाला।एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने हनीफ (55 वर्ष) व उनकी पुत्री सानिया( 17 वर्ष ) को मृत घोषित कर दिया।दूसरी पुत्री स्वालेहा (22 वर्ष )की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। चिकित्सकों द्वारा पिता-पुत्री को मृत घोषित करने पर पुलिस ने दोनों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवाया है। थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया की रोडवेज बस की टक्कर से इलेक्ट्रिक स्कूटी सवार पिता व पुत्री की मौत हो गई। एक घायल है।दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर घायल को जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है।



क्षतिग्रस्त बस को ले जाती क्रेन।

# खुशबू गार्डन मामले में आजम खां सहित 12 पर आरोप तय

## आजम खां और पूर्व चेयरमैन वीसी के जरिए हुए पेश, अदीब कोर्ट पहुंचे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** खुशबू गार्डन में पूर्व सांसद जयाप्रदा पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने मामले में बुधवार को कोर्ट ने आजम खान सहित 12 आरोपियों पर आरोप तय कर दिए है। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट में हो रही है।

मामला 2019 का है। कोतवाली थाना क्षेत्र के मोरी गेट स्थित खुशबू गार्डन में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा नेता आजम खां को बनाया गया था। जिसमें आजम खां ने विजयी टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया था। उसके बाद सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद जया प्रदा पर आपत्ति जनक टिप्पणी कर दी थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए थाना कोतवाली में तहरीर के आधार पर पुलिस ने सपा नेता आजम खां,पूर्व चेयरमैन अजहर खां, आजम के बड़े बेटे अदीब आजम खां, सपा कार्यकर्ता रानू खां, महबूब हीरो आदि के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही थी। बुधवार को कोर्ट में सुनवाई के दौरान पूर्व चेयरमैन अजहर खां और आजम खां वीसी के जरिए और अदीब आजम कोर्ट में पेश हुए। सुनवाई करते हुए कोर्ट ने आठों आरोपियों पर आरोप तय कर दिए है।

एपीओ स्वदेश शर्मा ने बताया कि एक मामले में आजम खां सहित 12 आरोपियों पर बुधवार को कोर्ट ने आरोप तय कर दिए हैं।



### शत्रु संपत्ति मामले में आज होगी सुनवाई

सेशन कोर्ट में गुरुवार को सपा नेता आजम खां के शत्रु संपत्ति में पुलिस द्वाराबढ़ाई गई धाराओं में आज सुनवाई होगी। बता दें कि 2019 में सपा नेता आजम खां उनकी पत्नी,बेटे अब्दुल्ल आजम खां सहित कई लोगों को शत्रु संपत्ति मामले में नामजद किया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट दाखिल कर दी थी,लेकिन उसके बाद मामले को दुबारा संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने आजम खां के खिलाफ धाराए बढ़ाते हुए पुन चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले की सुनवाई एमपी एमएलए मजिस्ट्रेट में हो रही थी। जहां कोर्ट ने कुछ दिन पहले खारिज कर दी थी। उसके बाद आजम खां के अधिवक्ता ने सेशन कोर्ट में लगाई थी। जिसमें आज सुनवाई होना है।

## समीक्षा बैठक में बैंकों की प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी

- लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान विभिन्न बैंकों द्वारा योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों एवं प्रगति की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा की प्रगति संतोषजनक पाई गई, वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रगति अत्यंत खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।जिलाधिकारी ने संबंधित बैंकों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने सभी संबंधित बैंक अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर प्रगति में अपेक्षित सुधार लाने तथा लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि प्रगति में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## क्षेत्राधिकारी ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के संबंध में किया जागरूक

- डिजिटल युग में केवल स्मार्ट फोन रखना ही पर्याप्त नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रथम बुधवार को आयोजित साइबर जागरूकता दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पांडेय द्वारा लीड्स इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी दी। साइबर अपराधों से बचाव के लिए सावधानियों से अवगत कराया। विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में केवल स्मार्ट फोन रखना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक स्मार्ट यूजर बनना अधिक आवश्यक है। इसके अलावा अनजाने लिंक अथवा फाइल्स पर क्लिक न करें,अज्ञात व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। व्हाट्सएप पर 2-स्टेप ऑथेंटिकेशन अवश्य सक्रिय रखें। किसी भी व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें।इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को साइबर ठगी, फिशिंग एवं ऑनलाइन फ्रॉड के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी देते हुए सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।पुलिस की आमजन से अपील है कि साइबर अपराध से बचाव के लिए सतर्क रहें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित थाने अथवा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दें।



छात्र-छात्राओं को जागरूक करते सीओ स्वार। -जागरण मोर्चा

## सामूहिक विवाह समारोह, 7 जोड़े हुए एक दूजे के

- हजरत शाह सकलेन एकेडमी के बैनर तले हुआ आयोजन, 400 से अधिक लोग बने गवाह

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मिलक।** बुधवार को हजरत शाह सकलेन एकेडमी ऑफ इंडिया की मिलक यूनिट की ओर से मंगलवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया।

मोहल्ला इस्लामनगर स्थित डॉक्टर सेठी के हाते में दोपहर 12:30 बजे से शाम 4:10 बजे तक चले कार्यक्रम में 7 जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ।कार्यक्रम मोहम्मद आरिफ पुत्र जमीर, निवासी इस्लामनगर की देखरेख में हुआ। सभी निकाह काजी मियां हुजूर मुर्शिद बरेली द्वारा पढ़ाए गए। समारोह में करीब 400-450 लोगों ने शिरकत की और नवविवाहित जोड़ों को दुआएं दीं।आयोजक मोहम्मद आरिफ ने बताया कि संस्था का मकसद गरीब व जरूरतमंद परिवारों की मदद करना है ताकि दहेज व फिजूलखर्ची के बोझ से बचकर आसानी से शादी हो सके। कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न हुआ।

घोषणा | प्रदेश के 13 जनपदों में रामपुर का नाम भी शामिल

# जिला अस्पताल में जल्द शुरू होगी एमआरआई की सुविधा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** अब एमआरआई के लिए मुरादाबाद-बरेली जाना नहीं पड़ेगा। क्योंकि यह सुविधा जल्द ही जिला अस्पताल रामपुर में शुरु होगी। शासन से प्रदेश के 13 जनपदों के लिए घोषणा की है जिसमें रामपुर का नाम भी शामिल है।

जिला अस्पताल में एमआरआई जैसी अत्याधुनिक जांच सुविधा अब तक उपलब्ध नहीं है। गंभीर मरीजों को अक्सर मुरादाबाद, बरेली समेत बड़े चिकित्सा संस्थानों में रेफर करना पड़ता है खासकर ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को इस प्रक्रिया में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मानसिक मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ उन्हें सभी जरूरी दवाएं मुहैया कराए जाने को बढ़ाए गए फोकस के बीच सरकार की तरफ से मानसिक रोगों को चिकित्सकीय जांच कराने की पहल हुई है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि शासन ने तय किए 13 जनपदों में रामपुर का नाम भी शामिल है, एमआरआई की सुविधा चालू होने पर रोगियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

### 3,000 रुपये से लेकर 18,150 रुपये

पूरे शरीर की एमआरआई स्कैनिंग का खर्च 3,000 रुपये से लेकर 18,150 रुपये तक आता है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार जिला अस्पताल में एमआरआई की सुविधा चालू होने पर रोगियों को निशुल्क एमआरआई होगा। बताया कि मनोरोग के लक्षणों के पीछे मस्तिष्क में कोई टयूमर, सिस्ट, संक्रमण या स्ट्रोक तो नहीं हैं इसका पता लगाने के लिए एमआरआई अत्यंत उपयोगी है। मस्तिष्क की गतिविधि को मापकर यह समझ सकती है कि रोगी इलाज के प्रति कैसी प्रतिक्रिया दे रहा है।

## एक नजर

### विक्रेता की दुकान पर धारदार हथियारों से हमला

**बिलासपुर।** मामूली विवाद को लेकर एक लाइसेंसी मांस विक्रेता की दुकान पर दबंगों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में दुकानदार और उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल की पत्नी की तहरीर पर छह आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज की है।मोहल्ला शीरी मियां हरि ड्रेस निवासी साजिद अली और समीर नगर में लाइसेंसी मांस की दुकान चलाते हैं। पीड़िता ने बताया कि 30 अप्रैल की सुबह उनकी दुकान पर स्टाक उतारा जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और पहले माल लेने की जिद पर अड़ गए। जब इसका विरोध किया गया, तो विवाद बढ़ गया और आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियारों व चाकू से हमला कर दिया।हमला इतना भीषण था कि साजिद के सिर में चाकू लगने से गहरा घाव हो गया और कंधे की हड्डी भी टूट गई। वहीं, बीच-बचाव करने आए उसके भाई को भी चाकू मारकर घायल कर दिया गया। आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# एकल शिक्षक विद्यालयों में शिक्षकों की जाए तैनाती: रवेंद्र

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीएसए कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर 23 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन 22 सूत्रीय ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

बुधवार को दो दर्जन से अधिक शिक्षक राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेंद्र गंगवार के नेतृत्व में एकत्र होकर बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने प्रदर्शन 23 सूत्रीय ज्ञापन बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी को सौंपा। ज्ञापन में जनपद के बंद एवं एकल शिक्षक वाले विद्यालयों का मुद्दा सर्वोपरि था। ज्ञापन में कहा है कि शासनादेश के बावजूद अभी भी 100 से अधिक विद्यालय एक ही शिक्षक



समस्याओं को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौपते शिक्षक। –जागरण मोर्चा

के भरोसे संचालित हो रहे हैं। महासंघ ने इन विद्यालयों में शीघ्र शिक्षकों की तैनाती करने की मांग की है।इसके अलावा ग्रीष्म अवकाश में जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को प्रतिकर अवकाश देने, प्रेरणा पोर्टल की तकनीकी समस्याओं के कारण वेतन न रोके जाने, तथा सरप्लस शिक्षकों के पारदर्शी समायोजन की भी मांग की गई है। संगठन ने यह भी कहा कि जिन विद्यालयों में पहले दो शिक्षक थे, उन्हें एकल विद्यालय बनाने के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। इच्छुक शिक्षकों को उनके पूर्व विद्यालय में तैनाती का अवसर दिया जाए।

### यह शिक्षक रहे मौजूद

विपेंद्र कुमार, सुधीश शर्मा, संदीप कुमार, विनोद कुमार, अभिनव सक्सेना, अतुल कुमार राठौर, विनोद कुमार, नरेश कुमार, विनीत श्रीवास्तव, सुनील मौर्य, रिसालत खान, सय्यद अफाक हुसैन, अमित कुमार, ब्रजराज पंकज पड़ालिया, संगीता गौतम, ममतेश चौधरी, नूतन सिंह राखी रानी एवं ज्योति दूबे आदि मौजूद रहीं।

महासंघ ने शिक्षकों के वेतन, एनपीएस कटौती, जीपीएफ लेखा पर्ची, तथा लंबित एरियर भुगतान को समय पर सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई। साथ ही बिना ठोस कारण अवकाश निरस्त न करने, एकतरफा कार्रवाई पर रोक लगाने और निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग की गई। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में न लगाया जाए।

साथ ही ब्लॉक व जिला स्तर पर शिक्षक संगठनों के साथ नियमित मासिक बैठकें आयोजित की जाएं। संगठन ने विभागीय कार्यक्रमों में पारदर्शिता बनाए रखने और सभी पदाधिकारियों को आमंत्रित करने की मांग दोहराई। संघ ने ऑनलाइन सेवा पुस्तिका, एरियर मॉड्यूल, तथा सेवा पंजिका में त्रुटियों के सुधार के लिए विशेष कैंप लगाने की मांग दोहराई।

साथ ही 69000 भर्ती के तहत कार्यरत शिक्षकों को ब्रिज कोर्स अवधि में जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग की गई। साथ ही चेताया कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

### जैनब बी ने विकसित भारत युवा संसद में बढ़ाया रामपुर का मान

**रामपुर।** इम्पैक्ट कालेज ऑफ साइंस टैक्नालाजी कॉलेज की प्रतिभाशाली छात्रा जैनब का चयन विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के लिए हुआ। जिसका आयोजन 1 मई से 3 मई तक उत्तर प्रदेश विधान सभा में सम्पन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों से जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा युवा शक्ति ने देश के विकास, लोकतंत्र एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। जनपद स्तर पर आयोजित कड़ी एवं प्रतिस्पर्धात्मक युवा संसद प्रतियोगिता में जैनब बी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था, जिसके आधार पर उनका चयन उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित राज्य स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम के लिए हुआ। यह उपलब्धि न केवल जैनब बी की मेहनत, प्रतिभा एवं आत्मविश्वास को दर्शाती है, बल्कि इम्पैक्ट कॉलेज में विद्यार्थियों को प्रदान किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक एवं व्यक्तित्व विकास वातावरण को भी प्रतिबिंबित करती है।

## शादी समारोह में जा रहे लोगों पर लाठी-डंडों से हमला

- गाली-गलौज करते हुए की मारपीट, दी धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मिलक मुंडी में शादी समारोह में जाने के दौरान एक व्यक्ति और उसके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी।

मिलक मुंडी निवासी प्रेमपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 मई की रात वह अपनी ममेरी बहन की शादी में माता और भाई अशोक के साथ जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही सुनील, विजेन्द्र,पार्वती तथा अन्तेष ने उन्हें रोका। गाली देते हुए लाठी-डंडों से मारना शुरू कर दिया। हमले में प्रेमपाल के सिर पर गंभीर चोट आई, जबकि उनके भाई अशोक को भी चोटें लगीं। मौके पर पहुंचे गांव के लोगों ने उन्हें बचाया। घायलों का प्राथमिक उपचार स्थानीय सीएचसी में कराया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

प्रेमपाल ने आरोप लगाया कि जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। उन्होंने थाने में लिखित शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लापरवाही मिलने पर होगी कार्रवाई

**रामपुर।** जल निगम के अधिकारियों ने फर्म ठेकेदारों को निर्देशित किया है कि जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर सख्त दिशा निर्देश दिए है कि इसी को लेकर अधिशासी अभियंता मोहित विक्रम सिह ने सभी ठेकेदारों को निर्देशित किया है कि कार्यों में ढिलाई बरती नहीं जाएगी, बल्कि समय रहते हुए कार्य को पूरा करें। न होने पर कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

# पुस्तकालय के विस्तार के लिए योजना हो रही तैयार: डॉ. पुष्कर

- विभिन्न बिंदुओं पर बैठक में हुआ विचार-विमर्श

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बुधवार को रजा पुस्तकालय में विकास एवं योजना संबंधी सलाहकार समिति की बैठक हुई।पुस्तकालय के दीर्घकालिक विकास, आधुनिकीकरण, सांस्कृतिक संरक्षण तथा वैश्विक स्तर पर संस्थान को स्थापित करने से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने बैठक को प्रारंभ करते हुए कहा कि 15 अक्टूबर 2024 को राज्यपाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया कि प्रधानमंत्री की



रजा लाइब्रेरी में हुई बैठक में मौजूद अधिकारी। –जागरण मोर्चा

भावना एवं संकल्प को पूर्ण करने के लिए किले की सम्पूर्ण भूमि एवं भवन रामपुर रजा लाइब्रेरी को हस्तांतरित किए जाएंगे। इसी क्रम में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग को किले का विस्तृत सर्वेक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दायित्व सौंपा है। साथ ही रजा पुस्तकालय के दोनों प्रमुख भवनों का संरचनात्मक सुरक्षा ऑडिट भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की द्वारा प्रारम्भिक रूप से पूर्ण कर लिया गया है। किले के कई भवन ऐतिहासिक महत्व के हैं। यदि ये भवन रजा पुस्तकालय को प्राप्त हो जाते हैं, तो हम इन धरोहर इमारतों का संरक्षण एवं पुनर्स्थापन भी प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। लाइब्रेरी में ये परंपराएं पांडुलिपियों, चित्रकलाओं, सुलेख तथा अन्य दुर्लभ धरोहरों के रूप में संरक्षित हैं।व्यापक विजन को राज्यपाल द्वारा अनुमोदित किया गया है। बैठक का एजेंडा उसी दृष्टि को आगे बढ़ाने के लिए निर्धारित किया है।बैठक में समिति के समक्ष किला परिसर की भूमि को पुस्तकालय विस्तार के लिए प्रदान करने के लिए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया कि पुस्तकालय के विस्तार के लिए चरणबद्ध योजना तैयार की जा रही है और इसी क्रम में किला परिसर के कुछ भवन खाली करा लिए गए हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया कि पूर्णतः खाली कराए जा चुके भवनों का तत्काल करे।

बैठक में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों, सांस्कृतिक संगठनों एवं यूनेस्को से संबद्ध संस्थाओं के साथ सहयोग बढ़ाने तथा अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक अभिलेख संरक्षण केंद्र की स्थापना पर भी चर्चा हुई।

### बैठक में अधिकारियों ने की सहभागिता

बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों एवं अधिकारियों ने सहभागिता की। जिनमें कपिल मोहन सेवानिवृत्त आईएएस,पूर्व अपर मुख्य सचिव,पर्यटन विभाग, कर्नाटक सरकार, अजय कुमार द्विवेदी, आईएएस, जिला मजिस्ट्रेट, मनोविज्ञान विभाग, लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा, तथा विशाल कुमार, कार्यकारी अभियंता, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, बरेली एवं रामपुर जिले के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के बाद समिति के सदस्यों द्वारा पुस्तकालय के दरबार हॉल में दुर्लभ कलाकृतियों की विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।

# नौकरी दिलाने को लेकर कार्यालय पर दिया धरना

- चेयरमैन हाय-हाय के नारों से गूंजा परिसर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** नगर पंचायत में कार्यरत रहे मृतक संविदा सफाई कर्मी संदीप वाल्मीकि की पत्नी को नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने चेयरमैन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मृतक की पत्नी को तत्काल नियुक्ति देने की मांग उठाई।

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का आरोप है कि नगर पंचायत में संविदा सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत संदीप वाल्मीकि कुछ समय पहले किसी दोस्त के यहां मसवासी किसी फंक्शन में गया हुआ था वहां उसे प्यास




नगर पंचायत मसवासी में हाय-हाय के नारे लगाते सफाई कर्मचारी।

लगने के कारण उसने जितेंद्र नमक दुकानदार से पानी की बोतल मांगी तो उसने पानी की जगह तेजाब की बोतल उसके हाथ में थमा दी मृतक संदीप पानी समझकर तेजाब को पी गया था।उसकी हालत नाजुक हो गई, बताया गया कि आर्थिक तंगी के चलते उसका समुचित इलाज नहीं हो सका, जिसके बाद उसकी मौत हो गई।

सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि मामले में पहले समझौता करा दिया गया था, लेकिन मृतक परिवार को न्याय नहीं मिला।अब मृतक की पत्नी सुनीता अपने पति की जगह नौकरी की मांग को लेकर नगर पंचायत पहुंची, लेकिन कथित तौर पर उसे नियुक्ति देने से इंकार कर दिया गया।

इसी बात से नाराज सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर धरना देते हुए कहा यदि मृतक की पत्नी को जल्द नौकरी नहीं दी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में दीप सिंह, राही, मुकेश, विजय, रामवीर, राजपाल, सोनू, रानी, विनीता, शोभा, रेखा, ममता, राकेश, नवल, किशोर, राजीव शर्मा, राजेश, नरेश, अमरनाथ, सरबजीत, करन, नितिन समेत बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्कूल बस बिजली के पोल से टकराई, टला हादसा

- दो बच्चे घायल, हादसे के बाद चालक मौके से फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** सोमवार सुबह जलिफ नगला के पास स्कूली बच्चों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। बस में सवार 39 बच्चे बाल-बाल बच गए। जबकि दो बच्चों को हल्की चोटें आई हैं। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया।

लोगों का कहना है, पीले रंग की स्कूल बस जलिफ नगला मिलक की तरफ जा रही थी। अचानक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और पोल भी टूटकर गिर गया। बस के शीशे चकनाचूर हो गए। हादसे के बाद बस में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत बस के शीशे तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। दो बच्चों के हाथ-पैर में चोट आई है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

हादसे का शिकार हुई बस पर सीबीएसई न्यू दिल्ली लिखा है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बस किस स्कूल की है। पुलिस स्कूल प्रबंधन से संपर्क कर रही है।सूचना पर पहुंची मिलक पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद से बस चालक फरार है। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में ओवरस्पीड या चालक को झपकी आने की आशंका जताई जा रही है।हादसे की खबर मिलते ही अभिभावक मौके पर पहुंच गए। उन्होंने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया।अभिभावकों का कहना है कि बसों में सीसीटीवी होने चाहिए। साथ ही अनुभवी चालकों को ही बस चलाने की जिम्मेदारी दी जाए।

### हादसे के बाद मौके पर मची चीख पुकार

अचानक से बस खंभे से टकरा जाने के बाद बच्चों ने चीख पुकार मचा दी। इस बीच चालक मौका पाकर फरार हो गया। काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा था। सूचना के बाद पुलिस आ गई। उसके बाद किसी तरह से भीड़ को वहां से हटवाया। इससे पहले भी स्कूली बसों में हादसे हो चुके हैं लेकिन उसके बाद एआरटीओ द्वारा ऐसे चालकों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।



हादसे के बाद क्षति गस्त बस।

## सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** नगर पालिका परिषद मिलक स्थित मण्डल मिलक में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के महामंत्री अर्जुन रस्तोगी ने बैठक में कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं।

संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।बैठक में मंडल अध्यक्ष ममता अत्री, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मनोज पाण्डेय, जिला मंत्री प्रदीप जाटव, नगर महामंत्री नन्हें राम पांडेय, विजय पाल राजपूत युवा




बैठक को संबोधित करते अतिथि। –जागरण मोर्चा

मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष साईंया सक्सेना राजीव गंगवार हेमा मोर सिंह पटेल शुभम भुकन सरन संनती स्वरूप अमरजीत सिंह दीपा महावीर सहित मण्डल एवं क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान संगठन को मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

**कार्यक्रम** दयावती मोदी एकेडमी में अभिभावक अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

# बच्चों की प्रतिभा और अभिभावकों का मार्गदर्शन: नीलू शर्मा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** दयावती मोदी अकादमी में वाटिका विंग की ओर से एक अभिभावक अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने ने रंगारंग एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की धर्मपत्नी नीलू शर्मा एवं मशहूर ईएनटी चिकित्सक डा. नितिन कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। बच्चों ने सिविक, इंगलिश, वोकेबलरी और यातायात नियमों पर जागरूक प्रस्तुति दी। बच्चों का डांस देखकर दर्शक खूब खुश हुए। मुख्य अतिथि नीलू शर्मा



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। –जागरण मोर्चा

ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विशिष्ट अतिथि डॉ. नितिन कुमार ने अभिभावकों को बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने, उचित दिनचर्या अपनाने तथा मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुमन तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं, प्रधान अध्यापिका सुनीता भसीन ने अभिभावकों को दिशा निर्देश देते हुए बच्चों के पालन पोषण में पिता की जिम्मेदारी पर विशेष प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में रिंकी जुब्बल ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि एवं स्कूल की प्रधानाचार्य। –जागरण मोर्चा

## एक नजर

### विश्व दिव्यांग दिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए करें आवेदन

**रामपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में 3 दिसम्बर विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस वर्ष पुरस्कार की धनराशि रुपये 5,000 से बढ़ाकर रुपए 25,000 कर दी गई है, जिससे अधिक से अधिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके। 12 श्रेणियों में पात्र अभ्यर्थी अपने प्रस्ताव 15 जून 2026 तक तीन प्रतियों में कक्ष संख्या 21, कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, रामपुर में जमा कर सकते हैं। प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण उपरांत उन्हें अग्रिम कार्यवाही के लिए निदेशालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को प्रेषित किया जाएगा। बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली-2017 के तहत दक्ष दिव्यांग कर्मचारी, स्वनियोजित दिव्यांगजन, दिव्यांगजन के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता एवं प्लेसमेंट अधिकारी एजेंसी, दिव्यांगजन के लिए कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति एवं संस्था, प्रेरणास्प्रद व्यक्तित्व, जीवन सुधार हेतु नवीन अनुसंधान/उत्पाद विकास, बाधामुक्त वातावरण सृजन में उत्कृष्ट कार्य, एवं बालक बालिका, सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण के लिए कार्यरत अधिकारी,कर्मचारी श्रेणियां निर्धारित की गई है।

### पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रामपुर।** टांडा पुलिस ने अभियान चलाकर पांच लोगों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते टांडा पुलिस ने जहीर पुत्र रहीस,वरीशा पत्नी रहीश निवासी मोहल्ला दायमपुरा,सगीर पुत्र जमील निवासी मोहल्ला काजीपुरा नाजिम निवासी ग्राम मिलक नंगली,उस्मान को गिरफ्तार किया। उसके बाद पुलिस सभी को थाने ले आई।

# बाबा के भजनों पर जमकर झूमे भक्त

## बाबा लक्ष्मण दास महाराज का 133 वां वार्षिकोत्सव मनाकर किया भंडारे का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रसाद ग्रहण करते भक्त व बाबा को लगाया गया भोग। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** श्री बाबा लक्ष्मणदास सेवा एवं प्रबंध समिति की ओर से सराय गेट स्थित श्री श्री 1008 बाबा लक्ष्मण दास महाराज के 133 वें वार्षिकोत्सव पर भंडारे का आयोजन हुआ। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में देश-विदेश से हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा के पावन दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भजन संध्या से हुआ। जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। संपूर्ण परिसर बाबा के जयकारों, भक्ति संगीत एवं आध्यात्मिक वातावरण से गुंजायमान रहा। इसके बाद श्रृंगार दर्शन एवं विशेष आरती का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।दूसरे दिन प्रातःकालीन आरती के बाद प्रसाद वितरण का आयोजन किया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन की व्यवस्थाएं अत्यंत सुव्यवस्थित एवं अनुकरणीय रहीं, जिसके लिए समिति के सभी सदस्यों एवं स्वयंसेवकों की सराहना की गई इस अवसर पर देश के विभिन्न शहरों एवं विदेशों से श्रद्धालु विशेष रूप से बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे। मुंबई, देहरादून, मुरादाबाद, लखनऊ, सूरत, दुबई, कोलकाता, दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, बरेली सहित अनेक स्थानों से श्रद्धालुओं ने आकर अपनी श्रद्धा अर्पित की।

दूर-दराज से आए दर्शनार्थियों ने आयोजन की आध्यात्मिक वातावरण की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि बाबा लक्ष्मण दास महाराज का जीवन समाज सेवा, आध्यात्मिक चेतना एवं मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्श आज भी समाज को सेवा, समर्पण एवं सद्भावना का संदेश देते हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ता मिलती है। समारोह के आयोजन में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए समिति ने भविष्य में भी इसी प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।कार्यक्रम के समापन पर समस्त श्रद्धालुओं ने बाबा जी के चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित कर विश्व शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

### यह लोग रहे मौजूद

डॉ. अजय अग्रवाल, सचिन अग्रवाल , ईश्वर शरण अग्रवाल, वेद प्रकाश वर्मा, अंकित अग्रवाल, सीए तुषार अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, प्रलभ अग्रवाल, सुनील कुमार शर्मा, केशव अग्रवाल, डॉ. पुलकित अग्रवाल, अतुल गर्ग, निखिल गर्ग, निर्भय गर्ग, पंकज गर्ग, कुमकुम अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, सुखद अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर बाबा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव 23 मई को मनाया जाएगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** श्री श्याम सरकार युवा सेवा समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष सुनील गुप्ता के निवास पर हुई। जिसमें 23 मई दिन शनिवार को रामलीला मैदान मिलक में होने वाले संकीर्तन महोत्सव की रूप रेखा पर चर्चा हुई।बताया कि इस महोत्सव में बाबा श्याम का गुणगान करने कोलकाता से संजय मित्तल,अजय शर्मा दौसा राजस्थान से बुलबुल अग्रवाल प्रयागराज से एवं नरेश पुनिया म्यूजिकल ग्रुप दिल्ली को बुलाया गया है।इस उपलक्ष्य में संकीर्तन से एक दिन पूर्व नगर मिलक में श्री श्याम ध्वज यात्रा निकाली जाएगी।

जिसमें मुख्य आकर्षण श्री जगन्नाथ रस संकीर्तन होगा।बैठक में अध्यक्ष सुनील गुप्ता, जलज गुप्ता, गौरव गुप्ता, परख गुप्ता वंशज गुप्ता शोभित जैन नमन गुप्ता अनिल गुप्ता संजय माहेश्वरी जितेंद्र गोस्वामी नवीन शर्मा विनीत पांडे वैभव गुप्ता मंदीप गुप्ता सोनू गुप्ता प्रभात गुप्ता प्रमोद गुप्ता उदित गुप्ता माणिक जैन विशाल आशीष दीपांशु कश्यप नैतिक गुप्ता स्पर्श गुप्ता सुमित शर्मा अपार पांडे किंग गुप्ता ऋतिक गुप्ता हर्ष भार्गव कुणाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# 7 मई को महिला जनसुनवाई में समस्याओं का होगा समाधान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा एवं उन्हें त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से जनपद में 7 मई को पूर्वाहन 11 बजे विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। यह जनसुनवाई सदस्य राज्य महिला आयोग सुनीता सैनी की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम करना, पीड़ित महिलाओं को शीघ्र एवं प्रभावी न्याय दिलाना तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, संपत्ति विवाद, भरण-पोषण, कार्यस्थल पर उत्पीड़न सहित अन्य महिला संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। प्राप्त प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहेंगे, जिससे शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जनपद की समस्त महिलाओं एवं पीड़ित आवेदिकाओं से अपील की है कि वे अपने प्रकरणों से संबंधित आवश्यक अभिलेखों के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर इस जनसुनवाई का अधिकतम लाभ उठाएं।

# शाहबाद के प्राथमिक विद्यालय नालापार में शिक्षा चौपाल का किया आयोजन

- सांस्कृतिक प्रोग्राम पेश पर स्कूली बच्चों ने मन मोहा

जागरण मोर्चा कार्यालय


शिक्षा चौपाल के दौरान बीईओ अशोक कुमार का स्वागत करते कार्यक्रम प्रभारी अजीम खां।

**शाहबाद।** बुधवार को शाहबाद नगर के प्राथमिक विद्यालय नालापार में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने कई तरह के सांस्कृतिक प्रोग्राम पेश किए। स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत गाकर मुख्य अतिथियों समेत सभी का मन मोह लिया। वहीं बाल विवाह समेत लड़कियों की शिक्षा पर कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की शुरुआत में प्रभारी अजीम खां के द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया।कार्यक्रम के प्रभारी अजीम खां रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक मनोज कुमार द्वारा किया। शिक्षा चौपाल कार्यक्रम को सफल बनाने में निकेता सिंह, आयशा गजल, सुविधा रानी, प्रदीप भटनागर, मोईन मियां,आलोक मिश्रा,श्वेता दुहन, फारुख अहमद, अमीर अली, उमेश कुमार, अफजाल अली आदि रहे। बालिका शिक्षा पर पर आधारित प्रोग्राम में छात्रा आरिफा, तैयबा, अलीना, रुकैय्या, जेनिश और जोया ने प्रस्तुति दी।

# कूड़ा डालने पर मारपीट करने वाले चार लोगों पर केस दर्ज




**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला हकीमान में कूड़ा डालने जैसे मामूली विवाद में हुई मारपीट के बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों पर केस दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला हकीमान निवासी हफीज ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 19 अप्रैल की रात साढ़े दस बजे विवाद कूड़ा डालने को लेकर शुरू हुआ। आरोप है कि इसी बात पर मोहल्ले के ही चार लोग,अशरफ, मुकर्रम, रुबीना और शबनम ने पीड़ित के साथ अभद्रता की और गालियां दीं। पीड़ित हफीज का आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज का विरोध किया, तो चारों आरोपियों ने उसके घर में घुसकर लाठी-डंडों, लात और घूंसों से उस पर हमला कर दिया। आरोप यह भी है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के अनुसार, घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास चल रहा था, प्रयास असफल होने पर पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# किसानों के मसीहा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय


सिविल लाइंस स्थित कार्यालय पर मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल की ओर से सिविल लाइंस स्थित कार्यालय पर किसान मसीहा चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।सभा के प्रारंभ में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने चौधरी अजीत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह जी ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों एवं समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। उनके संघर्ष, सादगी और दूरदर्शी नेतृत्व ने देश की राजनीति में एक अलग पहचान स्थापित की, जिसे सदैव याद रखा जाएगा। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में एनडीए को ऐतिहासिक जीत मिली है निरंतर एनडीए गठबंधन प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं।किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह बिट्टू ने कहा कि उन्होंने किसानों के सच्चे हितैषी थे और उनकी नीतियां आज भी किसानों के लिए मार्ग दर्शक हैं।रुहेलखंड की महासचिव सुमन सिंह परिहार ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह का व्यक्तित्व सरल, संवेदनशील और जनहित के प्रति समर्पित था, जो सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष कुलदीप कौर ने कहा कि चौधरी ने महिलाओं को सम्मान और भागीदारी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। नगर अध्यक्ष नवाब खां ने भी अपने विचार रखते हुए उनके योगदान को याद किया और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कलावती शर्मा सहित सोहेल खान, शंकर लाल लोधी, जनैल सिंह, अवतार सिंह, रामस्वरूप आदि समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा का समापन चौधरी अजीत सिंह के आदर्शों को अपनाने एवं संगठन को मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ।

### कानून का पाठ पढ़ाया

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बुधवार को सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया।जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन 112,आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि के बारें में बताया। इसके अलावा मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं,बालिकाओ को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की। ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें।

# बच्चों को हीट वेव से कैसे बचाए पर हुई चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय


नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को सम्मानित करते अतिथि। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय खजुरिया में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इंचार्ज प्रधान अध्यापक प्रसन्न प्रकाश ने बैठक के मुख्य बिंदु जनगणना 2027 डीबीटी ,स्कूल चलो अभियान, ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों को हीट वेव से कैसे बचे पर चर्चा की।

ग्रीष्मकालीन में दिए गए होमवर्क को अभिभावकों के सहयोग से पूर्ण करने हेतु अपील ,स्वच्छता आदि मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उपस्थित एसएमसी अध्यक्ष एवं सदस्यों से उनके विचार लिए गए,एआरपी महेश कुमार ने सभी अतिथियों को दैनिक जीवन में शिक्षा के महत्व एवं रोजाना स्कूल भेजने के लिए आग्रह किया। बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों से अपील की गई कि ऐसे बच्चे जिनकी उम्र 31 जुलाई 2026 को 6 वर्ष पूर्ण हो रही है ऐसे बच्चों का चिन्हांकन एवं नामांकन निकटतम परिषदीय विद्यालय में कराने में आप सभी सहयोग करें। प्रबंध समिति की बैठक में विजेन्द्र, विद्यालय स्टाफ दीपा सैनी, दीपा चौहान,हरिओम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उर्मिला, सुरेखा,सदस्य मित्रपाल, सुमन, फातमीन, सुमन, सुरेश कुमार, बबीता , पूरन सिंह, रामवती, मंगल सेन, शन्नो, जाकिर अली, शाजिया अभिभावक उपस्थित रहे।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण के स्व-गणना की शुरुआत 7 मई

- घर बैठे ऑनलाइन भर सकेंगे परिवार एवं मकान से जुड़ी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य उत्तर प्रदेश में 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक संपन्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया से पूर्व नागरिकों की सुविधा के लिए 15 दिनों की स्व-गणना की अवधि निर्धारित की गई है, जो 7 से 21 मई तक चलेगी। इस अवधि में आमजन स्वयं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार एवं मकान से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

स्व-गणना, जनगणना 2027 की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से परिवार अपने विवरण स्वयं भर सकते हैं। इससे आंकड़ों की शुद्धता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है। सामान्य निवासी जनगणना पदाधिकारी के घर आने से पहले आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। बताया कि यह पोर्टल हिंदी, अंग्रेजी सहित 14 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है तथा कोई भी परिवार का सदस्य लगभग 15-20 मिनट में स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण कर सकता है। अंतिम सबमिशन के बाद H से प्रारंभ होने वाली 11 अंकों की एक विशिष्ट स्व-गणना आईडी जनरेट होती है, जिसे एसएमएस एवं ईमेल के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। जनगणना अधिकारी के भ्रमण के दौरान सत्यापन के लिए इस आईडी को दिखाना आवश्यक होगा।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे स्व-गणना अवधि के दौरान अधिक से अधिक संख्या में इस प्रक्रिया में भाग लें तथा अपने परिवार, मित्रों एवं परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें। साथ ही, स्व-गणना करते समय की फोटो सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप स्टेटस पर साझा कर जनजागरूकता बढ़ाने में सहयोग प्रदान करें।यदि स्व-गणना के दौरान किसी प्रकार की समस्या आती है, तो हेल्पलाइन नम्बर 1855 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसकी सफलता में सभी नागरिकों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

### सड़क हादसे में एक घायल, रेफर

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला मस्जिद क़ाज़ी निवासी शादाब बुधवार को किसी निजी काम से बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, रास्ते में वह सड़क हादसे का शिकार होकर जख्मी हो गए। जिनको उपचार के लिए शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।




आयोजन — विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास हो रहा

# जनगणना में सहयोग करने की ली शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** बच्चों को जनगणना के महत्व, प्रक्रिया एवं इससे जुड़े सामाजिक और राष्ट्रीय लाभों की जानकारी देने के उद्देश्य को लेकर बुधवार को बिलासपुर के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीपुर ठेका में विद्यार्थियों को जनगणना के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि जनगणना देश की जनसंख्या, सामाजिक संरचना, शिक्षा स्तर, रोजगार आदि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करती है, जिससे सरकार को योजनाएं बनाने में सहायता मिलती है। बच्चों को सरल भाषा में समझाया कि जनगणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की सही जानकारी देना क्यों आवश्यक है। बच्चों को यह भी बताया गया की जनगणना के दौरान पूछे गए प्रश्नों के उत्तरों को पूरी तरह गोपनीय रखा जाता है कार्यक्रम के दौरान जनगणना प्रश्नोत्तरी गतिविधि का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया, कि वे अपने घर-परिवार और आसपास के लोगों को भी जनगणना के प्रति जागरूक करें।

लोगों को जनगणना के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मीना मंच और बाल संसद के प्रतिनिधियों को भी जिम्मेदारी दी गई। अंत में सभी विद्यार्थियों ने जनगणना में सहयोग करने की शपथ ली।

इस कार्यक्रम से बच्चों में जागरूकता बढ़ी और उन्होंने जनगणना के महत्व को समझा। विद्यालय द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास हो रहा है।इस अवसर पर नितिन राजपूत गौरव त्यागी मदन मोहन सिंह अंशु राजकौर आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार, 4 घायल

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के बहजोई रोड स्थित गांव अफजलपुर डरौली के पास बुधवार की सुबह 5 बजे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। बुधवार की सुबह 5 बजे जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव बिचौला निवासी सुभाष दिवाकर अपनी पत्नी मीनू व दो बच्चे तनु व अनु के साथ कार से बहजोई से लौट रहे थे। जब कार बनियाठेर थाना क्षेत्र के बहजोई रोड स्थित अफजलपुर डरौली के पास पहुंची कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार चारों घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चारों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। चालक सुभाष दिवाकर ने बताया कि झपकी आ गई थी। जिससे हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

# मौसम का वार: बीमारियों की चपेट में लोग, उमड़ी भीड़

## चिकित्सक दे रहे बदलते मौसम में एहतियात बरते की सलाह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बारिश व हल्की बूंदा-बांदी होने से मौसम में काफी बदलाव आया है। मौसम में परिवर्तन आने से लोग काफी संख्या में बीमार पड़ रहे हैं। जिससे सीएचसी में रोजाना खांसी, जुखाम, एलर्जी, वायरल फीवर व टाइफाइड के लगभग 650 नए व 350 पुराने मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं । जिसकी चिकित्सक द्वारा मरीजों की जांच कराने के साथ उपचार कर रहे हैं। चिकित्सक मरीजों से बदलते मौसम में एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं।

कुछ दिन से मौसम में काफी परिवर्तन हुआ है। क्योंकि पिछले दिनों भीषण गर्मी व लू चलने से लोग परेशान थे। तीन दिन पहले ओलावृष्टि के साथ बारिश व उसके बाद बूंदा-बांदी होने से मौसम में काफी ठंडक आ गई है। जिसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। क्योंकि भीषण गर्मी में ज्यादा लोग ठंडे पदार्थों का सेवन कर रहे थे। मगर मौसम बदलने पर एहतियात नहीं बरतने से लोगों को खांसी, जुखाम, एलर्जी, वायरल फीवर व टाइफाइड के मरीजों का इजाफा हो हुआ। जिससे सीएचसी में काफी संख्या में मरीज उपचार कराने पहुंच रहे। बुधवार को सीएचसी में 650 नए, 350 पुराने मरीज उपचार कराने पहुंचे। चिकित्सक भी वायरल फीवर के मरीजों की पहले जांच करवा रहे थे, ताकि मरीज को होने वाली बीमारी की जानकारी हो सके। इसके बाद मरीजों का उपचार किया जा रहा है। चिकित्सक मरीजों से बदलते मौसम में एहतियात बरतने की सलाह के साथ-साथ खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दे रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि बदलते मौसम में बाजार की चाट-पकोड़ी का सेवन न करें, बासी भोजन न करें और ताजी भोजन का भी सेवन करें। बाहर से आकर एकदम ठंडा पानी का सेवन न करें। मरीज होने पर चिकित्सक की सलाह पर ही दवा ले।


सीएचसी में चिकित्सक से उपचार कराने लगी मरीजों की कतारें। -जागरण मोर्चा

> पिछले कुछ दिनों में मौसम में काफी बदलाव हुआ है। जिससे एहतियात न बरतने वाले लोगों बीमार हुए हैं। इसलिए बदलते मौसम में विशेष एहतियात बरतने की आवश्यकता है। बीमार होने पर चिकित्सक के परामर्श के बाद ही दवा का सेवन करें।
> -डा. हरवेंदर सिंह, प्रभारी सीएचसी

# न्यायाधीश द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवानगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जिला न्यायालय परिसर में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए जिला न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर बुधवार की सुबह 10 बजे जिला न्यायालय से प्रचार वाहन रवाना किया।

बताया गया कि न्याय पालिका द्वारा नागरिकों को त्वरित, सुलभ एवं निशुल्क न्याय दिलाने के उद्देश्य से आगामी 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। लोक अदालत में छोटे-मोटे झगड़े, पारिवारिक विवाद, बैंक ऋण, बिजली-पानी के बिल, यातायात चालान, श्रम विवाद आदि मामलों का आपसी सुलह के माध्यम से निपटाया किया जा सकता है। प्रचार वाहन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आमजन को लोक अदालत की प्रक्रिया, लाभ एवं उनके अधिकारों के बारे में जागरुक किया जाएगा। इन वाहन में जनमान्य के लिए पोस्टर, बैनर, ध्वनि यंत्र एवं जानकारी से युक्त सामग्री शामिल की गई है। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश डा. विदुषी सिंह, अपर सत्र न्यायाधीश आरती फौजदार, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर सत्र न्यायाधीश-विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह, अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीसी गोपाल, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल, सिविल जज (सी. डि.)/एसीजेएम संभल पराग यादव, सिविल जज (सी.डि.)/एसीजेएम संभल आदित्य सिंह, अपर मुख्य न्यायिक नावेद अख्तर, सिविल जज (जू.डि.)/जेएम संभल दिव्या गर्ग, एवं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना करतीं जिला न्यायाधीश।

# न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दोषी को सुनाई 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**न्यायालय ने दोषी पर 30500 रुपये अर्थदंड भी लगाया**

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दोषसिद्ध होने पर दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 30500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

एडीजीसी आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि संभल कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर दी थी। जिसमें बताया कि उसके दो भाई व एक बहन है। 11 सितंबर 2022 को उसकी 12 वर्षीय बहन सुबह 10.30 बजे छत पर खेलने के लिए रोज की तरह हुई थी। सुबह 11.30 बजे वह अपनी बहन के शोक मचाने पर छत पर गया था। उस समय उसकी बहन उसे छत पर नहीं दिखी। तब उसने अपने पड़ोस के घर में झांका कर देखा तो उसकी बहन पड़ोस के घर में थी। उसकी छत से पड़ोस के घर में उसकी बहन को पौधा देने के लिए बहाने उतारने के लिए सीढ़ी लगी थी। उसकी बहन के साथ उनका पड़ोस युवक नग्न अवस्था में था। युवक के आंगन में तख्त पर उसकी बहन का मुंह बंद कर दुष्कर्म कर रहा था। उसके घर की तरफ दीवार से लगी सीढ़ी से नीचे उतर कर गया तो उसकी बहन ने उसे बताया कि पड़ोसी युवक ने उसे पौधा देने के बहाने बुलाकर उसका मुंह बंद करके उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। वह अपनी बहन को पड़ोसी के घर से लेकर आया। युवक के घर का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक लईक के विरुद्ध पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। इसके विवेचक ने मुकदमें की विवेचना के उपरांत चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। उक्त मुकदमें न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में चला। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुना और युवक को पाक्सो एक्ट में दोषी पाया। न्यायालय ने दोषी लईक को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 30500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।


परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर विवादों का निस्तारण करतीं पुलिस।

# समझौते से 6 केस निस्तारित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत एवं क्षेत्रधिकारी बहजोई डा. प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक नगर के गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी परामर्श केंद्र में संपन्न हुई । जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डा. रूकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया। जहां कुल 25 पत्रावली को सुना गया और उसमें से 6 पत्रावली का निस्तारण किया गया। इसके साथ 4 परिवारों को पुनः मिलाकर समझौता कराया गया। इस दौरान 2 पत्रावली पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारण व अन्य करण से बंद किया गया। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह, रुचि आदि लोग रहे।

# 2 वर्षीय लापता मासूम एक घंटे में मिली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** रेलवे स्टेशन के बाहर मुखर्जी चौक के पास दो वर्षीय लापता हो गई। पिता ने बच्ची की एक घंटे तक तलाश की। मगर कोई सुराग नहीं लगा। बच्ची रोते हुए कुछ दूरी पर मालगोदाम रोड पर स्थित कंफेंशनरी की दुकान के बाहर पहुंची। दुकानदार ने बच्ची को अपने पास रोक पुलिस को सूचना दे दी। कुछ देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बच्ची को खोजते हुआ पिता भी दुकान पर पहुंच गया। पुलिस ने लिखा-पढ़ी के बाद पिता को बच्ची सौंप दी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पतरौआ निवासी विमल कुमार अपनी पत्नी व दो वर्षीय पुत्री कनक के साथ बाइक पर सवार होकर रेलवे स्टेशन के बाहर मुंखर्जी चौक पर पहुंचा। जहां युवक की पत्नी किसी कार्य से चली गई और विमल कुमार पास स्थित सेलून पर सेबिंग बनवाने लगा। विमल के पास ही उसकी दो वर्षीय पुत्री थी। कुछ देर बाद बच्ची अचानक लापता हो गई। विमल आसपास करीब एक घंटे तक बच्ची की खोजबीन की। मगर कोई सुराग नहीं मिला। बच्ची सोते हुए मालगोदाम रोड स्थित पारस कुमार की कंफेंशनरी की दुकान के बाहर रोते हुए पहुंची। दुकानदार ने बच्ची को रोक लिया और जानकारी की। मगर बच्ची कोई जवाब नहीं दे सकी। इसके बाद दुकानदार ने 112 पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दुकानदार से जानकारी करने लगी। तभी पिता का भी बच्ची को देखता हुआ दुकान पर पहुंच गया। यहां बच्ची देख पिता ने राहत महसूस की। पुलिस ने लिखा-पढ़ी के बाद के बच्ची को पिता को सौंप दिया।


मालगोदाम रोड पर बच्ची के पिता से जानकारी करती पुलिस। -जागरण मोर्चा


छात्रों को यातायात के नियमों की जानकारी देती ट्रैफिक पुलिस कर्मी।

# छात्रों को यातायात के नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में यातायात पुलिस टीम जनपद सम्भल द्वारा बहजोई इंटर कालेज बहजोई में स्कूल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को यातायात संबंधित जानकारी देकर यातयात नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को यातायात पुलिस कर्मियों ने सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया गया तथा उन्हें यातायात नियमों का नियमित रूप से पालन करने की अपील की गई। इसके साथ यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई, ताकि वे स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखने में योगदान दें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में यातायात के प्रति जागरूक करना था।

# अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** बदलते मौसम के कारण खांसी, जुकाम, बुखार और चर्म रोगों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। सरकारी और निजी अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। बुधवार को कांठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मरीजों की भारी भीड़ रही, जहाँ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य जांच के बाद दवाइयां वितरित कीं।चिकित्सकों ने संचारी रोगों के प्रति आगाह करते हुए लोगों से साफ-सफाई रखने और पूरी बांह के कपड़े पहनने की अपील की है। साथ ही, कूलर, फ्रिज और पुराने टायरों में पानी जमा न होने देने की सलाह दी गई है ताकि मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। डॉक्टरों ने बिना परामर्श के दवा न लेने की सख्त हिदायत दी है।

# मॉक ड्रिल: स्वास्थ्य कर्मियों को सिखाया गया आग बुझाना व बचाव का कार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** संयुक्त चिकित्सालय में बुधवार को अग्निशमन विभाग द्वारा माक ड्रिल आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल के स्टाफ को आग बुझाने और सुरक्षा उपायों के बारे में दमकल कर्मियों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई।

सरकारी अस्पताल में बुधवार की दोपहर अग्निशमन के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम पहुंची और उन्होंने अस्पताल में माक ड्रिल कराई गई। माक ड्रिल के दौरान अग्निशमन प्रभारी महेश सिंह ने कांस्टेबल रजनीश शर्मा, जितेंद्र कुमार और वीरेंद्र कुमार ने अस्पताल के स्टाफ को आग बुझाने व उससे बचने के उपाय से अवगत कराया गया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल स्टाफ को आग बुझाने संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही आग लगने पर क्या सावधानी बरतनी चाहिए और आग पर स्वयं कैसे काबू पाया जाए इसके बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में लगे अग्निशमन यंत्रों का निरीक्षण कर जांच की। इस दौरान चिकित्साधिकारी डा. हरविंदर सिंह, डा. दिग्विजय सिंह, महेश कुमार हेमेश नाथ वार्ष्णेय, गिर्राज, शिवराज आदि स्टाफ मौजूद रहा।


सरकारी अस्पताल में माक ड्रिल करते दमकल कर्मी। -जागरण मोर्चा

# शो पीस बना अस्पताल, इलाज को भटक रहे पशुपालक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** नगर में करोड़ों की लागत से बना राजकीय पशु चिकित्सालय विभागीय उदासीनता के कारण केवल एक ढांचा बनकर रह गया है। लगभग 40 हजार की आबादी वाले इस क्षेत्र में पिछले सात-आठ वर्षों से उप पशु चिकित्सा अधिकारी का पद रिक्त पड़ा है। अस्पताल की व्यवस्थाएं पूरी तरह कंपाउंडरों के भरोसे हैं, जिससे पशुपालकों को अपने पशुओं के उपचार, टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।विभाग ने छजलैट के चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य गोयल को यहाँ का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है, लेकिन व्यस्तता के कारण वे समय नहीं दे पाते। स्थिति यह है कि मेडिकल स्टोर पर दवा लिखवाने के लिए भी किसानों को छजलैट के चक्कर काटने पड़ते हैं। उचित सरकारी इलाज न मिलने के कारण किसान झोलाछाप डॉक्टरों से महंगे दामों पर इलाज कराने को मजबूर हैं, जिससे पशुओं की जान पर भी खतरा बना रहता है।मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संयोजक विकास शर्मा ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी। जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह ने शासन को रिक्त पद भरने के लिए पत्र भी लिखा है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्थायी चिकित्सक की नियुक्ति नहीं हुई, तो वे बड़े आंदोलन के लिए विवश होंगे।

# नलकूप संचालन हेतु राज्यमंत्री से गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र के गांव पुरा व जेरोई हयातनगर के काफी संख्या में किसान राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर पहुंचे। यहां किसानों ने राज्यमंत्री को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग कई।

किसानों ने बताया कि वह गांव पुरा व जेरोई हयातनगर के निवासी है, 26 अप्रैल को चोरों ने बिजली घर पुरा की मैनलाइन के 21 पोलों पर बंधे विद्युत तार चोरी कर लिए। जिससे दोनों गांवों के लगभग 50 नलकूप की विद्युत सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है। जिसकी सूचना किसान पहले ही विद्युत विभाग को दे चुकी है। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। किसानों ने राज्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि शीघ्र ही हाईटेंशन लाइन 21 पोलों की लाइन का स्टीमेंट बनाकर लाइन खिंचवाई जाए। जिससे उनकी फसल सूखने से बच सके। किसानों ने बताया कि वह संपूर्ण समाधान दिवस में भी अपनी शिकायत दे चुके हैं। मगर अभी तक कोई निस्तारण नहीं हो सका है। ज्ञापन देने वालों में नन्सुख प्रजापति, प्रताप सिंह, किशन पाल सिंह, चेतराम, पुरुषोत्तम, होरी लाल, भानु प्रताप, नेकपाल सिंह, अरविंद कुमार, सुरेंद्र सिंह, विनोद कुमार, महेश कुमार, चंद्रपाल, मुकेश कुमार आदि किसान मौजूद रहे।


राज्यमंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन सौंपते पुरा व जैरोई हयातनगर के ग्रामीण।

**21 पोलों से तार चोरी कर ले गए चोर, तभी से बंद पड़े हैं किसानों के 50 नलकूप**

# बारात से लौटकर आ रहे 3 युवकों से की मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम अलीपुरा खालसा निवासी तीन युवकों—सुमित, मित्रपाल और हर्ष के साथ मंगलवार रात रेलवे फाटक पर मारपीट और लूटपाट की घटना हुई। पीड़ित युवक कांठ क्षेत्र के ग्राम मौढ़ी हजरतपुर से एक विवाह समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे।रात करीब 11:40 बजे रेलवे फाटक बंद होने पर युवकों ने बाइक रोकी, तभी आधा दर्जन अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट कर मोबाइल और लगभग 1200 छीन लिए। पीड़ितों ने दो आरोपियों को पहचानने का दावा किया है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है, हालांकि प्राथमिक तौर पर मामले को संदिग्ध मानकर छानबीन की जा रही है।

# युवती ने घर के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर की आत्महत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र के पंचशील कालोनी में 24 वर्षीय युवती ने घर के कमरे में पंखे से साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिवार में चीख-पुकार मच गई। चीख-पुकार सुनकर आज पड़ोसी भी इकट्ठे हो गए। और सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। युवती ने आत्महत्या क्यों कि इस बारे में स्वजन कोई जानकारी नहीं है।


दीपिका (फाइल फोटो)

चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के पंचशील कालोनी के मेहताब सिंह एक इंटर कालेज में प्रवक्ता है। मेहताब की सबसे छोटी बेटी दीपिका ने बुधवार की शाम सात बजे घर के कमरे में पंखे में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उस समय मेहताब दूध लेने गए थे, जबकि पत्नी मीना बदायूं जिले के थाना उधैती के गांव मायके में गई थी। जबकि बड़ा बेटा जयपुर और बेटी दिल्ली में थे। जब वह दूध लेकर वापस लौटा तो, जब देखा की घर का मुख्य गेट बंद था। आवाज लगाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पड़ोसियों की मदद से गेट काटकर वह अंदर पहुंचे। यहां कमरे के अंदर का दरवाजा भी लगा था। खिड़की से झांकने पर युवती का शव फंदे से लटका दिखाई दिया। ये देख उनकी चीख निकल गई। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर सीओ दीपक तिवारी और फारेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। शव को फंदे से नीचे उतारा गया। इसके बाद पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। दीपिका तीन बहन भाइयों में सबसे छोटी थी। उसकी मौत से परिवार में चीखपुकार मची है। सीओ दीपक तिवारी ने बताया कि युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।


पंचशील कालोनी में दीपिका की मौत के बाद जांच करती फ़ॉरेंसिक टीम।

**एक नजर**

### नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी पड़ोसी की तलाश में जुटी पुलिस

**हसनपुर।** सैदनगली थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक युवक ने कक्षा 9 की नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर पड़ोसी के घर बुलाया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करते हुए पड़ोसी महिला ने आरोपी को देखा और नाबालिग युवती के घर जाकर बता दिया। शिकायत लेकर पीड़िता के परिजन आरोपी के घर पहुंचे तो उनकी पिटाई कर दी। मंगलवार की देर रात पीड़िता के परिजनों ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।इस घटना के बाद से पीड़िता का परिवार गहरे सदमे में है। पीड़ित छात्रा के पिता ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि आरोपी, गांव में ही रहता है, छात्रा को घर से बुलाकर पड़ोसी के घर ले गया और वहां इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी। तहरीर लेकर पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुरादाबाद के बेटे डीपी सिंह (देव) ने मुंबई में बजाया डंका

## 'चक्कर चवन्नी का' फ़िल्म को मिले दो बड़े अवॉर्ड

जागरण मोर्चा कार्यालय



अवॉर्ड से सम्मानित होते डीपी सिंह। -जागरण मोर्चा

**मुरादाबाद।** मुंबई में आयोजित KCF के भव्य 'लीजेंड दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड 2026' समारोह में "चक्कर चवन्नी का" हिंदी फीचर फिल्म को दो प्रतिष्ठित अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह समारोह 4 मई को मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित रहेजा क्लासिक क्लब में आयोजित हुआ, जिसमें फिल्म जगत की कई नामचीन हस्तियां मौजूद रहीं। इस आयोजन का नेतृत्व डॉ. कृष्णा चौहान ने किया।

कॉमेडी से भरपूर इस हिंदी फीचर फिल्म ने अपनी दमदार प्रस्तुति और सशक्त कहानी के दम पर दर्शकों और ज्यूरी का दिल जीता। फिल्म को बेस्ट डायरेक्शन अवॉर्ड तथा बेस्ट राइटर अवॉर्ड से नवाजा गया। फिल्म के निर्देशक डी.पी. सिंह (देव) को उनके बेहतरीन निर्देशन के लिए सम्मानित किया गया, जबकि फिल्म की कहानी और लेखन के लिए डॉ. अरविंद दीक्षित को सराहा गया। यह उपलब्धि न केवल फिल्म की टीम के लिए बल्कि मुरादाबाद के लिए भी गौरव का विषय बनी है। फिल्म "चक्कर चवन्नी का" एक मनोरंजक कॉमेडी फिल्म है, जिसमें हास्य का तड़का और सामाजिक संदेश दोनों देखने को मिलते हैं। अवॉर्ड समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा, म्यूजिक डायरेक्टर दिलीप सेन तथा कॉमेडियन सुनील पाल मौजूद रहे। सभी विजेताओं को इन हस्तियों की गरिमामयी मौजूदगी में सम्मानित किया गया। डी.पी. सिंह (देव) को मिला यह सम्मान मुरादाबाद के लिए विशेष उपलब्धि माना जा रहा है, जिसने शहर का नाम मायानगरी मुंबई में रोशन कर दिया। निर्देशक डी.पी. सिंह (देव) को मिला यह राष्ट्रीय सम्मान मुरादाबाद के लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है। स्थानीय प्रतिभा का राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित होना यह साबित करता है कि मुरादाबाद की मिट्टी में कला और हुनर की कोई कमी नहीं। इस सफलता से शहरवासियों में खुशी की लहर है और हर कोई इसे मुरादाबाद के लिए गौरवपूर्ण क्षण मान रहा है।

### करंट लगने से युवक की हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** पीलीभीत के मोहल्ला सुल्ताननगर में एक हृदयविदारक घटना में 19 वर्षीय युवक अभि की करंट लगने से मौत हो गई। अभि अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए एक टेंट हाउस पर काम करता था।

बुधवार दोपहर वह दुकान की छत पर रखे लोहे के पाइप उतार रहा था, तभी पाइप ऊपर से गुजर रही हाई-वोल्टेज बिजली की लाइन से छू गया।करंट की चपेट में आते ही युवक अचेत होकर छत पर गिर पड़ा। स्थानीय लोग उसे तुरंत निजी अस्पताल और फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवान बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।


कोतवाली में उपस्थित ग्रामीणों के साथ भीम आर्मी के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

## जातिसूचक टिप्पणी पर बवाल कार्रवाई न होने पर फूटा गुस्सा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर में व्हाट्सएप ग्रुप पर की गई। जातिसूचक टिप्पणी के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

पीड़ित दिनेश ने पुलिस को मंगलवार को तहरीर देकर पड़ोसी गांव के ही एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की थी। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा पर घर में आयोजित कार्यक्रम का वीडियो 'फैमिली क्लब अल्लीपुर खादर' व्हाट्सएप ग्रुप में साझा किया था। आरोप है कि सोमवार को गांव के ही एक युवक ने उसी ग्रुप में ऑडियो क्लिप डालकर अनुसूचित जाति के खिलाफ बेहद अभद्र और जातिसूचक भाषा का प्रयोग किया था। इस मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर बुधवार की दोपहर बाद भीम आर्मी कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण कोतवाली पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान कोतवाली प्रभारी ने धरना प्रदर्शन के लिए लाए गए तिरपाल को लेकर ग्रामीणों को लताड़ा और मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। भारी दबाव के बाद पुलिस अब मामला दर्ज करने की तैयारी कर रही है। कोतवाली प्रभारी के द्वारा ग्रुप एडमिन 15 लोगों व आरोपी के खिलाफ तहरीर मांगी गई है।

## मुआवजे की मांग: ग्रीन कॉरिडोर के लिए 15 लाख रुपये बीघा की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


मासिक बैठक में उपस्थित भारतीय किसान यूनियन इंडिया के कार्यकर्ता।

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया की एक मासिक बैठक का आयोजन रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगवार में किया गया। बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई बैठक में बोलते हुए लोकेश विधूड़ी ने कहा की स्मार्ट मीटर को लगाने से रोका जाए। जो लगे हैं उनको तत्काल हटाकर पुराने मीटरों को लगाया जाए। क्षेत्र में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जाए। जिन किसानों की जमीन ग्रीन गलियारे में जा रही है उन किसानों को 15 लाख रूपए बीघा के हिसाब से मुआवजा सरकार द्वारा दिया जाए। बैठक में बोलते हुए पूर्व प्रधान दिमाग सिंह ने कहा कि जिन किसानों की जमीन ग्रीन गलियारे में गई है। उनके एक सदस्य को नौकरी देने का काम किया जाए।जिन किसानों की जमीन ग्रीन गलियारा में जाए उन किसानों की 20% जमीन हरा चारा बोने तथा अपने भरण पोषण के लिए दी जाए। 28 मई को छपना से एक अल्टिनेटर चोरी हुआ था। जो अभी तक पुलिस उसका खुलासा नहीं कर सकी है। तुरंत खुलासा किया जाए। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिमाग सिंह ने की तथा संचालन जितेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर सतपाल सिंह, मोहम्मद वारिस, संजय कुमार, शहरोज, शाहनवाज ,जितेंद्र प्रजापति, प्रवीण कुमार, कमर इस्लाम आदि मौजूद रहे।

### ईओ ने लिया विकास कार्यों का जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** नगर निकाय के अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने मोहल्ला अंबेडकर नगर स्थित प्राचीन चामुंडा मंदिर में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति देखी और मौके पर मौजूद सामग्री की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। अधिशासी अधिकारी ने संबंधित ठेकेदार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य मानक के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता वाला होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस निरीक्षण का उद्देश्य मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य को समयबद्ध और बेहतर ढंग से पूर्ण कराना है।

## समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने किया बैठक का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय


मासिक बैठक में उपस्थित भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन ने मासिक बैठक का आयोजन किया। बुधवार को बैठक नगर के मंडी समिति में आयोजित की गई।

बैठक में बिजली विभाग के एसडीओ तथा नायब तहसीलदार द्वारा किसानों की समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण करने का भरोसा दिलाया गया। आने वाली 15 मई तक समाधान कराए जाने के आश्वासन पर किसानों ने पंचायत को समाप्त किया। राष्ट्रीय सचिव चौधरी उम्मेद सिंह ने किसानों की सभी समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द कराने की अधिकारियों से बात कही। जिला अध्यक्ष कावेंद्र सिंह ने संगठन विस्तार करने की बात कही सभी तहसीलों व ब्लॉक अध्यक्षों से संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक का संचालन गंगेश्वरी ब्लॉक अध्यक्ष अजब सिंह ने किया तथा अध्यक्षता डालचंद सैनी ने की।इस मौके पर योगेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, सचिन त्यागी, राजपाल मौर्य, दिनेश चौहान आदि किसानों ने अपने-अपने विचार रखे इस मौके पर कविंद्र सिंह, कांता प्रसाद, उम्मेद सिंह, योगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### गैंगस्टर एक्ट में दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**किरतपुर।** पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शाकिब (निवासी जहानाबाद) और दीपक गोयल (निवासी किरतपुर) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, ये आरोपी गिरोह बनाकर चोरी और लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देकर क्षेत्र में भय फैला रहे थे।शाकिब पर हत्या के प्रयास और चोरी सहित 8 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, वहीं दीपक गोयल का भी लंबा आपराधिक इतिहास है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। पुलिस अपराधियों के खिलाफ जिला बदर और कुर्की जैसी सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कह रही है।

## छेड़छाड़ की शिकायत लेकर पहुंची महिला को धमकाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा क्षेत्र में सात वर्षीय मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ का एक शर्मनाक मामला सामने आया है। घटना चार दिन पहले की है, जब बच्ची गांव के पास स्थित एक आम के बाग में आम बीनने गई थी।

आरोप है कि बाग की रखवाली कर रहे युवक ने बच्ची को गलत नीयत से पकड़ लिया और अपनी झोपड़ी में ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। आरोपी ने बच्ची को डराया और अगली बार अधिक आम देने का लालच देकर चुप रहने को कहा।डरी-सहमी बच्ची ने बाद में अपनी मां को आपबीती सुनाई। पीड़िता की मां जब शिकायत लेकर बाग मालिकों के पास पहुंची, तो उन्होंने सहानुभूति दिखाने के बजाय गाली-गलौज की और कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। हद तो तब हो गई जब पीड़िता की मां न्याय की गुहार लेकर कोतवाली पहुंची। आरोप है कि वहां तैनात एक दरोगा ने पीड़िता की मां की बात सुनने के बजाय उनके साथ अभद्रता की और उन्हें ही जेल भेजने की धमकी दे डाली।इस घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली और 'मिशन शक्ति' जैसे अभियानों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़िता की मां ने अब उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों सहित अभद्रता करने वाले पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## किसानों के मसीहा को श्रद्धांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला।** राष्ट्रीय लोक दल की जिला कार्यकारिणी द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि पर हवन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

बुधवार को नगर के टीचर्स कालोनी स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित हवन के बाद सभा को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने कहा कि चौधरी अजित सिंह का पूरा जीवन किसानों, मजदूरों, गरीबों एवं समाज के हर वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लड़ने में समर्पित रहा। उन्होंने हमेशा किसान हितों और सामाजिक न्याय की राजनीति को मजबूती देने का कार्य किया। कहा कि चौधरी साहब के विचार, संघर्ष और सिद्धांत आज हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा हैं। उनका जीवन सादगी, संघर्ष और किसान हितों के प्रति समर्पण का प्रतीक था। इस दौरान कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री मनवीर सिंह चिकारा , मंडलाध्यक्ष सरजीत सिंह, डॉ0 सत्यवीर चौहान, योगेंद्र सिंह, अटल कुमार, मुजाहिद चौधरी, दिनेश शर्मा, अमित चौधरी, पुष्पराज चौधरी आदि मौजूद रहे। इधर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा इंद्रवती ने अपने टीचर्स कालोनी स्थित आवास पर चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि मनाई और उनके कार्यकाल पर रौशनी डाली। इस मौके पर बसपा नेता चौ0 बलवीर सिंह, निरंजन चौधरी, जिंप सदस्य मीनाक्षी चौधरी, रविंद्र सिंह, समीक्षा, विपिन कुमार, बदन सिंह आदि मौजूद रहे।

### बच्चों को सिखाए सड़क सुरक्षा नियम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** थाना चौराहा पर यातायात पुलिस के उप निरीक्षक रामकुमार तोमर ने सड़क पार कर रहे स्कूली बच्चों को सुरक्षित सफर के गुर सिखाए। उन्होंने बच्चों को बताया कि सावधानी और नियमों का पालन कर ही सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। पुलिस ने जोर दिया कि हेलमेट और सीट बेल्ट केवल पुलिस से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं की जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य हैं।उप निरीक्षक ने बच्चों को चेतावनी दी कि कम उम्र में वाहन चलाना कानूनी अपराध है। उन्होंने शराब पीकर वाहन न चलाने और सड़क पार करते समय दोनों ओर देखने की सलाह दी। इस दौरान बच्चों को यातायात सुरक्षा संबंधी पंपलेट भी बांटे गए।

## खाद की किल्लत से जूझ रहे किसान, दो बोरी की सीमा से बढ़ी नाराजगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** क्षेत्र में यूरिया व डीएपी खाद की कमी से किसान परेशान हैं। सहकारी समितियों और खाद की दुकानों पर किसान फार्मर रजिस्ट्री लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन जमीन अधिक होने के बावजूद उन्हें मात्र दो बोरी खाद ही दी जा रही है, जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

किसानों का कहना है कि विभागीय निर्देशों के अनुसार बिना फार्मर आईडी और मशीन पर अंगूठा लगाए खाद नहीं दी जा रही है। घंटों लाइन में लगने के बाद भी जरूरत के अनुसार खाद नहीं मिल पा रही। सहकारी समिति मौढी हजरतपुर पर भी यही स्थिति देखने को मिली, जहां अधिक भूमि वाले किसानों को भी सिर्फ दो बोरी खाद देकर वापस भेज दिया गया। ग्राम गुल्हड़िया हीरापुर निवासी किसान यशपाल सिंह, जिनकी 60 बीघा से अधिक जमीन फार्मर रजिस्ट्री में दर्ज है, उन्हें भी केवल दो बोरी खाद दी गई। इसके अलावा सतवीर सिंह, हरपाल सिंह, राम सिंह सहित कई किसानों को खाद नहीं मिल सकी। किसानों का आरोप है कि जब फार्मर आईडी जमीन के अनुसार बनाई गई है, तो उसी अनुपात में खाद क्यों नहीं दी जा रही। इस संबंध में सहकारी समिति के सचिव स्पष्ट जवाब देने को तैयार नहीं है। किसानों ने मुरादाबाद के मंडलायुक्त अंजनी कुमार सिंह से शिकायत कर सहकारी समिति व कृषि विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**पुष्पांजलि** | समाज सुधारक शाहू जी महाराज के महापरिनिर्वाण दिवस पर उमड़े लोग

## छत्रपति शाहू जी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई

जागरण मोर्चा कार्यालय


महाराज छत्रपति शाहूजी के महापरिनिर्वाण दिवस की पुण्यतिथि मनाते कार्यकर्ता।

**ठाकुरद्वारा।** ग्राम करनपुर में महान समाज सुधारक छत्रपति शाहू जी महाराज का महापरिनिर्वाण दिवस (पुण्यतिथि) श्रद्धा, सम्मान और सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शाहू जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में शाहू जी महाराज के जीवन, उनके संघर्ष और समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शाहू जी महाराज एक सच्चे प्रजातंत्रवादी, दूरदर्शी शासक और महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने समाज के वंचित, पिछड़े और दलित वर्गों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उनके द्वारा लागू की गई 50 प्रतिशत आरक्षण व्यवस्था को सामाजिक न्याय की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया गया, जो आज भी समानता और अधिकारों की लड़ाई में प्रेरणा स्रोत है। वक्ताओं ने कहा कि शाहू जी महाराज ने शिक्षा, सामाजिक समानता और जातिगत भेदभाव को खत्म करने के लिए निरंतर प्रयास किए। उनका जीवन समाज में समरसता और भाईचारे का संदेश देता है, जिसे आज के समय में अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार रखे और शाहू जी महाराज के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान हकीम अनवार हुसैन (जिला सचिव, कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद), रमेश सिंह पाल, हाजी जहीर आलम, दिलशाद अल्वी, इलियास अंसारी सहित कई पदाधिकारी मौजूदरहे ।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्म्मनित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** धर्म सिंह इंटर कॉलेज चेतरामपुर में बोर्ड परीक्षा 2026 के उत्कृष्ट परीक्षार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त और डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने मेधावियों को पुरस्कृत किया। जिला स्तर पर चौथा स्थान पाने वाली वर्णिका लांबा को 5100 रुपये और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली वंशिका पाल और हाईस्कूल में शत-प्रतिशत गणित अंक लाने वाली अफशा रानी को 2100-2100 रुपये दिए गए। गणित शिक्षक ध्रुव कुमार को भी उत्कृष्ट परिणाम के लिए पुरस्कृत किया गया।

## विशेषज्ञों ने बताए कीट नियंत्रण के उपाय

जागरण मोर्चा कार्यालय



**ब्लॉक क्षेत्र के गांव कांकाठेर में गोष्ठी आयोजित**

**गजरौला।** कृषि विभाग द्वारा संचालित नमामि गंगे योजना के अंतर्गत आयोजित गौष्ठी में जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर से सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ.सीपी सिंह ने कृषि भूमि को रसायन से मुक्त रखते हुए कीट रोग नियंत्रण के लिए प्रयोग की जनि वाली विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र के गाँव कांकाठेर में आयोजित गौष्ठी में डॉ.सीपी सिंह ने बताया कि कृषि भूमि को रसायन मुक्त रखते हुए कीट रोग नियंत्रण के लिए किसान सोलर लाइट ट्रैप, फीरोमोन ट्रैप, यलो स्टिकी ट्रैप, ट्राइकोग्रामा कार्ड, ब्यूवेरिया बेसियाना आदि का प्रयोग करें। सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा ) डॉ.पायल सक्सेना ने किसानों को खेती में होने वाले रोगों जैसे गन्ने में लाल सड़न, पोक्का, बोईंग से बचने के लिए जैविक फफूंदीनाशक ट्राइकोडमी हरजियेनम का प्रयोग करके भूमि शोधन एवं बीज शोधन करने के सम्बन्ध में जानकारी दी। चमन सिंह ने बीजामृत और जीवामृत के उपयोग और कैलाश कुमार ने ब्रह्मशास्त्र और नीमास्त्र प्राकृतिक कीटनाशकों के विषय में जानकारी दी। राजेंद्र सिंह ने आसपास मोजूद पेड़ों की पत्तियों से दशपर्णी अर्क बनाकर फसलों को कीटों से बचाने के उपाय बताये।

# संपादकीय

## वैचारिक जनादेश भी

बंगाल और तमिलनाडु के जनादेश 'मील-पत्थर' हैं। बंगाल जीत कर आरएसएस का चिर-संचित एजेंडा भी पूरा हो गया है, तो तमिलों ने 64 साल पुरानी द्रविड़ राजनीति को खारिज कर नई विचारधारा, नए एजेंडे को चुना है। आरएसएस का पुराना एजेंडा था कि जम्मू-कश्मीर, असम, पूर्वोत्तर और बंगाल को जीत कर राष्ट्रवाद की सत्ता स्थापित करनी है। 'जनसंघ' की स्थापना के बाद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर पर फोकस किया और 'एक राष्ट्र, एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' की विचारधारा पर आंदोलन खड़ा किया। उन्होंने शहादत भी दी। बहरहाल वह दौर घोर अतीत और एक इतिहास हो चुका है, लेकिन आज भाजपा ने बंगाल का ऐतिहासिक, प्रचंड, अभूतपूर्व जनादेश हासिल कर संघ की वैचारिक सोच को संपूर्णता दी है। दरअसल बंगाल, असम, पूर्वोत्तर भाजपा की वैचारिक सफलताओं के प्रतीक हैं। जम्मू-कश्मीर में भी उपराज्यपाल के जरिए भाजपा ही सत्ता में है, क्योंकि वहां उपराज्यपाल ही 'प्रशासनिक प्रमुख' होते हैं। मुख्यमंत्री निर्वाचित हैं, लेकिन वह 'प्रतीकात्मक' हैं। बहरहाल अब देश के 'अंग, बंग, कलिंग' पर संघ परिवार का राजनीतिक वर्चस्व है। भाजपा-एनडीए देश के 21-22 राज्यों और करीब 70 फीसदी भू-भाग पर काबिज हैं। यह सफलता और विस्तार पुरानी कांग्रेस के दौर की पुनरावृत्ति भी लगती है। अब भाजपा के सामने एक देश, एक चुनाव, समान नागरिक संहिता का राष्ट्रीयकरण, बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान और उन्हें देश के बाहर खदेड़ना, देश के नए परिसीमन और अंततः नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने के एजेंडीय काम शेष हैं। यकीनन वे राजनीतिक चुनौतियां भी हैं। तमिलनाडु का जनादेश भी वैचारिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। 1960 के दशक में वहां द्रविड़ राजनीति का आंदोलन ऐसा खड़ा किया गया कि 1967 के बाद कांग्रेस तमिलनाडु की सत्ता में कभी लौट ही नहीं पाई। पेरियार (ईवी रामासामी नायकर) दक्षिण भारत के एक महान समाज सुधारक, तर्कवादी, नास्तिक, द्रविड़ आंदोलन के जनक थे। उन्होंने तमिलनाडु में जाति-व्यवस्था, ब्राह्मणवाद, अंधविश्वास और महिला उत्पीड़न के खिलाफ 'आत्म-सम्मान आंदोलन' चलाया। उनके सामाजिक न्याय योगदान के कारण उन्हें 'पेरियार' (महान व्यक्ति) कहा जाता है। द्रविड़ राजनीति का विभाजन हुआ और द्रमुक, अन्नाद्रमुक नामक राजनीतिक दल स्थापित हुए, लेकिन उनकी बुनियादी सोच एक ही थी। उन्हें वैकल्पिक तौर पर जनादेश भी मिलते रहे। मौजूदा संदर्भों तक द्रविड़ राजनीति देश में उत्तर बनाम दक्षिण, हिंदी-विरोधी, सनातन-विरोधी की पर्याय ही बनी रही। निवर्तमान मुख्यमंत्री स्टालिन के पुत्र उदय स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना 'मच्छर, मलेरिया, डेंगू और कोरोना' से की और उनके समूल नाश के आह्वान किए। अब विधानसभा चुनाव में तमिल जनता ने छह दशकों के लंबे कालखंड के बाद द्रविड़ राजनीति को खारिज किया है। यह बहुत बड़ा वैचारिक बदलाव है। हालांकि सुपरस्टार विजय की दो साल पुरानी पार्टी 'टीवीके' को बहुमती जनादेश नहीं मिला है, लेकिन वह सबसे बड़ी पार्टी और बहुमत के बेहद करीब है, लिहाजा सत्ता का आमंत्रण उन्हें ही मिलेगा। विजय ने व्यापक संदर्भों में भ्रष्टाचार के खिलाफ और शिक्षा-रोजगार जैसे क्षेत्रों में सुधारों का एजेंडा पेश किया है। बंगाल, तमिलनाडु, असम के संदर्भ में 'मुफ्तखोरी की रेवडियां' जिस तरह परोसी गई हैं, वे अंततः देशहित में नहीं हैं और देश पर कर्ज का बोझ ही बढ़ाएंगी। प्रधानमंत्री मोदी 'रेवडियों' का सार्वजनिक विरोध करते रहे हैं, लेकिन फिर भी उनकी पार्टी रेवडियों को 'गारंटी' के तौर पर परोसती है। तमिलनाडु पर करीब 10 .42 लाख करोड़ रुपए और बंगाल पर 7 .90 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। बंगाल में करीब 6688 कंपनियां और फैक्टरियां राज्य छोड़ कर कहीं और चली गई हैं। बंगाल के करीब 7 .18 लाख लोग पलायन कर चुके हैं। तमिलनाडु की आर्थिक विकास दर बेहतर है, लेकिन कर्ज कैसे चुकता किया जाएगा? औसत चुनाव में किसानों के कर्ज माफ के आश्वासन दिए जाते हैं।

# गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों का कुशल प्रबंधन ही समाधान



भारत की ऊर्जा बहस अक्सर बड़े उद्योगों, बिजली उत्पादन और पेट्रोलियम आयात के इर्द-गिर्द घूमती है, लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि देश की ऊर्जा खपत का एक बड़ा हिस्सा चुपचाप हमारी रसोई में खर्च होता है। भोजन पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाली ऊर्जा न केवल घरेलू अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है, बल्कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और सामाजिक संरचना पर भी गहरा असर डालती है। ऐसे में हमें अब ऊर्जा के पारंपरिक स्रोतों के कुशल प्रबंधन की ओर ध्यान देना चाहिए। इस कुशल प्रबंधन से हम अपने देशी ऊर्जा संसाधनों को विकसित कर ऊर्जा के घरेलू खपत के मामले में आत्मनिर्भर हो सकते हैं।

आंकड़े बताते हैं कि भारत में आज भी लगभग 40 प्रतिशत ग्रामीण परिवार लकड़ी, गोबर और फसल अवशेष जैसे ठोस ईंधनों पर निर्भर हैं। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आइआए) के अनुसार, इन पारंपरिक ईंधनों से उत्पन्न घरेलू वायु प्रदूषण हर साल लाखों लोगों की असमय मृत्यु का कारण बनता है। यह केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा है, जिसका सबसे अधिक असर महिलाओं और बच्चों पर पड़ता है। ऐसे परिदृश्य में गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत-विशेषकर रसोई के लिए-एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुके हैं। गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत वे ऊर्जा स्रोत हैं, जो पारंपरिक स्रोतों (कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस) से अलग हैं और पर्यावरण पर कम प्रभाव डालते हैं। गोबर गैस या बायोगैस इसका सबसे सशक्त उदाहरण है।

ग्रामीण भारत में उपलब्ध जैविक संसाधनों-जैसे गोबर और रसोई अपशिष्ट-से तैयार यह गैस न केवल सस्ती और सुलभ है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। इससे निकलने वाला अवशेष जैविक खाद के रूप में खेतों की उर्वरता बढ़ाता है, जिससे यह एक समग्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार बन सकता है। नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार, फिलहाल भारत में लगभग 50 लाख परिवार ही गोबर गैस या बायोगैस का उपयोग कर रहे हैं, जबकि हमारे देश में कुल परिवारों की संख्या लगभग 25 करोड़ है। यदि क्षमता की बात की जाये, तो मंत्रालय द्वारा एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में 12 से 15 करोड़ परिवार को गोबर गैस या फिर बायोगैस से जोड़ा जा सकता है। इस मामले में सरकार का भी प्रयास थोड़ा लचर रहा है। एक ओर जहां उज्जवला आदि योजना के माध्यम से सरकार द्वारा एलपीजी को प्रोत्साहित किया गया, वहीं स्वदेशी तकनीक को प्रोत्साहित नहीं किया गया।

> **आंकड़े बताते हैं कि भारत में आज भी लगभग 40 प्रतिशत ग्रामीण परिवार लकड़ी, गोबर और फसल अवशेष जैसे ठोस ईंधनों पर निर्भर हैं. अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आइआए) के अनुसार, इन पारंपरिक ईंधनों से उत्पन्न घरेलू वायु प्रदूषण हर साल लाखों लोगों की असमय मृत्यु का कारण बनता है**

इसके अलावा गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों में मुख्यतः सौर ऊर्जा-सूरज की रोशनी से बिजली बनाना (सोलर पैनल), पवन ऊर्जा-हवा की गति से टर्बाइन चलाकर बिजली बनाना, जल विद्युत- पानी की गतिज ऊर्जा से बिजली बनाना (हाइड्रोपावर), भूतापीय ऊर्जा-पृथ्वी की आंतरिक गर्मी से ऊर्जा प्राप्त करना, बायोमास ऊर्जा-जैविक पदार्थों (कृषि अवशेष, लकड़ी) से ऊर्जा बनाना आदि आते हैं। ये सभी गैर पारंपरिक स्रोत पर्यावरण अनुकूल हैं, हमारी प्रकृति में उपलब्ध हैं या प्रकृति प्रदत्त हैं एवं नवीकरणीय (ये स्रोत प्राकृतिक रूप से पुनःपूर्ति होते रहते हैं)। इन स्रोतों को स्थानीय विकास के साथ जोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और ऊर्जा सुरक्षा प्रदान की जा सकती है।

सौर ऊर्जा भी इस दिशा में एक क्रांतिकारी विकल्प हो सकता है। सोलर कुकर और सामुदायिक सोलर किचन जैसे प्रयोग ये साबित कर रहे हैं कि सूरज की ऊर्जा से भोजन पकाना न केवल संभव है, बल्कि दीर्घकाल में यह अत्यंत किफायती भी है। हालांकि मौसम पर निर्भरता और धीमी प्रक्रिया जैसी सीमाएं हैं, फिर भी तकनीकी सुधारों के साथ यह विकल्प तेजी से व्यावहारिक होता जा रहा है। इसके अलावा बायोमास गैसीफायर और उन्नत चूल्हे जैसी तकनीकें पारंपरिक ईंधनों को अधिक दक्ष और कम प्रदूषणकारी बनाने का काम कर रही हैं। ये समाधान विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण हैं, जहां पूर्ण रूप से स्वच्छ ऊर्जा में संक्रमण अभी संभव नहीं है। वहीं, बायो एथेनॉल और बायो एलपीजी जैसे नये प्रयोग भविष्य के ऊर्जा विकल्पों की दिशा दिखाते हैं, जो कृषि अपशिष्ट को उपयोगी ईंधन में बदल सकते हैं।

इधर के दिनों में सरकार ने भी इस दिशा में थोड़ी पहल की है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा बायोगैस और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर चुनौतियां बनी हुई हैं-चाहे वह जागरूकता की कमी हो, प्रारंभिक लागत का बोझ हो या तकनीकी रखरखाव की समस्या हो। इस दिशा में प्रगति का अभाव साफ देखने को मिल रहा है। यह स्पष्ट है कि केवल योजनाएं और तकनीकें इस बदलाव को संभव नहीं बना सकतीं। इसके लिए सामाजिक स्वीकृति, स्थानीय भागीदारी और नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता है। जब तक ग्रामीण समुदाय इन विकल्पों को अपने जीवन का हिस्सा नहीं बनाते, तब तक यह परिवर्तन अधूरा रहेगा।

# एक दौर का चुनाव और अनेक निष्कर्ष



हालिया विधानसभा चुनावों ने राजनेताओं को एक बार फिर यह याद दिलाया है कि यहां कोई भी किला स्थायी नहीं होता। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी का प्रचंड बहुमत और तृणमूल कांग्रेस की पराजय ने उस धारणा को तोड़ दिया है कि मजबूत क्षेत्रीय नेतृत्व अजेय होता है। ममता बनर्जी की राजनीतिक पकड़ के बावजूद सत्ता परिवर्तन यह बताता है कि मतदाता अब नेतृत्व की छवि से आगे बढ़कर ठोस परिणामों का मूल्यांकन कर रहा है।

दक्षिण में तमिलनाडु का परिणाम शायद सबसे दिलचस्प है, जहां अभिनेता विजय की पार्टी का सिंगल लार्जेस्ट बनना केवल सत्ता परिवर्तन का संकेत नहीं, बल्कि राजनीतिक रिक्तता में नए विकल्प की मांग का प्रमाण है। यह उस बदलाव की ओर इशारा करता है, जहां पारंपरिक द्रविड़ राजनीति के बीच मतदाता नए नेतृत्व को परखने के लिए तैयार है।

केरल में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनने की स्थिति यह दिखाती है कि वैचारिक रूप से सजग माने जाने वाले राज्य भी सत्ता परिवर्तन के लिए तैयार रहते हैं, यदि मतदाता को विकल्प विश्वसनीय लगता है। इसके विपरीत असम में भाजपा की लगातार तीसरी जीत यह साबित करती है कि जहां शासन मॉडल स्वीकार्य है, वहां एंटी-इंकम्बेंसी भी समाप्त हो जाती है। पुदुचेरी में भाजपा गठबंधन की दूसरी बार सरकार इसी निरंतरता का एक और उदाहरण है। इन पांच राज्यों के नतीजों से साफ है कि भारत में अब कोई एक राजनीतिक ट्रेंड नहीं, बल्कि कई समानांतर ट्रेंड चल रहे हैं। इन नतीजों को यदि विश्लेषणात्मक दृष्टि से देखें, तो तीन बड़े ट्रेंड सामने आते हैं। पहला है चयनात्मक एंटी-इंकम्बेंसी। यानी हर राज्य में सत्ता विरोधी लहर नहीं है। जहां सरकार का प्रदर्शन संतोषजनक है, वहां मतदाता उसे दोहराने में संकोच नहीं करता। दूसरा है क्षेत्रीय दलों को चुनौती। यहां बंगाल का परिणाम बताता है कि मजबूत क्षेत्रीय दल भी चुनौती से परे नहीं हैं। और तीसरा है नए विकल्पों की स्वीकार्यता। तमिलनाडु में 'सिने स्टार' से 'सियासी स्टार' बने विजय का उभार यह दर्शाता है कि मतदाता नए चेहरों को मौका देने के लिए तैयार है।

इन चुनावों का सबसे बड़ा निष्कर्ष यह है कि भारतीय राजनीति अब एकल नैरेटिव से संचालित नहीं होती। बंगाल में सत्ता परिवर्तन, तमिलनाडु में नए विकल्प का उभार, केरल में वामपंथियों की शिकस्त और कांग्रेस की वापसी तथा असम व पुदुचेरी में स्थिरता- यह विविधता इस बात का संकेत है कि मतदाता अब अधिक सूक्ष्म स्तर पर निर्णय ले रहा है। वह राष्ट्रीय मुद्दों से प्रभावित जरूर होता है, लेकिन अंतिम फैसला स्थानीय अनुभव और नेतृत्व की विश्वसनीयता के आधार पर करता है। इन संकेतों की असली परीक्षा 2027 में होगी, जब उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर, हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव होंगे। समय-सीमा के अनुसार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में चुनाव अगले वर्ष की पहली तिमाही में संभावित हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश और गुजरात में वर्ष के अंत में मतदान हो सकता है। लेकिन यह केवल चुनावी कैलेंडर नहीं है। यह उन राजनीतिक प्रवृत्तियों की परीक्षा है, जो अभी उभरकर सामने आई हैं।

उत्तर प्रदेश का चुनाव इन सभी ट्रेंड्स का सबसे बड़ा परीक्षण होगा। यहां का जनादेश केवल राज्य की राजनीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दिशा भी तय करता है। सामाजिक समीकरण, कल्याणकारी योजनाएं, कानून-व्यवस्था और विकास जैसे कारक मिलकर यहां चुनावी परिणाम तय करते हैं। बंगाल का उदाहरण दिखाता है कि सत्ता परिवर्तन संभव है, जबकि असम का उदाहरण बताता है कि निरंतरता भी संभव है। उत्तर प्रदेश इन दोनों के बीच संतुलन का मैदान होगा।

उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की परंपरा रही है। लेकिन अब सवाल यह है कि क्या यह परंपरा जारी रहेगी या मतदाता प्रदर्शन के आधार पर स्थिरता को प्राथमिकता देगा। गुजरात लंबे समय से एक राजनीतिक स्थिरता का उदाहरण रहा है। लेकिन बंगाल के नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी राजनीतिक गढ़ पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। यदि विपक्ष संगठित होता है और स्थानीय मुद्दे उभरते हैं, तो यहां भी मुकाबला रोचक हो सकता है। पंजाब में राजनीति हमेशा परिवर्तनशील रही है।

## कामयाब रही भाजपा की रणनीति



भाजपा के लिए पश्चिम बंगाल की जीत बहुत बड़ी जीत है। ऐसा बहुत कम होता है कि बंगाल में 2011 में जिस पार्टी के पास एक भी सीट नहीं थी, 2026 में वह सत्ता में आ गयी। वर्ष 2016 के चुनाव में भाजपा को तीन सीटें आयी थीं, जबकि 2021 में 77 सीटें आयीं। जाहिर है, इस दौरान भाजपा संगठन ने बहुत मेहनत की। भाजपा ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मुद्दे पर जोर दिया। बांग्ला भाषा में दखल न होने के बावजूद नरेंद्र मोदी ने खुद को वहां के चुनाव में जिस तरह प्रभावी साबित किया, वह बहुत बड़ी बात है। अमित शाह का रणनीतिक कौशल भी भाजपा की जीत में बहुत कारगर साबित हुआ। बहुत से लोगों का मानना था कि पश्चिम बंगाल में भाजपा सत्ता में नहीं आ पायेगी, लेकिन मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने इसे गलत साबित कर दिखाया। राजनीति के एक छात्र के रूप में मेरा मानना यह है कि जवाहर लाल नेहरू तक पश्चिम बंगाल में ऐसा असर नहीं डाल पाये थे, जितना असर नरेंद्र मोदी ने डाला है। यह बड़ी बात है।

ममता बनर्जी के लिए यह बहुत बड़ी हार है। अगर वह चौथी बार चुनाव जीततीं, तो प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार होतीं। लेकिन भ्रष्टाचार और आर जी कर अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले ने उनकी छवि कमजोर की। हिंदी भाषी न होने के कारण ममता बनर्जी के लिए आने वाले समय बेहद चुनौती भरे हैं। अपनी हार के लिए वह चुनाव आयोग और एसआइआर को जिम्मेदार ठहरा सकती हैं, पर ऐसे में, कामकाज की उनकी शैली और भ्रष्टाचार पर भी सवाल उठेंगे। यह याद रखना चाहिए कि पहले वह एनडीए में थीं और वाजपेयी सरकार में रेल मंत्री रह चुकी थीं। हालांकि यह मानना कठिन है कि वह फिर से एनडीए के साथ अपने रिश्ते सुधारेंगी। बंगाल में हार के साथ ही 2029 के लोकसभा चुनाव में उनकी लड़ाई कठिन हो गयी है। ममता के लिए अपने 39 लोकसभा सांसदों पर नियंत्रण बनाये रखना भी कठिन होगा। पश्चिम बंगाल में लोकसभा की चूंकि 42 सीटें हैं, लिहाजा यह चुनाव जीतकर भाजपा ने 2029 में अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है।

कांग्रेस ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत अच्छा हो सकता था। केरल में तो वह जीती है, पर अगर तमिलनाडु में विजय के साथ वह गठबंधन करती, तो राष्ट्रीय राजनीति में राहुल गांधी का ग्राफ बहुत अधिक बढ़ जाता। राहुल गांधी की विजय के साथ मुलाकात भी तय थी।

## केरल से सत्ता तो केरलम् से ही हाशिये में जाती कम्युनिस्ट पार्टियां



पांच राज्यों के 4 मई के चुनाव परिणाम देश में बड़े बदलाव का संकेत लेकर आये हैं। एक और जहां पश्चिम बंगाल में पिछले 15 साल का ममता बनर्जी सरकार की करारी हार हुई है तो केरलम् में एलडीएफ की करारी हार के साथ ही देश में एक मात्र वामपंथी सरकार का भी अंत हो गया है। असम में हिमंता सरकार की हेटट्रिक, पुडुचेरी में एनडीए की वापसी और तमिलनाडू में डीएमके-एआईडीएमके की 57 साल की राजनीति का अंत और अभिनेता से नेता बने विजयन का उदय बहुत कुछ कहता है। जनता ने अपना मेंडेट दे दिया है तो चुनाव आयोग ने भी अपना कार्य बखूबी निभा दिया है भले ही अब हारने वाले लाख आरोप-प्रत्यारोप लगायें पर इन चुनावों की एक खास विशेषता यह रही कि मतदान प्रतिशत में उल्लेखनीय बढ़ोतरी और हिंसा भी लगभग नहीं के बराबर रही है। प.बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत के साथ भाजपा का वर्षों पुराना सपना पूरा हो गया है वहीं सबसे अधिक चिंतनीय व गंभीर परिणाम यह रहा है कि केरलम् में वामपंथी सरकार की हार के साथ ही देश में वामपंथ हाशिये में चला गया है। मजे की बात यह है कि 1956 में त्रावणकोर, कोचिन और मालाबार को मिलाकर बने केरलम् की 1957 की पहली चुनी हुई सरकार कम्युनिस्ट पार्टी ईएमएस नंबूदरीपाद की बनी। ठीक 70 साल बाद केरलम् में वामपंथियों की हार के साथ ही देश में वामपंथियों की एकमात्र राज्य की अंतिम सरकार का भी अंत हो गया है। सवाल यह उठने लगा है कि प. बंगाल और त्रिपुरा की तरह केरलम् में भी क्या अब वामपंथी सरकार आने वाले सालों में वापसी नहीं कर पायेगी ? इतिहास तो यही बता रहा है कि 34 साल के लगातार शासन के बावजूद 2011 के बाद से प. बंगाल में कम्यूनिस्ट सरकार की वापसी नहीं हो पायी है तो 25 साल से सरकार के बावजूद त्रिपुरा में भी 2018 के बाद से कम्युनिस्ट सरकार की वापसी नहीं हो पायी है।

# पांच राज्यों के जनादेश ने बदल दिया भारतीय राजनीति का व्याकरण

पांच राज्यों के हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों ने भारतीय राजनीति के बदलते मानस को एक नई दिशा दी है। इन नतीजों ने यह संकेत स्पष्ट कर दिया है कि मतदाता अब केवल परंपरागत सामाजिक समीकरणों से प्रभावित होकर निर्णय नहीं ले रहा, बल्कि शासन की गुणवत्ता, विकास की गति और राजनीतिक विश्वसनीयता को अधिक महत्व दे रहा है। लंबे समय तक भारतीय राजनीति में जातीय, सांप्रदायिक, भाषाई और क्षेत्रीय पहचानें चुनावी सफलता का आधार रही हैं। किंतु ताज़ा जनादेश यह बताता है कि इन सीमित राजनीतिक समीकरणों की प्रभावशीलता अब कम होती दिखाई दे रही है। मतदाता अब ऐसी राजनीति को प्राथमिकता दे रहा है जो स्थिर शासन, विकासोन्मुख नीतियों और व्यापक सामाजिक विश्वास का आश्वासन देती हो। पश्चिम बंगाल का परिणाम इस परिवर्तन का सबसे चर्चित उदाहरण बनकर सामने आया है। यहां लंबे समय से प्रभावशाली रही All India Trinamool Congress को अप्रत्याशित झटका लगा, जबकि Bharatiya Janata Party ने उल्लेखनीय बढ़त हासिल की। उपलब्ध प्रारम्भिक विश्लेषणों से संकेत मिलता है कि उत्तर बंगाल तथा सीमावर्ती जिलों में मतदाताओं ने सुरक्षा, प्रशासनिक विश्वसनीयता और राजनीतिक विकल्प जैसे प्रश्नों को प्रमुखता दी। यही कारण है कि अनेक ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में सत्ता-विरोधी रुझान स्पष्ट दिखाई दिया, जहाँ पहले परंपरागत मतदान पैटर्न अपेक्षाकृत स्थिर माने जाते थे। विशेष रूप से बंगाल में यह तथ्य ध्यान देने योग्य है



कि मुस्लिम-बहुल माने जाने वाले कुछ क्षेत्रों में भी राजनीतिक समीकरण पूर्ववत नहीं रहे। इससे यह संकेत मिलता है कि मतदाता समुदायों के एकरेखीय ध्रुवीकरण की पारंपरिक धारणाएँ अब पहले जितनी निर्णायक नहीं रहीं। यह परिवर्तन केवल दलगत नहीं, बल्कि राजनीतिक व्यवहार में गहरे पुनर्संयोजन का संकेत है। तमिलनाडु में जनादेश ने एक अलग संदेश दिया। दशकों से प्रभावी द्रविड़ राजनीति के बीच Tamilaga Vettri Kazhagam का सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरना बताता है कि मतदाता नए विकल्पों के प्रति खुला है। यद्यपि यह पूर्ण बहुमत से पीछे रही, फिर भी इस परिणाम ने यह सिद्ध किया कि राजनीतिक परंपराएँ अब अचल नहीं रहीं। केरलम में भी जनादेश उल्लेखनीय रहा, जहाँ United Democratic Front ने भारी बढ़त बनाते हुए वामपंथी राजनीति को गंभीर चुनौती दी। यह परिणाम बताता है कि वैचारिक स्थायित्व भी तब तक सुरक्षित नहीं रहता जब तक शासन-प्रदर्शन जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप न हो। पुडुचेरी जैसे बहुभाषिक और बहु-क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य वाले केंद्रशासित प्रदेश में भी मतदाताओं ने स्थानीय अस्मिताओं से ऊपर उठकर अपेक्षाकृत व्यापक राजनीतिक दृष्टि का परिचय दिया। वहीं Assam में सीमाई सुरक्षा, अवैध घुसपैठ और प्रशासनिक स्थिरता जैसे प्रश्न चुनावी विमर्श के केंद्र में रहे। इन पाँच राज्यों के परिणामों का सबसे बड़ा संदेश यही है कि भारतीय मतदाता अब अधिक सजग, अधिक विश्लेषणशील और अधिक परिणामोन्मुख हो चुका है। केवल जातीय गणित, तुष्टिकरण, परिवारवाद या संकीर्ण पहचान की राजनीति अब स्वतः विजय का आश्वासन नहीं दे सकती।यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारतीय लोकतंत्र एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है—जहाँ मतदाता दलों से केवल नारे नहीं, बल्कि विश्वसनीय शासन, विकास और भविष्य की स्पष्ट दिशा की अपेक्षा रखता है।

**-डॉ. सत्यम मिश्र**

## एक नजर

### गुरुद्वारा आलमबाग में सुखमनी साहिब पाठ की शुरुआत

**लखनऊ।** आलमबाग स्थित गुरुद्वारा में साहिब श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज की पावन शहादत को समर्पित श्री सुखमनी साहिब पाठों की श्रृंखला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में करीब 100 महिला संगत ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। गुरुद्वारा परिसर में भक्ति और शांति का माहौल रहा, जहां संगत ने गुरबाणी का पाठ कर अरदास की। आयोजकों ने बताया कि यह श्रृंखला लगातार जारी रहेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य गुरु साहिब के बलिदान को स्मरण करना और सेवा-भक्ति का संदेश फैलाना है।

### कोकोरो आर्ट गैलरी में लगी मनोहर लाल भुंगरा की प्रदर्शनी

**लखनऊ।** जॉपलिंग रोड, हजरतगंज स्थित कोकोरो आर्ट गैलरी में प्रख्यात प्रिंटमेकिंग कलाकार मनोहर लाल भुंगरा की रेट्रोस्पेक्टिव प्रदर्शनी "छापा : जीवन की छाप" का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के बाद बड़ी संख्या में कला प्रेमी प्रदर्शनी देखने पहुंचे। प्रदर्शनी में कलाकार के विभिन्न कालखंडों की कृतियों को प्रदर्शित किया गया है, जो उनके जीवन और कला यात्रा को दर्शाती हैं। दर्शकों ने चित्रों और प्रिंट्स की सराहना की और कला के प्रति अपनी रुचि दिखाई।

### विश्वकर्मा योजना के तहत टूल किट पहुंचीं

**लखनऊ।** लखनऊ के जिला उद्योग केंद्र में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत टूल किट पहुंच गई हैं। योजना के अंतर्गत 200 से अधिक महिला और पुरुष कारीगरों को यह टूल किट वितरित की जाएंगी। इससे कारीगरों को अपने काम को बेहतर ढंग से करने और आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार वितरण प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराकर उनकी आय बढ़ाना और रोजगार के अवसरों को मजबूत करना है।

# प्रदेश में 10 मई तक हो सकता है कैबिनेट विस्तार

## उम्रदराज मंत्रियों के सिर पर लटकी तलवार, एक दर्जन से अधिक नामों पर किया जा रहा विचार

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करने के बाद भाजपा के रणनीतिकारों का अब पूरा फोकस यूपी पर हो गया है। 2027 में होने वाले चुनावी तैयारी में पार्टी सबसे बहुप्रतीक्षित प्रदेश मंत्रिमंडल के विस्तार और प्रदेश संगठन में बदलाव के काम को पूरा किया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक पश्चिम बंगाल में सरकार के गठन के बाद यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार को अमली जामा पहनाया जाएगा। संभावना है कि 10 मई के पहले मंत्रिमंडल का विस्तार और इसके बाद यानि 15 मई तक संगठन के नए प्रदेश और क्षेत्रीय पदाधिकारियों की सूची जारी हो सकती है। खास बात यह होगी कि मंत्रिमंडल विस्तार में कुछ उम्रदराज मंत्रियों के स्थान पर नए व युवा चेहरों को मौका दिया जा सकता है।



वहीं, पार्टी के कुछ भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि 10 से 15 मई के बीच भाजपा ने दोनों लंबित काम मंत्रिमंडल विस्तार और संगठन में बदलाव को पूरा करने का फैसला किया है। इस मुद्दे पर अब लखनऊ से लेकर दिल्ली तक में चिंतन-मथन का काम पूरा हो चुका है। सूत्रों के मुताबिक मंत्रिमंडल का विस्तार आगामी चुनाव के समीकरण के लिहाज से किया जाएगा। जिसमें सभी जातियों की समीकरण साधने की कोशिश होगी। दरअसल सूत्रों का कहना है कि सात मई को बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले नए मंत्रिमंडल के विस्तार के अलावा 8 मई को असम और 9 मई को पश्चिम बंगाल में सरकार के गठन को लेकर पार्टी नेतृत्व व्यस्त रहेगा। इसलिए माना जा रहा है कि इसके बाद यूपी में विस्तार और संगठन के अधूरे काम को पूरा किया जाएगा।

बता दें कि मंत्रिमंडल विस्तार और संगठन में बदलाव को लेकर पूरे अप्रैल भर लखनऊ और दिल्ली में बैठकों का दौर चलता रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा दिल्ली में भी बड़े नेताओं और पार्टी के निर्णायक नेताओं के बीच कई बड़ी बैठके हुईं। 12 और 13 अप्रैल को राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने खुद लखनऊ में रहकर पूर्व प्रदेश अध्यक्षों एवं मंत्रियों से फीडबैक लिया थी।

### एक दर्जन से अधिक नाम पर विचार

सूत्रों के मुताबिक अब तक की बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुसार मंत्रिमंडल विस्तार में खाली पदों को भरने के साथ ही कुछ पुराने मंत्रियों को भी उनके परफारमेंस के आधार पर बदला जा सकता है। वहीं, कुछ मंत्रियों को संगठन की जिम्मेदारी देने पर भी चर्चा हुई है। जबकि उम्रदराज हो चुके दो-तीन मंत्रियों के स्थान पर नए युवा चेहरों को मौका मिलेगा। सूत्रों के मुताबिक एक दर्जन से अधिक नाम पर चर्चा हुई है।, लेकिन अभी तक किसी चेहरे को फाइनल नहीं किया गया है, लेकिन जातिगत समीकरण को साधने के लिए ओबीसी और दलित समाज को अधिक तरजीह दी जाएगी। इनके अलावा अगड़ी जातियों में ब्राम्हण व क्षत्रिय समाज से एक-दो लोगों को मौका मिल जाएगा

### सहयोगी दलों को मिलेगी भागीदारी

सूत्रों के मुताबिक बैठकों में तय किया गया है कि विस्तार में सहयोगी दलों अपना दल, सुभासपा और निषाद पार्टी के एक-एक विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है। चेहरा तय संबंधित दल के मुखिया करेंगे।

### महिलाओं को भी मौका

इस बार मंत्रिमंडल विस्तार में कुछ महिलाओं को भी मिल सकता है। इसमें दलित और ओबीसी समाज की महिला विधायकों को मौका मिल सकता है। दोनों समुदायों की तीन-चार महिला विधायकों के नाम गंभीरता से विचार किया गया है। वहीं, मंत्रियों के विभागों में फेरबदल किया जाएगा और कुछ राज्यमंत्रियों को पदोन्नति भी मिल सकती है।

## उत्तर प्रदेश में गरज चमक के साथ वर्षा के आसार, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान मौसम में बदलाव का असर स्पष्ट रूप से देखने को मिला है। कई जिलों में तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया, जबकि आसमान में आंशिक बादल छाए रहने के साथ कहीं-कहीं गरज-चमक और हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.4 डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.3 डिग्री नीचे है।

हवा में नमी का स्तर अधिकतम 91 प्रतिशत तक पहुंचा, जिससे उमस का भी एहसास बना रहा। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई। प्रयागराज में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री और न्यूनतम 20.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से करीब 5 डिग्री कम है।



कानपुर शहर में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री और न्यूनतम 19.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

वाराणसी, गोरखपुर, झांसी, आगरा और मेरठ समेत अधिकांश शहरों में भी तापमान सामान्य से 3 से 8 डिग्री तक कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में आंशिक बादल छाने के साथ गरज-चमक और हल्की बारिश की संभावना जताई है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी कहीं-कहीं बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश के कुछ इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना भी है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## गो सेवा से समृद्धि : यूपी में डेयरी सेक्टर बना ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गो सेवा अब केवल आस्था का विषय नहीं रह गई है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाला एक सशक्त आर्थिक मॉडल बनकर उभरी है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डेयरी सेक्टर के तेजी से हुए विस्तार ने किसानों और युवाओं की आय बढ़ाने के साथ गांवों में रोजगार के स्थायी अवसर भी पैदा किए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, ''मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना'' और ''नंद बाबा दुग्ध मिशन'' जैसी योजनाओं ने इस बदलाव को जमीनी स्तर पर साकार किया है। आज प्रदेश के हजारों युवा डेयरी उद्यम से सालाना 10 से 12 लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं। सरकार की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि



मथुरा जिले के रदोई गांव निवासी देवेंद्र सिंह इस परिवर्तन की मिसाल बनकर उभरे हैं।

नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत उन्होंने मिनी नंदिनी योजना का लाभ लेकर आठ साहिवाल और दो गिर नस्ल की गायों के साथ डेयरी यूनिट स्थापित की। सरकार से 50 प्रतिशत तक अनुदान मिलने के बाद उनकी डेयरी से अब प्रतिदिन लगभग 100 लीटर दूध उत्पादन हो रहा है। देवेंद्र का कहना है कि सरकारी सहयोग से उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला।

प्रदेश के अपर मुख्य सचिव पशुपालन मुकेश मेश्राम के अनुसार, उत्तर प्रदेश ने दुग्ध उत्पादन में देश में पहला स्थान हासिल कर लिया है। देश के कुल दुग्ध उत्पादन में प्रदेश की हिस्सेदारी 16 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।

स्वदेशी नस्लों-साहिवाल और गिर-को बढ़ावा देने की नीति ने डेयरी क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार किया है। ये नस्लें अधिक दूध उत्पादन और बेहतर गुणवत्ता के लिए जानी जाती हैं। इनके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक डेयरी इकाइयों की स्थापना बढ़ी है, जिससे पशु आहार, परिवहन, दुग्ध संग्रहण और विपणन जैसे क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। डेयरी सेक्टर में आई इस तेजी का असर ग्रामीण जीवन पर भी साफ दिखाई दे रहा है। युवाओं की आय बढ़ने से गांवों से शहरों की ओर पलायन में कमी आई है।

## मई में लखनऊ का रिकॉर्ड ठंडा दिन, 11 डिग्री लुढ़का पारा, इतिहास में दूसरी बार ऐसा हुआ

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** लखनऊ में मई महीने का दूसरा सबसे ठंडा दिन दर्ज हुआ, जब अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 11 डिग्री कम रहा। लगातार बारिश, तेज हवाओं और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम ठंडा हुआ। मौसम विभाग के अनुसार जल्द ही तापमान में फिर से बढ़ोतरी होने की संभावना है।

लखनऊ में मंगलवार रिकॉर्ड में मई का सबसे ठंडा दिन बन गया। 5 मई को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इससे पहले वर्ष 2021 में 29 मई को अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। दो दिन मौसम सुहाना रहने के बाद बुधवार सुबह से तेज धूप निकली। मौसम विभाग




ने अनुमान जताया है आज अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस पार कर सकता है। न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। इसके बाद विक्षोभ कमजोर पड़ेगा और तापमान में एक बार फिर क्रमशः बढ़त दर्ज की जाएगी। वहीं, आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सात मई तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। राजधानी में बीते तीन दिनों से जारी छिटपुट बूंदाबांदी और तेज हवाओं का असर मौसम पर साफ दिख रहा है। बीते दो दिनों में लखनऊ में अधिकतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है और हवा में ठंडक घुल गई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान इतना कम रहा कि लखनऊ में मई के महीने का, मापन के इतिहास का दूसरा सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 11.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। इसके पहले साल 2021 में 29 मई को अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था।

मौसम विभाग का कहना है कि बुधवार को भी लखनऊ में छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना है। इसके बाद विक्षोभ कमजोर पड़ेगा और एक बार फिर तापमान में क्रमशः बढ़त दर्ज की जाएगी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 1 डिग्री घटकर 28 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जबकि न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री गिरकर 20.2 डिग्री रिकार्ड हुआ। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 7 मई तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। बुधवार को भी हल्की बूंदाबांदी की संभावना है।

## यूपी रेरा का बड़ा फैसला : अब मात्र 1,000 रुपये में ट्रांसफर होगा फ्लैट, बिल्डरों की मनमानी खत्म

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (उप्र रेरा) ने एक अहम फैसले में मूल आवंटनकर्ता की मृत्यु होने पर उसके कानूनी वारिसों को फ्लैट हस्तांतरित करने के लिए अधिकतम शुल्क एक हजार रुपये तय किया है। उप्र रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बुधवार को बताया कि अब विकासकर्ता या प्रवर्तक को मृतक आवंटी के जीवनसाथी, बेटे या बेटी को एक हजार रुपये के मामूली शुल्क लेकर फ्लैट हस्तांतरित करना होगा।

भूसरेड्डी ने यूपी रेरा के 10 साल पूरे होने पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्राधिकरण को कई शिकायतें मिली थीं जिनमें बिल्डर कथित तौर पर ऐसे हस्तांतरण के लिए मनमाना




शुल्क वसूल रहे थे और कभी-कभी यह धनराशि लाखों रुपये तक पहुंच जाती थी। भूसरेड्डी ने कहा, ''कुछ मामलों में शुल्क 200 रुपये से लेकर एक हजार रुपये प्रति वर्ग फुट तक होती थी, जिससे कुल रकम 25-30 लाख रुपये तक पहुंच जाती थी। यह गलत है, खासकर तब जब आवंटनकर्ता पहले ही फ्लैट की पूरी कीमत चुका हो।''

उन्होंने कहा कि इन शिकायतों के बाद प्रशासनिक और मानक शुल्क से सम्बन्धित नियम 47 को संशोधित किया गया है ताकि उत्तराधिकार या आवंटन हस्तांतरण के मामलों में प्रवर्तकों द्वारा लिये जाने वाले शुल्क को नियंत्रित किया जा सके। भूसरेड्डी ने बताया कि संशोधित प्रावधानों के तहत खून के रिश्तों में आने वाले कानूनी वारिसों को फ्लैट हस्तांतरण करने पर अधिकतम एक हजार रुपये का प्रसंस्करण शुल्क लगेगा।

उन्होंने बताया कि कानूनी वारिस को मूल आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र और अन्य कानूनी वारिसों से अनापत्ति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज जमा करने होंगे।

## CUET UG 2026: छात्रों को एनटीए ने दिया जयपुर-आगरा जैसे दूर के सेंटर्स बदलने का मौका

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET UG) 2026 के लिए आवेदन करने वाले हजारों छात्रों को बड़ी राहत दी है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने मंगलवार को एडमिट कार्ड जारी कर दिए, जिनमें कई छात्रों के एग्जाम सेंटर जयपुर, आगरा और अन्य दूर के शहरों से दिल्ली-एनसीआर में बदल दिए गए हैं।

29 मई को NTA द्वारा जारी किए गए शुरुआती एग्जाम सिटी और शेड्यूल के बाद दिल्ली के छात्रों ने बड़े पैमाने पर शिकायत की थी। उनकी मांग पर संज्ञान लेते हुए NTA ने सेंटर बदलने का फैसला किया है। एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

NTA के अनुसार, CUET कंप्यूटर आधारित टेस्ट (CBT) मोड में आयोजित होती है, इसलिए इसे सीमित शहरों (लगभग 300) में ही कराया जा सकता है। इसमें छात्र कई विषयों का कॉम्बिनेशन चुनते हैं, जिससे सेंटर आवंटन में दिक्कत होती है। इस बार छात्रों को 4 शहर चुनने का विकल्प दिया गया था, फिर भी कई को पसंद के अनुसार सेंटर नहीं मिला।

जिन छात्रों के सेंटर अभी भी दूर हैं, वे सेंटर बदलने के लिए आवेदन कर सकते हैं। NTA इस पर विचार कर रहा है। शिक्षा मंत्रालय ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है और आने वाले वर्षों में CUET के पैटर्न में बदलाव, खासकर हाइब्रिड मोड पर फिर से विचार करने की संभावना है। 2025 में पूरी तरह CBT मोड में हुई CUET परीक्षा में सेंटर की समस्या बार-बार उठी है। छात्रों को उम्मीद है कि अगले साल इस समस्या का स्थायी समाधान निकलेगा।

## 11 बच्चों के पिता 70 वर्षीय सपा नेता ने बुढ़ापे में 20 साल की युवती से रचाई चौथी शादी

एजेंसी समाचार

**लखनऊ/गाजियाबाद।** क्या प्यार वाकई अंधा होता है या फिर इसके पीछे कोई गहरा खेल है? उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने न सिर्फ मोहल्ले में बल्कि पुलिस गलियारों में भी खलबली मचा दी है। मामला जुड़ा है समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व पार्षद हाजी खलील से, जिन्होंने 70 साल की उम्र में 20 साल की युवती से अपना चौथा निकाह रचाया है।

उम्र का फासला 50 साल है, लेकिन विवाद इससे कहीं ज्यादा बड़ा है। हाजी खलील की दूसरी पत्नी नाजरीन अपने बेटे के साथ पुलिस कमिश्नर दफ्तर पहुंचीं और अपने पति के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। नाजरीन का कहना है कि हाजी खलील का एक ही पैटर्न है—निकाह करो, बच्चे पैदा करो और फिर पत्नी



को घर से निकाल दो।

नाजरीन का आरोप है कि उन्हें अंधेरे में रखकर 19 इक्यानबे में शादी की गई थी, जबकि हाजी की पहली पत्नी से पहले ही 8 बच्चे थे। 2010 में तीसरी शादी हुई, लेकिन बच्चा न होने पर उसे तीन तलाक देकर निकाल दिया गया। अब 70 साल के हाजी साहब, यासमीन नाम की 20 साल की युवती को चौथी पत्नी बनाकर घर ले आए हैं। विरोध करने पर नाजरीन और उनके बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया गया है।

विवाद सिर्फ निकाह तक सीमित नहीं है। हाजी खलील पर नगर निगम की 30 करोड़ रुपये की जमीन पर अवैध कब्जे का भी आरोप है। अब दूसरी पत्नी को डर है कि नई पत्नी के चक्कर में हाजी साहब पूरी जायदाद उसके नाम न कर दें। एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं।

## पाकिस्तानी गैंगस्टर के इशारे पर आतंकी हमले की साजिश, प्लानिंग करने वाले दो युवक गिरफ्तार

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एटीएस ने आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि वे एक पाकिस्तानी गैंगस्टर के इशारे पर महत्वपूर्ण ठिकानों को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। एटीएस मामले के अन्य पहलुओं की गहन जांच कर रही है।

यूपी एटीएस ने एक बड़े आतंकी नेटवर्क का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी पाकिस्तान गैंगस्टरों और आईएसआई एजेंट के संपर्क में थे। आरोपी देश के संवेदनशील संस्थानों, पुलिस ठिकानों और सुरक्षाबलों पर हमले के साजिश रच रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में कुशीनगर निवासी कृष्णा मिश्रा (20) और बाराबंकी निवासी दानियाल अशरफ (23)



शामिल है। एटीएस के मुताबिक दोनों संदिग्ध आतंकी पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी, आबिद जट और हम्माद के संपर्क में थे, जो आईएसआई के इशारे पर काम कर रहे थे। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन में पाकिस्तानी नंबर सेव मिले हैं। सोशल मीडिया के जरिए इनकी वीडियो कॉलिंग और वॉइस नोट्स के साक्ष्य भी मिले हैं। व्हाट्सएप ग्रुप कॉल के जरिए संदिग्ध विदेशी नंबरों से बातचीत कर देशविरोधी साजिशें रची जा रही थीं। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि दानियाल अशरफ ने एक अन्य राज्य के पुलिस स्टेशन की रेकी कर उसका वीडियो और लोकेशन पाकिस्तान स्थित गैंगस्टरों को भेजी थी।

आ | ज्यादा उत्पादन और दूसरे राज्यों में कम मांग से किसान परेशान

# दम तोड़ रहीं आलू किसानों की ख्वाहिशें

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** सब्जी का राजा आलू बेजार है। इसने किसानों के सपनों को चकनाचूर कर दिया है। आलू को खरा सोना मानने वाले किसान सिसक रहे हैं। उनकी ख्वाहिशें दम तोड़ रही हैं। किसी के मकान की छत की ढलाई रुकी है तो किसी को बच्चे की फीस के लिए कर्जा लेना पड़ेगा। आलू बेल्ट में उसकी बेकद्री दिख रही है। आलम यह है कि कहीं खुले खेत में पड़ा है तो कहीं स्टोर के बाहर धूप में गंध फैला रहा है।

हरदोई के रास्ते हम रामगंगा के कछार में पहुंचे। यहां आलू की खोदाई हो चुकी है। मक्के की फसल लहलहा रही है। जैनापुर में मिले किसान शिवबरन सिंह आलू का नाम लेते ही चुप रहने की सलाह देते हैं। घर के सामने खेत में आलू का ढेर दिखाते हैं। कहते हैं कि कोल्ड स्टोर में जगह नहीं



### लागत और बिक्री मूल्य में अंतर

प्रगतिशील आलू किसान सुधीर शुक्ला बताते हैं कि प्रति बीघा 12 से 15 हजार लागत आती है। खुदाई, बोरी की पैकिंग, मंडी तक बुलाई आदि पर ढाई से तीन हजार खर्च हो जाता है। औसत पैदावार 30 क्विंटल मान लें तो अधिकतम 12 हजार मिलेगा। ऐसे में घाटा ही हुआ। सातनपुर में खुले क्रय केंद्र में 650 रुपये क्विंटल मूल्य है, मानक कड़े हैं। यहां बेचने पर भी घाटा है।

है। मंडी में कीमत तीन से पांच सौ रुपये क्विंटल है। खर्चा अलग से लगेगा। इसी के दम पर मकान की छत ढलवाने का सपना था, जो टूट गया है। कुछ ऐसी ही कहानी मोहम्मदाबाद के आसपास के गांवों के किसानों की भी है। नगला रायसिंह के किसान आरके यादव कहते हैं कि कोल्ड स्टोर भर गया है। बचा आलू खेत में है। ट्रैक्टर ट्राली से हर दिन सातनपुर मंडी भेज रहे हैं। लागत नहीं निकल रही है। मजदूरी और डीजल का खर्च अलग है। कन्नौज के समधन में मिले मो. अदीब का भी यही दर्द है।

बताते हैं कि बेटा अलीगढ़ में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। आलू ने धोखा दे दिया। अब फीस जमा करने के लिए कर्जा लेना पड़ेगा। कन्नौज के तिर्वा में सड़क किनारे बाग में भी आलू भरे बोरे पड़े हैं। यहां मिले पल्लेदारों ने बताया कि छाया होने की वजह से किसानों ने यहां रखवाया है। जिन दिन भाव अच्छा रहता है, उस दिन मंडी भेजा जाता है। फर्रुखाबाद से लेकर फिरोजाबाद तक के कोल्ड स्टोर भर गए हैं।

आलू बेल्ट के रूप में पहचाने जाने वाले कन्नौज, फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा आगरा, अलीगढ़, हाथरस सहित आसपास के जिलों में करीब 2363 कोल्ड स्टोर हैं। यहां 172 लाख मीट्रिक टन आलू स्टोर किया गया है। बचा आलू खेत से अब मंडी में भेजा जा रहा है। भरपूर पैदावार होने की वजह से भाव नहीं मिल रहा है। ऐसे में किसान औने पौने दाम पर बेचने के लिए विवश है।

## कल से शुरू होगी स्व-गणना, घर के मुखिया भर सकते हैं ऑनलाइन फॉर्म

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** स्वगणना की प्रक्रिया बृहस्पतिवार से शुरू हो जाएगी। परिवार के मुखिया घर बैठे ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म में पूछे गए 34 सवालों के जवाब देने होंगे। कोई गलत तथ्य न दर्ज करें। इसके लिए कोई भी दस्तावेज अपलोड नहीं करना होगा। ये ध्यान रहे कि परिवार के प्रत्येक सदस्य को फॉर्म नहीं भरना है। परिवार के मुखिया ही फॉर्म में परिवारीजनों की संख्या दर्ज करेंगे। जनगणना की पूरी प्रक्रिया, फॉर्म भरने के तरीके और किसी प्रकार की समस्या होने पर सहायता कैसे मिलेगी। इन सभी सवालों के जवाब मुख्य जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने अमर उजाला से बातचीत में दिए।

शीतल वर्मा ने बताया कि स्वगणना की प्रक्रिया 7 से 21 मई तक चलेगी। इस दौरान परिवार के



मुखिया को se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर से लॉगिन करना होगा। उसके बाद 34 सवालों के जवाब भरने होंगे। ये सवाल मकान और परिवार से जुड़े हैं। कोई भी ऐसा सवाल नहीं है जो उलझाऊ हो। इस प्रक्रिया को पूरा करने पर 11 अंकों की एक आईडी मिल जाएगी। जब 22 मई के बाद जनगणना कर्मी घर पहुंचेंगे, तो उन्हें यह आईडी देनी होगी। जनगणना कर्मी भरी गई जानकारी का सत्यापन करने के बाद उसे ओके कर देंगे।

# पीलीभीत को बाढ़ सूची से बाहर करने पर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं पूर्व एमएलसी स्नातक प्रत्याशी कुमुद गंगवार के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने बाढ़ प्रभावित जिलों की सूची में पीलीभीत का नाम शामिल न किए जाने के विरोध में जुलूस निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन जागरण मोर्चा कार्यालय से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी के साथ संपन्न हुआ।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उत्तर प्रदेश स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की फील्ड मॉक एक्सरसाइज रिपोर्ट 2025 में प्रदेश के 44 बाढ़ प्रभावित जिलों और 118 तहसीलों को तीन श्रेणियों में शामिल किया गया है, लेकिन इसमें पीलीभीत जनपद का नाम नहीं है, जो कि हैरान करने वाला है। कुमुद गंगवार ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन ने शासन को गलत और भ्रामक आंकड़े भेजकर पीलीभीत को सूची से बाहर कराया है, जिससे न केवल वास्तविक स्थिति छिपाई गई है बल्कि सरकारी धन का भी दुरुपयोग हुआ है।



सूची से नाम गायब होने के विरोध में विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी। –जागरण मोर्चा

उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में गोमती रिवर बेसिन में पीलीभीत के होने का उल्लेख होने के बावजूद जिले को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र नहीं माना गया, जो गंभीर लापरवाही है। इस संबंध में कुमुद गंगवार ने महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी पीलीभीत को सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मांग की कि पीलीभीत जनपद को संवेदनशील जिलों की सूची में उचित स्थान दिया जाए और क्षेत्र की जनता की सुरक्षा के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं।

पीलीभीत हर साल बाढ़ की समस्या से जूझता है, इसके बावजूद जिले को बाढ़ प्रभावित सूची में शामिल न करना प्रशासन की बड़ी लापरवाही है सरकार तत्काल इस पर संज्ञान लेकर पीलीभीत को सूची में शामिल करे, ताकि यहां के लोगों को राहत और सुरक्षा मिल सके।



आधार पंजीकरण व अपडेट की समीक्षा बैठक में सीडीओ। –जागरण मोर्चा

## आधार अपडेट: पीलीभीत प्रदेश में 15वें स्थान पर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आधार अपडेट कार्य में जनपद ने उल्लेखनीय प्रगति करते हुए प्रदेश में 15वां स्थान हासिल किया है। मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में गांधी सभागार में आयोजित बैठक में आधार पंजीकरण व अपडेट की समीक्षा की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि 5 से 17 वर्ष तक के बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट निःशुल्क कराया जाए तथा विकासखंड व तहसील स्तर पर कैंप लगाकर कार्य में तेजी लाई जाए। साथ ही स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले छात्र-छात्राओं के आधार अपडेट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट स्थित डाकघर में आधुनिक आधार सेवा केंद्र भी शुरू किया गया है, जिससे आमजन को सुविधा मिल सके।



केन्द्रीय बजट 2026 पर विचार रखते प्रतिभागी। –जागरण मोर्चा

## युवा संसद में पीलीभीत के युवाओं ने बजट 2026 पर रखे दमदार विचार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश विधानसभा, लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में पीलीभीत के प्रतिभागियों ने केन्द्रीय बजट 2026 पर प्रभावशाली विचार रखकर जिले का नाम रोशन किया।

मेरा युवा भारत, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में निमिष पाल, चाहत ऋषिवर, नैंसी पाण्डेय, खुशी शुक्ला और दीपक वर्मा ने शिक्षा, रोजगार, किसानों की आय, डिजिटल विकास, महिला सशक्तिकरण व ग्रामीण विकास जैसे मुद्दों पर तार्किक और प्रभावी प्रस्तुति दी। प्रतिभागियों ने बजट को देश के विकास की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए युवाओं और ग्रामीण भारत को प्राथमिकता देने की जरूरत पर जोर दिया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने प्रतिभागियों के वक्तृत्व कौशल की सराहना की।

## कच्ची ईंटें बनी मिट्टी, भट्ठा कारोबारियों को लाखों की चपत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** तहसील क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश ने ईंट भट्ठा कारोबार पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। लगातार हुई वर्षा से कच्ची ईंटें गलकर मिट्टी में तब्दील हो गईं, जिससे भट्ठा स्वामियों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।

भट्ठा मालिकों के मुताबिक, इस समय ईंट निर्माण का सीजन अपने चरम पर था और बड़ी संख्या में कच्ची ईंटें तैयार की गई थीं,लेकिन अचानक बदले मौसम ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। कई स्थानों पर ईंटों के ढेर पानी में बह गए, वहीं भट्ठों पर रखा कोयला और अन्य सामग्री भी भीगकर बेकार हो गई।बारिश के चलते मजदूरों का कामकाज भी पूरी तरह ठप पड़ गया है, जिससे उत्पादन



प्रक्रिया बाधित हो गई है। इसका सीधा असर मजदूरों की रोजी-रोटी पर भी पड़ा है। व्यापारियों का कहना है कि पहले ही महंगाई, बढ़ती मजदूरी और कोयले की कीमतों ने कारोबार को दबाव में डाल रखा था, ऐसे में यह प्राकृतिक आपदा और भारी पड़ गई है।कई भट्ठा संचालक कर्ज लेकर काम कर रहे हैं, इसलिए यह नुकसान उनके लिए आर्थिक रूप से बेहद गंभीर साबित हो रहा है।भट्ठा स्वामियों ने प्रशासन से मांग की है कि नुकसान का सर्वे कराकर जल्द राहत दी जाए, ताकि प्रभावित कारोबारियों को आर्थिक सहायता मिल सके।

## 7 मई को होगी महिला आयोग की जनसुनवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** महिला उत्पीड़न की रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से 7 मई 2026 को महिला जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या पुष्पा पाण्डेय की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम गोमती सभागार में प्रातः 10:30 बजे शुरू होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सदस्या का आगमन प्रातः 9:30 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में होगा। जनसुनवाई के बाद दोपहर 12 बजे से समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बालिका छात्रावास, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, जिला कारागार और महिला चिकित्सालय का निरीक्षण भी प्रस्तावित है।

## आरटीई के तहत पढ़ रही मासूम से दुर्व्यवहार स्प्रिंगडेल स्कूल के प्रिंसिपल पर गंभीर आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** शहर के एक निजी स्कूल 'स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल' पर एक गंभीर आरोप लगा है। आरोप है कि स्कूल प्रशासन ने आरटीई (RTE) के तहत पढ़ने वाली 6 साल की एक मासूम बच्ची को बिना किसी सुरक्षा या अभिभावकों की अनुमति के स्कूल से बाहर निकाल दिया। इस मामले को लेकर पीड़ित परिवार ने जिलाधिकारी (DM) को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

छतरी चौराहा निवासी आकाश राठौर ने बताया कि उनकी 6 साल की बहन पायल राठौर बल्लभनगर स्थित स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में




पढ़ती है। मंगलवार (5 मई 2026) को दोपहर करीब 12:50 बजे स्कूल प्रबंधन ने बच्ची को अकेले ही स्कूल से बाहर भेज दिया। जब बच्ची रोते हुए अकेले घर पहुंची, तो परिवार वाले दंग रह गए। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब वे इस बात की शिकायत लेकर स्कूल पहुंचे, तो प्रधानाचार्य ने उनके साथ न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि धमकी भी दी। आरोप है कि प्रधानाचार्य ने कहा, "तुम्हारा बच्चा आरटीई का छात्र है, उसे जब चाहे निकाल देंगे। हमें कानून मत सिखाओ, यहाँ के डीएम हम ही हैं।" पीड़ित परिवार का कहना है कि स्कूल प्रशासन बिना एंट्री रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराए बच्चों को गेट से बाहर निकाल देता है, जो बच्चों की सुरक्षा के साथ बड़ा खिलवाड़ है। उनके पास घटना से जुड़ी वीडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। आकाश राठौर ने जिलाधिकारी से मांग की है कि स्कूल के प्रधानाचार्य और संबंधित स्टाफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी और बच्चे के साथ ऐसी घटना न हो और न ही अभिभावकों के साथ दुर्व्यवहार किया जाए।

## खुलेआम मदिरापान से मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद में शराब की दुकानों के बाहर "यहां शराब पीना प्रतिबंधित है" जैसे चेतावनी बोर्ड तो लगे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। शहर के आसाम चौराहा स्थित कंपोजिट विदेशी मदिरा की दुकान के बाहर खुलेआम शराब पीने का मामला सामने आया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि ग्राहक दुकान से शराब खरीदकर वहीं बाहर खड़े होकर सेवन कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इसी स्थान पर पास में एक दूध विक्रेता भी खड़ा नजर आ रहा है। यह दृश्य समाज के लिए गंभीर सवाल खड़े करता है, जहां एक ओर दूध को जीवनदायिनी माना जाता है, वहीं दूसरी ओर शराब



शराब की दुकान। –जागरण मोर्चा

खुलेआम उसी जगह पर पी जा रही है। आसाम चौराहा एक व्यस्त स्थल है, जहां हाईवे के साथ-साथ मिष्ठान और चाय की दुकानें भी मौजूद हैं। चौराहे पर महिलाओं, बच्चों और युवतियों की आवाजाही भी अधिक रहती है। ऐसे में खुलेआम शराब पीना न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक मर्यादाओं पर भी सवाल खड़ा करता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुकान का सेल्समैन शराब पीने वालों को रोकने के बजाय उन्हें गिलास उपलब्ध करा रहा है, जिससे खुलेआम मदिरापान को बढ़ावा मिल रहा है। इस पूरे मामले पर जब जिला आबकारी अधिकारी से जानकारी ली गई, तो उन्होंने बताया कि पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जल्द ही छापेमारी की जाएगी। साथ ही दुकान के बाहर शराब पिलाने वाले सेल्समैन और संबंधित दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## घर में घुसकर युवती से की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** चारपाई पर सो रही युवती को गलत तरीके से युवक ने पकड लिया। आरोप है कि छेंडछांड की, शोर मचाने पर पकडने का प्रयास किया तो वह मौके से भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्रामीण ने बताया कि 30 अप्रैल की रात में वह अपने परिवार के साथ बाहर गए हुए थे। उसकी पुत्री घर पर अकेली थी, रात्रि के दौरान युवती चारपाई पर सो रही थी। युवती के घर में परिवार के लोग ना होने का फायदा उठाकर पड़ोसी युवक चोरी चुपके से दीवार फांद कर उसके घर के अंदर घुस आया। आरोप है कि चारपाई पर सो रही युवती को युवक ने गलत नीयत से दवोच लिया। आरोप है कि युवती से छेड़छाड़ किया। शोर मचाने पर युवती के पिता के भाई घर के अंदर पहुंचे और युवक मौके पर ही युवक को पकड़ने की कोशिश की,लेकिन वह दीवार फांद कर धमकी देकर भागने में सफल रहा। घटना को लेकर खलबली मच गई। घर वापस आए परिवार को युवती ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। इसके बाद युवती ने अपने पिता के साथ थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गांव निवासी आदित्य के खिलाफ केस किया है। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया मामले में विवेचना शुरू कर दी गई है।

## जनगणना कर्मियों को लू से बचाव के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** पीलीभीत में जनगणना 2027 के प्रथम चरण (22 मई से 20 जून) के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि लू और भीषण गर्मी से बचाव के लिए फील्ड कार्य का समय सुबह 8 बजे से पहले और शाम 4 बजे के बाद तय किया गया है।प्रगणकों और सुपरवाइजरों को पर्याप्त पानी पीने, सिर ढकने और ओआरएस (ORS) साथ रखने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग को आपात स्थिति के लिए मुस्तैद रहने और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कार्यों के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। –जागरण मोर्चा

## तपती धूप में 'राहत की बूंदें', बच्चों ने सजाए पक्षियों के बसेरे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए दाना-पानी की समस्या को देखते हुए रोटरी क्लब मातृशक्ति ने ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। बच्चों ने पक्षियों की वेशभूषा में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पेड़ों पर जल पात्र और कृत्रिम घोंसले लगाए। कार्यक्रम में स्कूल को 'ग्रीन स्कूल' सर्टिफिकेट प्रदान किया गया तथा प्रिंसिपल पूजा छाबड़ा और एमडी देवेंद्र सिंह छाबड़ा को सम्मानित किया गया। इस दौरान क्लब की सदस्याओं ने लोगों से पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करने की अपील की।

## युवती को ले जाने के मामले में तीन पर मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री पूरनपुर क्षेत्र में अपनी बहन के घर मेहमानी में आई थी। आरोप है कि 23 अप्रैल को फत्तेपुर खुर्द निवासी मोंटी उर्फ सत्यम ने अपने साथियों गौरव और विकास गौतम की मदद से किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया।परिजनों के अनुसार, किशोरी घर में रखे सोने के कुंडल, मंगलसूत्र, चांदी की पायल और दस हजार रुपये की नकदी भी साथ ले गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

## बाइक टकराने पर मारपीट, युवक घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल, मुकदमा दर्ज**

**पूरनपुर।** बाइक टकराने को लेकर विवाद हो गया।जिससे खलबली मच गई। आरोप है कि वापस लौट रहे दो युवकों को पीटा गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव धरमंगदपुर में मंगलवार देर रात आमने सामने बाइक टकराने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि कव्वाली कार्यक्रम से लौट रहे दो युवकों को घेरकर कुछ लोगों ने बेरहमी से पीट दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है। वताया जाता है कि देर रात गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ अन्य लोग भी विवाद में शामिल हो गए और मामला और बढ़ गया।

आरोप है कि कव्वाली से वापस लौट रहे दो युवकों को घेर लिया गया और उनके साथ जमकर मारपीट की गई,मारपीट के दौरान मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव कर किसी तरह झगड़ा शांत कराया। इस दौरान किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जो अब तेजी से फैल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

साथ ही वायरल वीडियो को भी जांच में शामिल किया गया है, ताकि आरोपियों की सही पहचान की जा सके। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है, लेकिन मारपीट करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही सभी को हिरासत में लिया जाएगा।

## शादी से मुकरा प्रेमी, युवती ने दी जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर धोखाधड़ी और उत्पीड़न से परेशान होकर एक युवती ने फंदे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका के पिता का आरोप है कि गांव के ही एक युवक के साथ बेटी की शादी की बात आठ महीने से चल रही थी। इस दौरान आरोपी ने शादी का झांसा देकर दो तोले सोने के जेवर भी हड़प लिए। बाद में युवक का परिवार शादी से मुकर गया और विरोध करने पर पांच लाख रुपये लेकर चुप रहने का दबाव बनाया। मानसिक तनाव के चलते युवती ने 3 मई को फांसी लगा ली। पुलिस ने कासिम बेग, निजाम बेग सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गोमती उद्गम स्थल पर स्वच्छता अभियान, जनभागीदारी से दिया जागरूकता का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नेकी की दीवार सामाजिक संस्था द्वारा गोमती उद्गम स्थल पर स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक बाबूराम पासवान एवं जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने किया।

अभियान के दौरान गोमती नदी की अविरल धारा बनाए रखने के उद्देश्य से अधिकारियों, संस्था के पदाधिकारियों, स्कूली बच्चों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर श्रमदान करते हुए नदी एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और सेवा भाव



गोमती उद्गम स्थल पर मौजूद विधयक, डीएम व अन्य। –जागरण मोर्चा

से अपना योगदान दें, ताकि नदी की स्वच्छता लंबे समय तक बनी रह सके। संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि गोमती उद्गम स्थल की सफाई का कार्य चरणबद्ध तरीके से आगे भी जारी रखा जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी कलीनगर, डीसी मनरेगा, एआरटीओ, जिला पंचायतराज अधिकारी, तहसीलदार कलीनगर सहित अन्य अधिकारी व सामाजिक संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रेम संबंध तोड़ने की जिद पर पति-पत्नी ने की प्रेमी की निर्मम हत्या

**लोहे की रॉड से सिर पर वार कर शव खेत में छिपाया, हत्या में प्रयुक्त हथियार और मृतक की सोने की चेन बरामद**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**माधौटांडा।** पुलिस ने एक सनसनीखेज हत्या मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दंपति ने अपनी प्रेमिका/प्रेमी के साथ अवैध संबंध खत्म करने की जिद पर उसे लोहे की रॉड से मारकर हत्या कर दी और शव को खेत में छिपा दिया था।

पुलिस के अनुसार, शुभप्रीत कौर (उर्फ गुरजीत कौर, 27 वर्ष) पत्नी सतेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बसन्तपुर, नौनेर, थाना माधौटांडा ने पिछले एक वर्ष से मृतक गुरबाज सिंह के साथ अवैध संबंध बनाए रखे थे। जब शुभप्रीत कौर ने संबंध समाप्त करने की इच्छा जताई तो गुरबाज सिंह ने मना कर दिया और अश्लील फोटो-वीडियो परिवारजनों को भेजने व सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी।इससे परेशान होकर शुभप्रीत कौर ने अपने पति सतेन्द्र सिंह (30 वर्ष) के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। 22 अप्रैल 2026 को तकिया दीदारपुर मंदिर के पास खेत में बने खण्डहर में दोनों ने गुरबाज सिंह को लोहे की रॉड से सिर पर वार कर मार डाला और उसकी गले की पीली धातु की चेन सहित शव को छिपा दिया।26 अप्रैल 2026 को शव बरामद होने के बाद परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा संख्या 121/2026 धारा 103(1)/238 बीएनएस के तहत दर्ज किया। 06 मई 2026 को पुलिस टीम ने चित्रपुरुल से पूरनपुर जाने वाली सड़क पर सतेन्द्र सिंह और शुभप्रीत कौर को गिरफ्तार कर लिया। हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड व मृतक की चेन बरामद कर ली गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक श्री अशोक पाल, उपनिरीक्षक लोकेश कुमार, अमरीश बाबू, सुश्री पारुल, हितेश तोमर व अंकिता शामिल रहे।पुलिस अधीक्षक पलीभीत के निर्देशन में अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जारी है।


पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी। -जागरण मोर्चा

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार किराना दुकानदार को रौंदा, मौके पर हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र में मंगलावार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक किराना दुकानदार की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा सखानूं निवासी 32 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र चंद्रपाल बीती रात जनपद बरेली के बिहारीपुर देवचरा में अपने साढ़ू की भतीजी के शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह कस्बा सखानूं के पास पहुंचे, तभी किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों द्वारा किसी तरह घटना की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और गंभीर हालत में धर्मेंद्र को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिवार में पत्नी और छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया। उधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने दोषी वाहन चालक की जल्द गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।


पोस्टमार्टम हॉउस पर गमगीन बैठे परिजन। -जागरण मोर्चा

# खंभे पर बिजली ठीक करते समय युवक की करंट लगने से मौत, परिवार में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आये दिन हो रहीं घटनाएं, बिजली विभाग नहीं देता है ध्यान**

**बदायूं।** इस्लामनगर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


रघु शर्मा (फाइल फोटो)

इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव विक्रमपुर चरसोरा निवासी 35 वर्षीय रघु शर्मा पुत्र शंकर लाल अपने घर की बिजली लाइन में आई खराबी को ठीक कर रहा था। बताया जा रहा है कि वह घर के बाहर लगे बिजली के खंभे पर चढ़कर तार सही करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान अचानक बिजली सप्लाई चालू हो गई और वह तेज करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही रघु शर्मा खंभे से नीचे गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए और रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते बिजली सप्लाई बंद कराई जाती तो रघु की जान बच सकती थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिस पर इस्लामनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं मृतक के परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। उनका कहना है कि बिना सूचना के बिजली सप्लाई चालू कर दी गई, जिससे यह हादसा हुआ। परिजनों ने दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गांव में इस घटना के बाद शोक का माहौल है। मृतक अपने पीछे पत्नी और बच्चों को छोड़ गया है, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की भी मांग की है।

## फसल ना होने से भरण पोषण में हो रही परेशानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कलीनगर।** पीलीभीत की तहसील क्षेत्र के गांव रामनगर न0 4 के ग्रामीण पिछले तीन दशकों से नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। साल 1994 में खाता संख्या 315 के तहत जिन किसानों को पट्टे दिए गए, वे वर्तमान में नेपाल सीमा के अति संवेदनशील 'नोमैंस लैंड' और वन विभाग की जद में आ चुके हैं।बाढ़ के समय यहाँ 10 फीट तक पानी भर जाता है, जिससे फसलें और जान-माल का भारी नुकसान होता है। रबी की फसल के समय सशस्त्र सीमा बल (SSB) द्वारा रोक-टोक से भुखमरी की नौबत आ गई है। पीड़ित सुरेंद्र और लालचंद समेत दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम को पत्र सौंपकर सुरक्षित स्थान पर कृषि भूमि और पुनर्वास की गुहार लगाई है।

# पुलिस की मिलीभगत का आरोप, विधवा महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम अनवरगंज की रहने वाली एक विधवा महिला ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। प्रार्थिनी सुनीता देवी ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह 6 अप्रैल 2026 को अपने ससुराल ग्राम पुरवा भुड़ा गई थीं, जहां ससुराल पक्ष के लोगों ने कथित रूप से उनके साथ मारपीट की और संपत्ति हड़पने की नीयत से उन्हें घर में घुसने नहीं दिया।

महिला का आरोप है कि सास पार्वती, जेठ रामजी, जेठानी कमलेश तथा अन्य परिजनों ने एक राय होकर घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद उसे थाने भेज दिया गया। शिकायत में आगे कहा गया है कि चौकी हिमतनगर के इंचार्ज और एक सिपाही ने पीड़िता के साथ अभद्र व्यवहार किया और दबाव बनाकर उसी दिन एक लिखित समझौता करा दिया। समझौते के अनुसार, पीड़िता को गांव के बाहर रहने की जगह और 30 हजार रुपये देने की बात तय हुई थी, जिसकी समय सीमा 16 अप्रैल 2026 रखी गई थी। महिला का आरोप है कि न तो उसे तय राशि मिली और न ही रहने की व्यवस्था की गई। साथ ही, समझौते की प्रति भी उसे नहीं दी गई। जब उसने इसकी मांग की तो कथित रूप से पुलिसकर्मी टालमटोल करते रहे और दस्तावेज गायब होने की बात कही। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस की मिलीभगत के चलते उसकी सुनवाई नहीं हो पा रही है और वह न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। अंत में, सुनीता देवी ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।


एसपी से शिकायत करने पहुंची पीड़िता।

## लग्जरी कार और नगदी के साथ जुआरी दबोचे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ओरछी, बदायूं।** थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने तर्कपरोली-बझेड़ा मार्ग पर मुर्गी फार्म के पास छापेमारी कर एक बड़े जुआ गिरोह को दबोचा है। शातिर जुआरियों ने पुलिस से बचने के लिए जंगल के एकांत ट्यूबवेल को अपना अड्डा बनाया था। मंगलवार को एसएसआई नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में हुई घेराबंदी के दौरान जुआरियों ने अर्टिगा कार से भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।पुलिस ने मौके से सहादत, मकसूद, अनिल, खुशीराम और हरपाल सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। फड़ से 63,370 रुपये की नकदी और ताश की गड्डियां बरामद हुई हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बिलसंडा ब्लॉक में किसानों का जोरदार प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** भ्रष्टाचार और विकास कार्यों में अनियमितताओं के विरोध में सोमवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के बैनर तले जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने ब्लॉक मुख्यालय पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने ग्राम निधि के दुरुपयोग और सरकारी योजनाओं में कथित धांधली को लेकर जमकर नारेबाजी की।

धरने को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हो रही हैं। पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से वंचित रखा जा रहा है, जबकि अपात्रों को लाभ दिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शौचालय निर्माण में भी अधूरे कार्य दिखाकर धन का दुरुपयोग किया गया है। प्रदर्शन के दौरान ग्राम सचिव विवेक वर्मा पर भी गंभीर आरोप लगाए गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जन्म प्रमाण पत्र जैसे जरूरी कार्यों के लिए अवैध वसूली की जाती है और विरोध करने पर अभद्र व्यवहार किया जाता है। किसानों ने यह भी दावा किया कि सचिव अक्सर नशे की हालत में ड्यूटी करते हैं। एडीओ पंचायत कृष्णा पर भी भ्रष्टाचार में संलिप्तता के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की गई। किसानों ने स्मार्ट मीटरों में गड़बड़ी के चलते बढ़े हुए बिजली बिलों पर नाराजगी जताई। साथ ही ग्राम तुलापुर में श्मशान घाट न होने से अंतिम संस्कार में हो रही दिक्कतों को भी प्रमुख मुद्दा बताया। ग्राम निधि से होने वाले विकास कार्यों में कमीशनखोरी और घटिया निर्माण को लेकर भी रोष व्यक्त किया गया। प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। बाद में एसडीएम बीसलपुर और बीडीओ बिलसंडा ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। हालांकि, ग्राम सचिव के मौके पर अनुपस्थित रहने से ग्रामीणों में असंतोष और बढ़ गया। धरने में मंडल अध्यक्ष लाल मिश्रा, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष संचित दीक्षित, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता, तहसील मीडिया प्रभारी सबलू खान, जावेद खान, जफर भाई और दीनदयाल शास्त्री सहित बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।


ब्लॉक मुख्यालय पर जोरदार धरना-प्रदर्शन करते किसान। -जागरण मोर्चा

## घर में घुसकर युवती को पीटकर किया घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावलपुर में घर में अकेली 17 वर्षीय किशोरी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां उषा देवी के अनुसार, 2 मई को जब परिवार घर से बाहर था, तब गांव का ही युवक अपने पिता और भाई के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर घर में घुस आया। आरोपियों ने किशोरी के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर लात-घूंसों से उसकी जमकर पिटाई की, जिससे वह घायल हो गई।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी शिवम, मुकटेश और उपदेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# बरखेड़ा ब्लॉक सभागार में भाजपा की मंडल प्रवासी बैठक सम्पन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा।** बरखेड़ा मंडल की मंडल प्रवासी बैठक ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि जिला कोषाध्यक्ष विकास पाल सिंह रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल कश्यप ने की तथा संचालन मंडल महामंत्री सूरज श्रीवास्तव ने किया।

बैठक में विकास पाल सिंह ने मंडल संगठन को सशक्त व सक्रिय बनाने पर जोर देते हुए सभी पदाधिकारियों से जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। वहीं विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। साथ ही पश्चिम बंगाल, असम व पांडुचेरी में पार्टी की जीत पर कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर जिला मंत्री अमित कुशवाहा, जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर, संजीव गंगवार, चंद्रपाल दिवाकर, युगल वर्मा, उमा मिश्रा, अमित गुप्ता, टीकाराम वर्मा, शेर सिंह राठौर व जगदीश प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


भाजपा की मंडल प्रवासी बैठक में भाग लेते स्वामी प्रवक्तानन्द ब अन्य।

**निरीक्षण** आवासीय भवनों के काम में तेजी लाने के आदेश, लापरवाही पर दी चेतावनी

# महिला पीएसी बटालियन निर्माण कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** निर्माणाधीन महिला पीएसी बटालियन के कार्यों का जिलाधिकारी अवनीश राय ने स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि परियोजना का लाभ जल्द मिल सके।

जिले के तहसील दातागंज क्षेत्र के ग्राम सैजनी में निर्माणाधीन महिला पीएसी बटालियन के कार्यों का बुधवार को जिलाधिकारी अवनीश राय ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था के अभियंताओं व अधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्य मानक के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किए जाएं, ताकि परियोजना समय से जनता को समर्पित की जा सके। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि महिला पीएसी बटालियन के अनावासीय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि आवासीय भवनों का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में और तेजी लाई जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यों को हर हाल में पूर्ण किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने निरीक्षण के दौरान परियोजना की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि अनावासीय भवनों के निर्माण पर कुल 112.31 करोड़ रुपये की लागत आई है, जबकि आवासीय भवनों के निर्माण की कुल लागत 300.47 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आवासीय भवनों का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है और इसे जुलाई 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण स्थल पर नियमित निगरानी रखी जाए और कार्य की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की देरी होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। साथ ही श्रमिकों के लिए आवश्यक सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी के इस निरीक्षण से निर्माण कार्यों में और तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।


महिला पीएसी बटालियन निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी एवं अन्य।

## बाइक की टक्कर से ग्रामीण घायल, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत कनपरा और कसगंजा के बीच एक तेज रफ्तार बाइक ने ग्रामीण को जोरदार टक्कर मार दी। कढैया निवासी निर्विकार सिंह ने बताया कि उनके पिता देव प्रकाश 24 अप्रैल को कबीरपुर कसगंजा से घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे अनियंत्रित बाइक सवार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।हादसे में देव प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।


साफ हुई सड़क। -जागरण मोर्चा

# सड़क से मिट्टी हटवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खबर का असर**

**ओरछी, बदायूं।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले गांव खेड़ादास से बझेड़ा को आने जाने वाले सड़क पर बारिश के चलते फिसलन हो गई थी जिसकी खबर दैनिक जागरण मोर्चा अखबार ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी। जिसके बाद मामला अधिकारियों के संज्ञान में आते ही सड़क से मिट्टी हटवाने को कहा सड़क की मिट्टी किनारे करके सड़क साफ कर दी ग्रामीणों की समस्या का निस्तारण होने के बाद उन्होने दैनिक जागरण मोर्चा अखबार को धन्यवाद कहा।

# 'जय श्री राम', रघु शर्मा ने आईपीएल में पहला विकेट लेकर दिखाई पर्ची

### भावुक कर देंगे शब्द



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में मुंबई इंडियंस के लेग स्पिनर रघु शर्मा ने (4 मई) को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अपने करियर का पहला विकेट लेने के बाद अनोखे अंदाज में जश्न मनाया। अपने दूसरे आईपीएल मैच में रघु ने डेब्यू कर रहे अक्षत रघुवंशी को आउट करके अपना खाता खोला। 33 साल रघु ने रघुवंशी को फ्लाइटेड डिलीवरी की और अपनी ही गेंद पर शानदार कैच लपका। इसके बाद रघु ने अपनी जेब से एक कागज की पर्ची निकाली और उसे दिखाकर जश्न मनाया। रघु ने पर्ची पर जो बातें लिखी थीं वह भावुक कर देंगी। रघु शर्मा ने पर्ची पर लिखा था, 'राधे, राधे। बहुत दर्दनाक 15 साल गुरुदेव की कृपा से आज खत्म हो गए। मुझे यह मौका देने के लिए मुंबई इंडियंस (ब्लू एंड गोल्ड) का धन्यवाद। हमेशा आभारी रहूंगा। जय श्री राम।' रघु शर्मा ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया और 4 ओवर में 36 रन देकर 1 विकेट लिए। रघु का घरेलू करियर- रघु को काफी संघर्ष के बाद आईपीएल में खेलने का मौका मिला है। 2017 में डेब्यू करने के बाद से उन्होंने फर्स्ट-क्लास, लिस्ट ए और टी20 क्रिकेट मिलाकरक सिर्फ 30 मैच खेले हैं। जालंधर में जन्मे इस लेग-स्पिनर ने पंजाब और पुडुचेरी का प्रतिनिधित्व किया और 2017-18 रणजी ट्रॉफी में अपना फर्स्ट-क्लास डेब्यू किया। उन्होंने रेड-बॉल क्रिकेट में असरदार प्रदर्शन किया 12 मैचों में 57 विकेट लिए। रघु शर्मा को विकल्प के तौर पर मिला मौका- लिमिटेड ओवर्स के फॉर्मेट में रघु शर्मा ने 2024-25 विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान ध्यान खींचा। आठ मैचों में 14 विकेट लिए। उन्हें 2025 में सफलता मिली जब मुंबई इंडियंस ने उन्हें सीजन के बीच विकल्प के तौर पर जोड़ा। पहले फ्रैंचाइजी के साथ नेट बॉलर के तौर पर काम करने वाले शर्मा के 2026 में खेलने का मौका मिला।

# पूरन का 16 गेंद पर पचासा

- वैभव से निकले आगे, पावरप्ले में लखनऊ का सबसे बड़ा स्कोर

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सोमवार (4 मई) को लखनऊ सुपर जायंट्स के उप-कप्तान निकोलस पूरन को नंबर-3 पर बल्लेबाजी का मौका मिला। पूरन ने इस मौके का पूरा फायदा उठाते हुए बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने सिर्फ 16 गेंद पर



अर्धशतक जड़कर वैभव सूर्यवंशी को पीछे छोड़ दिया। निकोलस पूरन ने आईपीएल में 5वीं बार 20 से कम गेंद पर अर्धशतक जड़ा। वैभव ने चार बार ऐसा किया है। अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा 6 बार ऐसा किया है। 21 गेंद पर 8 छक्के और 1 चौके की मदद से 300 के स्ट्राइक रेट से 63 रन बनाने वाले पूरन का यह लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक था।

लखनऊ सुपर जायंट्स ने पावरप्ले में सबसे बड़ा स्कोर निकोलस पूरन की इस विस्फोटक पारी के कारण लखनऊ सुपर जायंट्स ने पावरप्ले में सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। इससे पहले 2023 में उसने 1 विकेट पर 80 रन बनाए थे। मुंबई इंडियंस के खिलाफ चौथी बार पावरप्ले में 90 या उससे ज्यादा का स्कोर बना।

### • रोहित की वापसी होते ही ...

# मुंबई की किस्मत पलटी

## 44 गेंद पर 84 रन बनाए, शर्माजी के छक्कों से रोमांचित दिखे दर्शक



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 47वें मैच में मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 228 रन बनाए। निकोलस पूरन ने बेहतरीन अर्धशतक जड़ा। 300 के स्ट्राइक रेस से रन बनाए। मुंबई इंडियंस ने 18.4 ओवर में 4 विकेट पर 229 रन बना लिए। चोट से

**• लखनऊ सुपर जायंट्स की लगातार छठी हार**



उबरने के बाद पांच मैच बाद वापसी करते हुए रोहित शर्मा ने शानदार पारी खेली और मुंबई इंडियंस को 14 दिन बाद जीत मिली। रयान रिकेल्टन ने भी बेहतरीन पारी खेली। इससे पहले 20 अप्रैल को गुजरात टाइटंस को हराया था। इसके बाद 3 मैच हारी थी। लखनऊ सुपर जायंट्स को लगातार छठी हार मिली। वह 9 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स से जीती थी। मुंबई इंडियंस ने इस जीत के साथ प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार रखीं। उसके छह अंक हो गए हैं।

लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए निकोलस पूरन ने 21 गेंद पर 63 रन बनाए। मिचेल मार्श ने 25 गेंद पर 44 रन बनाए। हिम्मत सिंह ने 31 गेंद पर नाबाद 40 और एडेन मार्करम ने 25 गेंद पर 31 रन बनाकर नाबाद रहे। ऋषभ पंत ने 15, जोश इंग्लिस ने 13 और अक्षत रघुवंशी ने 11 रन बनाए। मुंबई इंडियंस के लिए कॉर्बिन बॉश ने 2 विकेट लिए। एएम गजनफर, विल जैक्स और रघु शर्मा ने 1-1 विकेट लिए। मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा ने 44 गेंद पर 84 रन बनाए। रयान रिकल्टन ने 32 गेंद पर 83 रन बनाए। नमन धीर ने 12 गेंद नाबाद 23 और विल जैक्स ने 4 गेंद पर नाबाद 10 रन बनाए। तिलक वर्मा 11 और सूर्यकुमार यादव 12 रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए मणिमारन सिद्धार्थ ने 2 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और मोहसिन खान ने 1-1 विकेट लिए।

# एमएस धोनी की जानकारी देने की मेरी हैसियत नहीं

### CSK के कोच ने बताई अपनी 'मजबूरी

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने सोमवार (4 मई) को कहा कि महेंद्र सिंह धोनी टीम के साथ दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के लिए दिल्ली नहीं आए हैं। धोनी को लेकर जानकारी देने की हैसियत उनकी नहीं है। उन्होंने कहा कि धोनी ही जानते हैं कि वह कब खेलेंगे। हालांकि, वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। आईपीएल 2026 का आधे से ज्यादा सीजन हो चुका है और चेन्नई सुपर किंग्स 10वां मैच खेलने



वाली है, लेकिन अबतक धोनी नहीं खेले हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से एक दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एरिक सिमंस से पहला ही सवाल धोनी के खेलने को लेकर हुआ। उन्होंने कहा, 'महेंद्र सिंह धोनी को लेकर जानकारी देने की मेरी हैसियत नहीं है। वह हमारे साथ (दिल्ली में) नहीं है, लेकिन लगातार बेहतर हो रहे हैं। वह जब तैयार होंगे तब होंगे। वही जानते हैं कि वह खेलने के लिए कब तैयार होंगे।'

### अंशुल कम्बोज की तारीफ की

गेंदबाजों के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए सिमंस ने अंशुल कम्बोज की खूब तारीफ की, जिन्होंने मैच के हर फेज में प्रभाव डाला है और 17 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा, 'अंशुल काफी आगे बढ़ गए हैं। अंशुल ने इस सीजन में नहीं पिछले साल ही बेहतर करना शुरू किया था। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अलग-अलग एंगल पर काम किया और यॉर्कर को सटीक बनाया। हमने राउंड द विकेट शुरू किया है, जो अब कोई रहस्य नहीं है।

# दिल्ली के लिए अच्छी खबर, एनगिडी फिट

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल ने को कहा कि लुंगी एनगिडी 25 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ घरेलू मैच में लगी सिर की चोट से उबरकर मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। कैच लेने की कोशिश में सिर के बल गिरने के बाद एनगिडी को एंबुलेंस से तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इस चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका का यह तेज गेंदबाज दो मैच नहीं खेल पाया था। मुनाफ ने मंगलवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले कहा, 'सभी खिलाड़ी फिट हैं। लुंगी भी फिट हैं। उन्होंने दो मैच इसलिए नहीं खेले क्योंकि (सिर में चोट पर) छह दिन के आराम का नियम लागू होता है।' एनगिडी की वापसी से गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी। मिचेल स्टार्क भी टीम में शामिल हो गए हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सत्र के अपने पहले ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया।



### स्टार्क की मौजूदगी से फर्क पड़ेगा

पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स 264 रनों का बचाव करने में नाकाम रही। पंजाब किंग्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए नया रिकॉर्ड कायम कर जीत दर्ज की थी। मुनाफ ने कहा कि स्टार्क की मौजूदगी से निश्चित रूप से फर्क पड़ेगा।

# जॉन सीना की फिर WWE रिंग में वापसी

### BACKLASH से पहले बड़ा ऐलान; रेसलमेनिया में भी निभाई थी खास भूमिका

नई दिल्ली। WWE के दिग्गज रेसलर जॉन सीना को हाल ही में फैंस ने रेसलमेनिया 42 के दौरान होस्टिंग करते हुए माइक के साथ देखा था। सीना ने इससे पहले पिछले साल दिसंबर में आखिरी बार अपनी फाइट लड़ी थी। उसके बाद उन्होंने रिटायरमेंट का फैसला किया था। अब सीना एक बार फिर से रिंग में वापसी के लिए तैयार हैं। उनकी वापसी होगी इसी महीने होने वाले बैकलैश (BACKLASH) पीपीवी इवेंट में। इसका ऐलान एक्स पर पोस्ट करते हुए किया गया है। आपको बता दें कि बैकलैश 2026 का आयोजन 9 मई को होगा। इसका आयोजन फ्लोरिडा के टेम्पा स्थित बेंचमार्क इंटरनेशनल एरीना में होगा। इससे पहले एक्स पर रेसलिंग ऑप्स नाम के एक्स हैंडल ने खुलासा किया है। हालांकि, सीना का रोल क्या होगा यह अभी तय नहीं है। वह बतौर होस्ट भी नजर आ सकते हैं। साथ ही इस इवेंट में डैनहाउसेन का डेब्यू होने की भी जानकारी मिली है। एरिना की तरफ से भी खुलासा हुआ है कि जॉन सीना वापसी करेंगे।



### अंतिम मुकाबले में सीना को मिली थी हार

जॉन सीना ने पिछले साल 13 दिसंबर को अपनी आखिरी फाइट लड़ी थी। उन्होंने इसके बाद अपना रिटायरमेंट लिया था। रिटायर होने से पहले सीना ने कई पुराने चिर प्रतिद्वंद्वी सीएम पंक, एजे स्टाइल्स, ब्रॉक लैसनर और रैंडी ऑर्टन का सामना किया था। उनका सफर भी मिलाजुला रहा था। उनके करियर का अंत गुंथर के खिलाफ मैच में हार से हुआ था।

### कैसा रहा जॉन सीना का करियर?

जॉन सीना ने 2002 में अपना WWE के साथ करियर शुरू किया था। उनके पूरे रेसलिंग करियर की बात करें तो उन्होंने अपने करियर में 2320 मैचों में अभी तक रेसलिंग की और उसमें से 1818 मैच जीते। उन्होंने अपने करियर में 78.4 प्रतिशत मुकाबले जीते। जबकि सिर्फ 444 मैच वह हारे और 58 मुकाबले ड्रॉ हुए। WWE में सीना ने PPVs और PLEs मिलाकर कुल 178 फाइट लड़ीं जिसमें से 102 में उन्हें जीत मिली और 73 में हार। वह रिकॉर्ड 17 बार के WWE चैंपियन बने।

# शाहरुख खान हुए भावुक 'तुम सच में एक जादूगर हो'

### सुनील नरेन के लिए लिखा दिल छू लेने वाला पोस्ट

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान फिर अपने अंदाज से प्रशंसकों का दिल जीतते नजर आए। शाहरुख खान ने कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार ऑलराउंडर सुनील नरेन के लिए सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर की, जिसमें 15 साल के साथ, 200 से ज्यादा विकेट और कई यादगार पलों को याद किया। शाहरुख खान ने सुनील नरेन को 'जादूगर' बताते हुए उनके खेल ही नहीं, बल्कि टीम के साथ उनके रिश्ते की भी जमकर तारीफ की। इस पोस्ट में झलकता अपनापन यह दिखाता है कि कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए सुनील नरेन सिर्फ एक खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा भी हैं। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने अपनी पोस्ट में वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडरों में से एक सुनील नरेन के साथ अपने लंबे रिश्ते और उनके शानदार करियर को याद किया।



### सुनील मेरे दोस्त... हम तुम्हे अपने परिवार जितना ही प्यार करतें

शाहरुख खान ने अपनी पोस्ट में लिखा, ''सुनील, मेरे दोस्त... 15 सीजन साथ खेलने के लिए धन्यवाद। 200 से ज्यादा विकेट, तीन आईपीएल खिताब और कोलकाता नाइट राइडर्स के दुनिया भर में कई यादगार पल...!!! तुम सच में एक जादूगर हो और हम तुम्हें अपने परिवार जितना ही प्यार करते हैं। आज तुम्हें दिल से एक बड़ी वाली झप्पी... और यह अपनापन हमेशा बना रहे। अपना ख्याल रखना, स्वस्थ रहना और ऐसे ही हंसते-मुस्कुराते रहना!''

सुनील नरेन ने रविवार तीन मई 2026 को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने 200 विकेट पूरे किये। सुनील नरेन आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों गेंदबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर हैं। युजवेंद्र चहल पहले और भुवनेश्वर कुमार दूसरे नंबर पर हैं।




# ईरान पर शांति समझौते की आस में सराफा बाजार तेज, सोना 1.55 लाख व चांदी 2.54 लाख के पार

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** वैश्विक मोर्चे पर भू-राजनीतिक तनाव कम होने के सकारात्मक संकेतों ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सरार्फा बाजार में भारी हलचल पैदा कर दी है। वाशिंगटन और तेहरान के बीच महीनों से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक रूपरेखा समझौते पर मुहर लगने की उम्मीदों ने सोने और चांदी की मांग को अचानक से बढ़ा दिया है। इसके चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोने की कीमतों में 2,900 रुपये की भारी तेजी दर्ज की गई है।

ऑल इंडिया सरार्फा एसोसिएशन रा जारी आंकड़ों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,900 रुपये (लगभग 2 प्रतिशत) की मजबूत उछाल के साथ 1,55,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई है। मंगलवार को पिछले सत्र में यह 1,52,500 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, चांदी की कीमतों में भी लगातार तीसरे दिन शानदार तेजी जारी रही। चांदी 3,500 रुपये (1.4 प्रतिशत) चढ़कर 2,54,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,51,000 रुपये पर थी।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, बुलियन मार्केट की इस बंपर तेजी के पीछे मुख्य रूप से कूटनीतिक प्रगति और ऊर्जा बाजारों के बदलते समीकरण जिम्मेदार हैं:

अमेरिका-ईरान समझौताः रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देश 'वन-पेज एग्रीमेंट फ्रेमवर्क' के करीब पहुंच गए हैं, जिससे भू-राजनीतिक चिंताएं कम हुई हैं।

कच्चे तेल और डॉलर में गिरावटः इस कूटनीतिक सफलता की उम्मीदों ने कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिकी डॉलर में भारी गिरावट ला दी है। इसके परिणामस्वरूप ऊर्जा बाजारों से जुड़ी मुद्रास्फीति की चिंताएं कम हुई हैं, जिससे सुरक्षित निवेश के रूप में कीमती धातुओं की मांग बढ़ी है।

होर्मुज जलडमरूमध्यः इस संभावित समझौते से होर्मुज जलडमरूमध्य के अहम समुद्री मार्ग से ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार सुचारू होने की उम्मीदें बढ़ी हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार का समर्थनः वैश्विक स्तर पर हाजिर सोना 106.15 डॉलर (2.33%) उछलकर 4,663.70 डॉलर प्रति औंस पर आ गया है, जबकि चांदी 3.40 डॉलर (4.68%) की बड़ी छलांग के साथ 76.24 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज सीनियर एनालिस्ट सौमिल गांधी ने कहा कि कूटनीतिक तनाव कम होने से सोने में मजबूत रैली देखी गई, जिसने कीमती धातुओं पर दबाव डालने वाले वृहद कारकों को पूरी तरह से पलट दिया है।

एलकेपी सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतिन त्रिवेदी के मुताबिक, बाजार ने अमेरिका-ईरान के बीच एक पेज के समझौता ढांचे की ओर बढ़ने की खबर पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारी बढ़त के बावजूद, भारतीय रुपये की मजबूती ने घरेलू बाजार में सोने की तेजी को कुछ हद तक सीमित रखा है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।